फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 130 प्रभात जयपुर, सोमवार 11 दिसम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



THE JONGA, THE TANK AND THE TRAIN

NASA felt that this was the site of a very well-camouflaged "Rail Mobile" ICBM platform which nuclear India had developed. This report was forwarded to the Pentagon.

Facts About Snowflakes

Snowflakes have always fascinated the math and science world



*पक्षी जगत की सबसे बड़ी ठग है कोयल, वो अन्य पक्षियों के घोंसलों में उनके अंडों जैसे दिखने वाले अंडे देती है, ताकि उसे अपने बच्चों का पालन-पोषण ना करना पड़े। लेकिन, शोधकर्ताओं का कहना है कि, कम से कम एक पक्षी ऐसा है जो कोयल के इस धोखे से बच जाता है। अफ्रीकन ककू (कोयल) का अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने बताया कि, हालांकि, अफ्रीकन ककू दूसरे पक्षियों के अण्डे जैसे अंडे ही देती हैं लेकिन, चित्र में नज़र आ रहा फोर्क टेल्ड ड्रोंगो पक्षी बड़ी सटीकता से अपने घोंसले में रखे ककू के अंडों को ठुकरा देता है और इस काम में उसे 93.7 प्रतिशत सफलता मिलती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसका कारण यह है कि, अलग-अलग ड्रोंगो पक्षी बहुत विशिष्ट पैटर्न व रंग वाले अलग -अलग तरह के अंडे देते हैं। अफ्रीकन ककू इन पैटर्न और रंगों की नकल करने में, हालांकि, बहुत माहिर होती हैं लेकिन, किस ड्रोंगो घोंसले में कौन से पैटर्न का अण्डा देना है, इस काम में वो मात खा जाती हैं। उदाहरण के लिए, एक फोर्क टेल्ड ड्रोंगो के भूरी चित्ती वाले अण्डे हो सकते हैं और दूसरे के काली चित्ती वाले। हालांकि, अफ्रीकन ककू हर पैटर्न की हूबहू नकल कर सकती है, लेकिन, वो भूरी चित्ती वाले घोंसले में काली चित्ती वाले अंडे दे सकती है। इससे ड्रोंगो पक्षी को ककू की धोखाधड़ी पहचनने में बहुत आसानी हो जाती है। शोध की प्रथम लेखिका, युनिवर्सिटी ऑफ केम्ब्रिज की जैसिका लुंड ने यह शोध किया है, जो जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसायटी बी में प्रकाशित हुआ है। नतीजों से पता लगा है कि, हालांकि ककू ड्रोंगो के अंडे जैसे अंडे देती है पर ड्रोंगो द्वारा ककू के अंडे रिजैक्ट करने की संभावना 94 प्रतिशत से अधिक होती है।*

# "लीडरशिप", नेतृत्व प्रदान करने व राजनीतिक चतुराई में फर्क है, अशोक भाई!

-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-

- **राजनीतिक चतुराई से पी.सी.सी. को निष्क्रीय व मृत प्रायः करना पार्टी में "लीडर शिप" की दृष्टि से आत्मघाती साबित हुआ।**
- **राजनीतिक चतुराई केवल लाभ व हित देखती है, स्थायी या लाँग टर्म हित उसके सोच के बाहर होते हैं।**
- **विधायक को क्षेत्र का मुख्यमंत्री घोषित करने से मुख्यमंत्री के प्रति वफादार तो हो गये, पर, दुष्परिणाम क्षेत्र की जनता ने झेला।**

जयपुर, 10 दिसम्बर। बड़ी चतुराई से अशोक गहलोत ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के कारणों पर मंथन व चर्चा व हार की जिम्मेवारी तय करने के प्रयास को उड़ा दिया, यह कहकर कि, हार हुई ही कहां है, भाजपा तो जनता को ध्रुवीकरण के जाल में फंसा कर, फरेब से जीत गयी। राजनीतिक चतुराई से वे, व्यक्तिगत तौर पर, इस मुद्दे पर राजनीतिक आलोचना से हमेशा की तरह से बच गये। पर, क्या, हाईकमान के समक्ष हुई इस बैठक का मकसद केवल बहस न होने देना और लीपा-पोती करना ही था या मंथन करके हार के सही कारणों को जानकर उस पर पार्टी के लिये आगे के रास्ते की दिशा तय करना?

इसी प्रकार, सचिन पायलट को पार्टी में सही, जिम्मेवार पद संभालने से रोकना, उनकी व्यक्तिगत राजनीति के लिये शायद अहमियत रखता था, पर, पार्टी को युवा नेतृत्व से वंचित रखना किसी भी दृष्टि से, राजनीतिक नेतृत्व प्रदान करने या लीडरशिप का रोल तो नहीं माना जा सकता।

यह ही रणनीति अशोक भाई ने तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष गिरिजा व्यास के साथ निभायी थी, जब अशोक भाई पहली बार मु.मंत्री बने थे। अशोक भाई ने पी.सी.सी. को "फण्ड्स" (आर्थिक साधनों) के लिये तड़पा-तड़पा कर मृत प्राय कर दिया था, गिरिजा व्यास अक्सर रोया करती थीं कि, मेरे पास तो पी.सी.सी. में आने वाले लोगों का चाय पिलाने के भी पैसे नहीं हैं, पी.सी.सी. की स्टेशनरी कैसे छपवाऊं। जैसा कि, विदित ही है, सदा से कांग्रेस की परम्परा रही है कि, पी.सी.सी. का खर्चा, पार्टी के मुख्यमंत्री ही उठाते आए हैं, क्योंकि पी.सी.सी. के पास खुद तो "रैवेन्यु" इक्ट्ठा करने की कोई व्यवस्था नहीं है तथा अगर प्रदेशाध्यक्ष चंदा इकट्ठा करने लगे, खर्च के लिए, तो उस पर बदनामी का ठीकरा आसानी से फोड़ा जा सकता है। राजनीतिक चतुराई से, गिरिजा व्यास तो शिकस्त हो गयीं तथा पी.सी.सी. निष्क्रिय व मृत प्रायः हो गयी, पर, दूरगामी दृष्टि से पार्टी में "लीडर शिप" की दृष्टि यह से आत्मघाती साबित हुआ। जब इस दौर के बाद विधानसभा चुनाव आए, तो नेता ढूंढ़ते रहे, पी.सी.सी. में या अन्यत्र, कांग्रेस के कार्यकर्ता कहीं भी नज़र नहीं आये और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अभाव में पार्टी विधानसभा चुनाव बुरी तरह हारी।

राजनीतिक चतुराई की नीति की विशेषता यह भी है कि, यह रास्ता तत्कालिक लाभ व हित देखता है। स्थायी या लांग टर्म (दीर्घकालिक) हित उसके सोच के बाहर होता है। अशोक भाई ने दर्जनों नये जिले बनाये, पर, उससे प्रशासनिक लाभ कितना होगा, इसके बारे में योजना बनाते समय सोचा नहीं गया और अभी भी सरकार के एजेण्डा में यह नहीं है। इसी प्रकार विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, जैसे चिरंजीवी या प्राइवेट अस्पतालों मे सभी मरीजों को मुफ्त इलाज, जिसमें मुफ्त दवाई व ऑपरेशन व एम्बुलैंस आदि की सुविधा भी शामिल हैं, का कभी प्रशासनिक व वित्तीय मूल्यांकन नहीं हुआ। अतः बजटीय प्रावधान भी नहीं है। ऐसा लगता है कि, शायद इन योजनाओं और घोषणाओं का मकसद तो चुनावी लाभ लेना ही था। आज तक यह आकड़ा नहीं दे पायी सरकार कि, कितने मरीज इन योजनाओं का वास्तव में लाभ उठा सके।

इसी प्रकार तत्कालीन विधायक को प्रशासनिक दृष्टि से उनके क्षेत्र का मु.मंत्री घोषित करना भी राजनीतिक चुतराई तो जरूर थी। तथा इस घोषणा से कांग्रेस या विपक्ष के विधायक तो जरूर मु.मंत्री के प्रति वफादार हो गये, पर, इस क्षेत्र का "मु.मंत्री" होने की घोषणा करने का दुष्परिणाम क्षेत्र की जनता ने झेला। जिसका खामियाज़ा विधायक, सरकार व जादूगर को भोगना पड़ा चुनाव में। जन प्रतिनिधि ने जमकर पैसा कमाया, और सरकारी मशीनरी ने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ADMISSION CLOSING SOON
B.A.-LL.B.
BIYANI LAW COLLEGE (Co-Ed.)
Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur
Helpline : +91-7737823249

## अलवर में एक दर्जी को मिली पी.एफ.आई. की चिट्ठी, जान से मारने की धमकी दी

### चिट्ठी में 31 दिसम्बर को दुकान खाली नहीं करने पर बम से नष्ट करने की बात कही है

- **दर्जी सोहन लाल को धमकी का पत्र डाक से 13 दिन पहले मिला था।**
- **पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर जाँच शुरु कर दी है।**

अलवर, 10 दिसम्बर। अलवर में एक दर्जी को पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) की चिट्ठी मिली है, जिसमें उसे जान से मारने की धमकी दी गई है।

जानकारी के अनुसार, अलवर जिले में यह दर्जी, सोहनलाल जाटव अलवर के सदर थाना इलाके में दर्जी की दुकान चलाता है। पीएफआई के नाम से धमकी की चिट्ठी मिलने के बाद से दर्जी सोहन लाल के होश उड़े हुए हैं। इस चिट्ठी में जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सोहनलाल को यह धमकी भरी चिट्ठी डाक के जरिए 13 दिन पूर्व प्राप्त हुई थी। राजस्थान में दूसरा मौका है जब किसी टेलर को धमकी मिली है। इससे पहले उदयुपर के एक टेलर कन्हैया लाल जान से मारने की धमकी मिली थी। जिसके कुछ दिनों बाद दो लोगों ने उसकी दुकान पर कपड़े का नाप देने के बहाने कन्हैया लाल की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मामला बहुत गंभीर बताया जा रहा है। चिट्ठी को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित दर्जी सोहन लाल ने सदर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद से पुलिस अलर्ट हो गई है और मामले की जांच में जुट गई।

दर्जी सोहनलाल ने बताया कि चिट्ठी 13 दिन पहले डाक के माध्यम से मिली थी। बताया जा रहा है कि, चिट्ठी में लिखा है कि, सोहनलाल टेलर मेरी बात को अच्छी तरह से समझ लेना। यह जो तेरी दुकान है यह जगह मुसलमानों की है। सरदार और रोहिताश कुम्हार की दुकान भी मुस्लिम इलाके में है। हमें सरपंच और आस पास के लोगों ने बताया है कि यह सारी जगह मुस्लिम भाइयों की है। आपने इन सभी पर कब्जा कर रखा है। तुम्हारे से पहले धीरज से बोल रहा हूं कि आप इस जगह की सही कीमत ले लो और इसे खाली करो। अगर खाली नहीं किया तो आपको पता होना चाहिए कि आखिर मैं कौन हूं। पीएफआई आपको 31 दिसंबर तक का समय दे रहा है, नहीं तो पीएफआई को पूरी दुनिया जानती है। एक रात में बम से सब नष्ट कर दूंगा।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## कश्मीर में सर्दी बढ़ी

श्रीनगर, 10 दिसंबर। जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में रविवार को तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे कश्मीर घाटी में और कड़ाके की ठंड बढ़ गयी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

जम्मू- कश्मीर में आज मौसम शुष्क रहने और 11-16 दिसंबर तक आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं। श्रीनगर में रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

पहलगाम में पिछली रात शून्य से कम 5.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में पिछली रात शून्य से कम 2.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और कोकेरनाग में एक दिन पहले दर्ज किए गए शून्य से कम 2.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 2.0 डिग्री

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## भाजपा विधायक दल की बैठक मंगलवार को

### राजनाथ सिंह सोमवार को राष्ट्रपति के लखनऊ दौरे के कारण उस दिन जयपुर नहीं आ सकेंगे

- **चार दिन के दौरे के बाद वसुंधरा राजे रविवार को जयपुर लौटीं।**
- **विधायकों को जयपुर में रूक कर बैठक की सूचना का इंतजार करने को कहा गया है।**

जयपुर, 10 दिसम्बर। राजस्थान में मुख्यमंत्री के चयन के लिए भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक अब मंगलवार को होने की संभावना बताई जा रही है।

बैठक के लिए नियुक्त किए गए केंद्रीय पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को राष्ट्रपति के लखनऊ दौरे के कारण वहां व्यस्त रहेंगे। जिसके कारण अब बैठक मंगलवार को होगी। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 4 दिन के दिल्ली दौरे के बाद रविवार को जयपुर लौट आई हैं और यहां उनके लौटते ही कई विधायकों ने उनके साथ मुलाकात की। राजस्थान में मुख्यमंत्री के चयन के लिए विधायकों की बैठक का मामला लगातार लंबा होता जा रहा है। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद यह बैठक रविवार को होने की संभावना थी। इस हिसाब से पार्टी के विधायक शनिवार को जयपुर पहुंच भी गए थे। लेकिन बैठक का कार्यक्रम नहीं आया। इसके बाद सोमवार की बात सामने आई। खुद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में इस बात के संकेत दिए थे कि सोमवार को बैठक हो सकती है लेकिन अब बताया जा रहा है कि सोमवार को भी बैठक नहीं होगी और यह मामला मंगलवार तक टल सकता है।

इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को लखनऊ जाएंगी जो केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह का निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसे में राजनाथ सिंह का जयपुर आना संभव नहीं बताया जा रहा है। हालांकि पार्टी सूत्र सोमवार की बात से अभी भी इनकार नहीं कर रहे हैं लेकिन सोमवार को मध्य प्रदेश में विधायकों की बैठक प्रस्तावित है ऐसे में ज्यादा संभावना मंगलवार की ही बताई जा रही है। विधायकों के पास भी अभी तक सोमवार के लिए फोन नहीं गए हैं उन्हें सिर्फ यही कहा गया है कि किसी भी समय उनके पास सूचना आ सकती है।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रविवार को जयपुर लौट आईं हैं। वे 6 दिसंबर को दिल्ली गईं थीं और इस दौरान वहां उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं से मुलाकात भी की।

रविवार को जयपुर लौट के बाद पार्टी के कई विधायक उनसे मिलने के लिए उनके निवास पर पहुंचे। इनमें ज्यादातर वही नाम थे जो वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थकों में माने जाते हैं। वसुंधरा से मिलने वाले विधायकों में बहादुर सिंह कोली, अजय सिंह किलक, अंशुमान सिंह भाटी, के.के . विश्नोई, पुष्पेंद्र सिंह, बाबू सिंह राठौर, श्रीचंद्र कृपलानी, कैलाश वर्मा आदि शामिल थे।

## टैंकर से टकराने के बाद कार सवार 8 लोग जिंदा जले

- **बरेली-नैनीताल हाईवे पर टायर फटने से असंतुलित हुई कार डिवाइडर फांदकर डम्पर से टकराई।**
- **आग लगने से कार में सवार आठों व्यक्तियों की जल कर मृत्यु हुई।**

बरेली, 10 दिसंबर। उत्तर प्रदेश में बरेली-नैनीताल हाइवे पर डंपर से टकराने से एक कार में आग लग गई है, जिससे कार में सवार सभी आठ लोग जिंदा जलकर मर गए।

बरेली में भोजीपुरा थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर शनिवार देर रात यह भीषण हादसा हुआ। बरेली से बहेड़ी की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ती लगेगी

जौनपुर, 10 दिसम्बर। महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर में स्थापित की जा महाराणा प्रताप की मूर्ति की भव्यता और पार्क के सुंदरीकरण का रविवार को जायजा लिया।

राजपूत सेवा समिति द्वारा जौनपुर के कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित की जा रही महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 15 दिसम्बर के बाद कभी भी किया सकता है। कृपाशंकर सिंह ने बताया कि बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति जौनपुर ही नही अपितु पूरे पूर्वांचल की शान होगी।

चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति 13 फीट ऊंची और लगभग 9 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित हो गयी है। मूर्ति व पार्क के चारों तरफ सुंदरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, जो दो या तीन दिवस में पूरी हो जाएगी।

# 'कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण जोधपुर जिले में पिछला परिणाम नहीं दोहरा पाये'

### हार के कारणों पर मंथन करने के लिये जोधपुर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई

- **शहर की कई सीटों पर गलत टिकट वितरण पर विरोध जताया गया।**
- **जालौरी गेट दंगों का भी चुनाव पर प्रभाव माना।**

जोधपुर, 10 दिसम्बर। (कासं)। विधानसभा चुनाव में हार के बाद रविवार को जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यालय में हुई बैठक हंगामेदार रही। बैठक के दौरान हार के कारणों पर मंथन को लेकर संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ते नजर आए।

चुनाव में हुई हार को कार्यकर्ताओं ने गलत टिकट वितरण, जालोरी गेट विवाद, कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिलना आदि कारण बताए। कई मुद्दों पर कार्यकर्ता आपस में उलझते दिखे। इस दौरान टिकट वितरण में कार्यकर्ताओं की राय को महत्व नहीं देने और विकास कार्यों को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक दूसरे की टांग खींचते नजर आए।

बैठक में कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारियों ने एक दूसरे पर हार की जिम्मेदारी डालते हुए कारण गिनाए। जहां संगठन पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं की निष्क्रीयता को लेकर सवाल उठाए तो कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों नहीं होने को हार का कारण बताया।

पूर्व पार्षद राजेश बोराणा ने आरोप लगाया कि सीएम से मिलने के लिए जाते तो उनके अधिकारी मिलने नहीं देते थे। ऐसे में अपनी बात किसे बताते। संगठन भी इस बात पर कोई मदद नहीं करता था। सीएम के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा को लेकर कहा- ऐसे लोगों को पार्टी ने महत्व दिया। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की। इसलिए इस चुनावों में जोधपुर जिले में पिछला परिणाम नहीं दोहरा पाए।

बैठक में दोनों जिलाध्यक्ष उत्तर व दक्षिण नरेश जोशी, सलीम खान, महापौर कुंती देवड़ा, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, राजेंद्र सिंह सोलंकी सहित कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान शहर की कई सीटों पर गलत टिकट वितरण को लेकर भी कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया।

बैठक में जोधपुर जिले की दस विधानसभा सीटों के नतीजों को लेकर मंथन किया गया। कई कार्यकर्ताओं और पूर्व विधायक मनीषा पंवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा को भी एक कारण माना। जोधपुर में हुई सभा में योगी ने जालोरी गेट दंगो का भी जिक्र किया और झूठ फैलाया गया जिससे जनता में गलत भ्रम फैला जिसका असर सरदारपुरा की सीट पर भी हुआ और वहां पहले के मुकाबले जीत का अंतर कम हुआ है।

राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल ने कहा कि अगर कार्यकताओं की अनदेखी होती है तो ये बहुत चिंता की बात है। बिना कार्यकताओं के कोई चुनाव नहीं जीता जा सकता है। कार्यकर्ता सिर्फ मान सम्मान का भूखा है और छोटे मोटे काम करवाता है और अगर वहीं नहीं होते है कार्यकताओं में निराशा होती है। हमें इसके लिए सोचना चाहिए और कार्यकर्ता अगर दूर हुए है तो उनकी नाराजगी दूर भी होनी चाहिए। सब कुछ भूलकर हमे आगे बढ़ना होगा। अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने सभी को एकजुट होकर मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आहवान किया।

## ट्रक-कार टक्कर में दुल्हा-दुल्हन की मौत

रायपुर, 10 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चापा जिले में आज ट्रक एवं कार में हुई भीषण टक्कर में कार में सवार दूल्हा-दुल्हन समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बलौदा का एक परिवार शादी के बाद वापस शिवरी नारायण लौट रहा था। जिस कार में दूल्हा-दुल्हन और परिवार के लोग सवार थे उसकी ट्रक से भीषण टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि, कार के परखच्चे उड़ गए और कार में आग भी लग गई।कार में सवार चार लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और गंभीर रूप से घायल दूल्हे को निकाल कर पामगढ़ अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।दुर्घटनाग्रस्त कार में चार शव अभी फंसे हुए हैं, जिन्हें पुलिस निकालने का प्रयास कर रही है।

## विचार बिन्दु

साधारण लोग अपनी हर बुराई का दोषी किसी और को ठहराते हैं, अल्पज्ञानी स्वयं को, पर ज्ञानी किसी को नहीं। –इपिक्टेटस

# एक नागरिक के रूप में हम कितने असहाय हैं!

पांच राज्यों में विधान सभाओं के चुनाव संपन्न हो गए, परिणाम भी आ गए और अब, जब कि मैं ये पंक्तियां लिख रहा हूं, और जब आप मेरा लिखा पढ़ रहे होंगे तब भी, दो राज्यों में जहां मुख्यमंत्री घोषित हो चुके हैं शेष बचे तीन में से किस–किस राज्य में कौन मुख्यमंत्री बन रहा है, यह रहस्य शायद बना ही हुआ होगा। चुनाव के बाद, जैसा हमेशा होता है विश्लेषक गण हमें यह बताने के लिए ओवरटाइम कर रहे हैं कि जो हुआ वह क्यों हुआ, और जो नहीं हुआ वह क्यों नहीं हुआ। इनको पढ़ते हुए लगता है कि ये सब कुछ जानते थे, और अगर इनकी सलाह ली गई होती तो जो हारे वे हारते नहीं, और जो जीते वे जीतते नहीं। अब यह बात अलग है कि अपनी सारी विशेषज्ञता ये चुनाव परिणाम आने के बाद बता रहे हैं। असल में हमारे यहां पूरी चुनाव प्रक्रिया की एक रिवायत बन गई है और हर चुनाव के बाद पूरे भक्ति भाव से उसका निर्वाह होता है। जीत–हार का विश्लेषण उसी प्रक्रिया का एक हिस्सा है। इसी प्रक्रिया का एक और अध्याय है विधायकों द्वारा अपने नेता का चुनाव। हर दल को चाहे वह चुनाव में बहुमत ला सका हो या अल्पमत में रहा हो, अपने नेता का चुनाव तो करना ही होता है। बहुमत वाले दल के नेता को महामहिम राज्यपाल सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं और अल्पमत वाले दल के नेता को, अगर वह दल कुछ आवश्यक शर्तें पूरी करता है, विपक्ष के नेता का दर्ज़ा मिलता है। सैद्धांतिक रूप से तो निर्वाचित विधायकों को अपने नेता का चुनाव करना चाहिए, और इसीलिए विधायक दल की बैठक आयोजित भी की जाती है, लेकिन पिछले काफी समय से हो यह रहा है कि विधायक गण एक वाक्य का प्रस्ताव पारित कर अपने दायित्व की इतिश्री मान लेते हैं। ऐसा सभी दलों में होने लगा है। प्रस्ताव यह होता है कि हम अपने नेता के चयन का फैसला हाई कमान पर छोड़ते हैं! नेता विधायकों को चुनना था लेकिन उनकी त्याग भावना देखिए कि वे अपना अधिकार केंद्रीय नेतृत्व को खुशी–खुशी सौंप देते हैं। यह अलग–अलग तरीकों से होता है। कभी प्रस्ताव पारित करने की भी ज़रूरत नहीं पड़ती। केंद्रीय नेतृत्व अपना पर्यवेक्षक भेज देता है जो निर्वाचित विधायकों को बता देता है कि अमुक जी को नेता चुनना है, और पार्टी के वे सारे वफादार सैनिक वैसा ही करते हैं। इस बार यह प्रक्रिया थोड़ी अलग हुई है। केंद्र ने तीनों राज्यों में अपने पर्यवेक्षक भेजे हैं जो विधायकों की राय जानेंगे, और उसके बाद फैसला दिल्ली से घोषित होगा। बात यहीं ख़त्म नहीं हो जाती है। ऐसा बहुत कम होता है कि बाद के कामों में, जिनमें मंत्री मण्डल का गठन सबसे पहले आता है, उस तथाकथित चुने हुए नेता को अपने विवेक का इस्तेमाल करने की छूट मिले। इसके लिए भी उसे केंद्रीय नेतृत्व ही निर्देश प्रदान करता है और वह एक बार फिर पार्टी का वफादार कार्यकर्ता होने का सबूत देता है। हो सकता है, पढ़ते हुए आपको भी यह सब हास्यास्पद और जनतंत्र का उपहास लगे, लेकिन होता यही है। जो भी दल सत्ता में रहे हैं, वे करीब–करीब यही करते हैं।

सोचने की बात यह है कि जब शुरुआत ही इस बात से होती है कि नेता के चयन में विधायकों की कोई भूमिका नहीं होती है, तो आगे नीति निर्माण में, जिसके लिए उन्हें चुना जाता है, उनकी कितनी चलती होगी? उन्हें तो हर कदम पर पार्टी के वफादार कार्यकर्ता होने का फर्ज़ अदा करते रहना होगा।

गड़बड़ की शुरुआत इससे भी पहले हो जाती है। कोई पार्टी किसे टिकट देगी, यह शायद किसी को भी पता नहीं होता है। आखिरी क्षण तक रहस्य बना रहता है, और फिर अचानक फैसला सामने आता है। बताना अनावश्यक है कि उस फैसले की डोर किनके हाथों में होती है। इसके बाद शुरू होता है अनुमानों का दौर कि क्यों किसी को टिकट मिला और क्यों किसी का टिकट कटा। कोई भी दल कोई सुनिश्चित और पारदर्शी प्रक्रिया नहीं अपनाता है। यह अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसलों में आला कमान की भूमिका बड़ी होती है। अब आला कमान भी एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो सदा रहस्य के आवरण में दबी–ढकी रहती है। एक पार्टी दूसरी पार्टी के आला कमान की आलोचना और उसका उपहास करती है लेकिन करती ख़ुद भी वैसा ही है। परिभाषित भले ही न हो, यह सब को मालूम होता है कि आला कमान कौन है!

**क्या कभी कोई निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपने मतदाता से उसका दुख-दर्द पूछता और उनका निवारण करने के प्रति सचेष्ट पाया जाता है? जितनी तत्परता ये जन प्रतिनिधि अपनी सुख-सुविधाओं वेतन भत्तों को बढ़वाने में दिखाते हैं क्या उस तत्परता का एक बहुत छोटा अंश भी वे अपने मतदाता की सुख-सुविधाओं की सुनिश्चितता के लिए प्रदर्शित करते नज़र आते हैं?**

अब तक हमने बात की विधायकों के एंगल से। अब ज़रा इस पूरी प्रक्रिया को मतदाता के एंगल से भी देखें। क्या मतदाता के सामने वाकई कई विकल्प होते हैं जिनमें से वह किसी को चुन सके? मतदाता उम्मीदवार को वोट देता है या पार्टी को? अगर वह उम्मीदवार को देता है तो उसके निर्णय का आधार क्या होता है? क्या वह जाति या धर्म को देखकर वोट देता है? क्या वह उम्मीदवार की शिक्षा, उसके आचरण, उसकी सुलभता, उसकी सेवा भावना, उसकी ईमानदारी, उसकी सादगी, उसकी सहजता वगैरह को देखकर वोट देता है? इनमें से ज़्यादातर बातों का पता किसी मतदाता को कैसे लगता है? क्या मतदाता कभी यह भी सोचता है कि विधायकी के पांच सालों में उसके विधायक का वैभव किस जादू से बढ़ा है?

क्या मतदाता, अगर उसे पता चल भी जाए कि उसके सामने मौज़ूद प्रत्याशी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है, तो वह उस प्रत्याशी विशेष को वोट नहीं देता है? क्या एक नागरिक किसी ऐसे प्रत्याशी को वोट देने में तनिक भी नहीं हिचकिचाता है जो व्यक्तिगत रूप से तो उसकी पसंद की कसौटी पर खरा उतर रहा है, लेकिन जो एक ऐसे दल से चुनाव लड़ रहा है जिसकी घोषित नीतियां उसे पसंद नहीं है? और क्या मतदाता कभी भी इस बात से हैरान परेशान नहीं होता है कि अपने राजनीतिक जीवन का बड़ा हिस्सा किसी एक दल में बिताने वाला कोई प्रत्याशी उस दल का टिकट न मिलने पर पल भर में अपनी निष्ठा बदल कर उस दल का गुणगान करने लग जाता है जिसे अब तक वह पानी पी–पी कर कोसा करता था!

क्या तब मतदाता के मन में पल भर को भी यह बात नहीं आती है कि जो प्रत्याशी इस तरह अपनी निष्ठा बदल सकता है, उसको वोट क्यों दिया जाए? और अगर कोई पार्टी को देखकर वोट दे रहा है तो उसके निर्णय का आधार क्या बातें होती हैं? क्या वह यह देखता है कि उस पार्टी विशेष की कौन कौन–सी नीतियां उसके हित की हैं? क्या वह एकाधिक पार्टियों की नीतियों की तुलना करता है? क्या पार्टियां अपनी नीतियों की स्पष्ट घोषणा करती हैं? क्या एक नागरिक यह भी देखता है कि जिस पार्टी को वह वोट दे रहा है उसकी कथनी और करनी में कोई अंतर तो नहीं है? क्या वह यह भी देखता है कि चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने का उस दल विशेष का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा है? क्या वह यह सब न करके पार्टी के किसी एक नेता की छवि पर मुग्ध होकर उसके पक्ष में मतदान करने का फैसला कर लेता है? अगर वह ऐसा करता है तो क्या वह यह भी सोचता है कि जिस छवि पर वह मुग्ध हुआ है वह छवि कितनी असली है और कितनी संचार माध्यम निर्मित और प्रचारित है!

क्या मतदाताओं को यह भी एहसास है कि अपने देश–प्रदेश के भाग्य निर्धारण में उनकी क्या भूमिका है? और क्या यह भूमिका पांच बरस में एक बार बायें हाथ की उंगली पर अमिट स्याही लगवा लेने से आगे भी है। क्या उसके भाग्य विधाता पांच बरस में कभी भी उससे पूछते हैं कि बता तेरी रज़ा क्या है? किन चीज़ों पर टैक्स लगाया जाए और किन पर छूट दी जाए? कहां सड़क बनवाई जाए और कहां स्कूल खोला या क्रमोन्नत किया जाए? क्या कभी कोई निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपने मतदाता से उसका दुख–दर्द पूछता और उनका निवारण करने के प्रति सचेष्ट पाया जाता है? जितनी तत्परता ये जन प्रतिनिधि अपनी सुख–सुविधाओं वेतन भत्तों को बढ़वाने में दिखाते हैं क्या उस तत्परता का एक बहुत छोटा अंश भी वे अपने मतदाता की सुख–सुविधाओं की सुनिश्चितता के लिए प्रदर्शित करते नज़र आते हैं? अगर हां, तो क्या लोग उसी जन प्रतिनिधि को फिर से चुन लेते हैं? और अगर नहीं तो क्या वे कभी उससे कोई सवाल भी करते हैं? बहुत बार यह भी होता है कि एक व्यक्ति किसी ख़ास जगह से चुनाव जीत कर पूरे पांच साल गायब रहता है और फिर उसकी पार्टी उसे किसी और जगह से टिकट दे देती है, ताकि वह वहां के मतदाताओं को भी छल सके। इस संचार बहुल समय में भी मतदाता क्या इस जानकारी का कोई सार्थक उपयोग करते हैं?

अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे तो बहुत बार बड़ी निराशा होती है। मुझे लगता है कि हमारे यहां लोकतंत्र नाम मात्र को है, दिखावटी है। हम मौके–बेमौके उस पर गर्व करते हैं, लेकिन यथार्थ उतना खुशनुमा नहीं है। एक नागरिक के रूप में हम तो बेबस और लाचार हैं ही, अब तो यह भी देख रहे हैं कि जिन्हें हमने चुना है वे भी हमारी ही तरह बेबस और लाचार हैं! अंतर है तो बस इतना कि कम से कम उनके पास भौतिक संसाधनों का वैसा अभाव नहीं है जैसा दारुण अभाव उन्हें चुन कर भेजने वाले हम मूक नागरिकों को आए दिन सहना पड़ता है!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# दुनिया का सबसे ऊंचा एवं लंबी दूरी तय करने वाला ''डेलमेसियन पेलिकन पक्षी'' मोरेल बांध पहुंचा

## ''डेलमेसियन पेलिकन पक्षी'' यूरोप, साइबेरिया से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर पहुंचता है मोरेल बांध

**मंडावरी, (निसं)।** क्षेत्र में जैसे–जैसे तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है उसी के अनुरूप मोरेल बांध में विभिन्न नामचीन प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। मोरेल बाध पर तापमान गिरावट होने के साथ दुनिया का सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने एवं लंबी दूरी तय करने वाला डेलमेसियन पेलिकन पक्षी यूरोप साइबेरिया से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर करीब 80 से 100 की संख्या में बांध पर खुद की मौजूदगी दर्ज कर रहा है। शीत ऋतु परवान चढ़ते ही मोरेल बांध पर प्रवासी पक्षियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

मोरेल बांध पर पिछले लंबे समय से प्रवासी पक्षियों का डेटा संधारण का कार्य कर रहे राजकीय कन्या महाविद्यालय लालसोट के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि मोरेल बांध पर इन दिनों अन्य पक्षियों के साथ विश्व के सबसे बड़े उड़ने वाले जलीय पक्षी डेलमेसियन पेलिकन जिन्हें सामान्य रूप से हवासील भी कहते है। लगभग 80 से 100 की संख्या में विचरण करते दिखाई दे रहे है। डेलमेसियन पेलिकन आई यू सी एन की रेड डेटा लिस्ट में वल्नरेबल श्रेणी में रखे गए है। ऐसे में इनके संरक्षण हेतु यह बांध अपनी महती भूमिका निभा रहा है। ये पक्षी अपने भारी भरकम शरीर और लंबी थैलियुक्त चोंच के कारण बड़े आकर्षक लगते है। ये शीतऋतु में जब यूरोप और साइबेरिया में बर्फ गिरती है तो ये पक्षी भारत मे हजारो किलोमीटर की यात्राकर प्रवास पर आते है।



**मोरेल बांध पर सबसे ऊंची उड़ान भरने वाले लंबी दूरी तय कर मंडल बांध पहुंच प्रवासी पक्षी ''डेलमेसियन पेलिकन''।**

पक्षी विशेषज्ञ प्रोफेसर पहाड़िया के अनुसार पिछले वर्ष भी दिसंबर में इनकी संख्या देखी गई थी। वही इस बार भी लगभज 100 के करीब दिखाई दे रही है। इससे यह अनुमान है कि अभी इनकी संख्या में और इजाफा हो सकता है। मोरेल बांध का वातावरण इन प्रवासी पक्षियों को रास आ रहा है। यही कारण है कि बांध पर बड़ी संख्या में विभिन्न प्रवासी पक्षी खुद की मौजूदगी बनाकर पर्यटकों को एवं पक्षी प्रेमियों को खुद की ओर आकर्षित कर रहे हैं। अब तक यहां पलास गल, ब्लेक हेडेड गल, रूड़ी शेल्डक, नोबबिल्ड डक, स्पूनबिल, रिवर टर्न, व्हिसकर टर्न, ब्लेक टेल्ड गोडविट, रफ, ठो हेरोन, परपल हेरॉन, इंडियन स्पोटबिल डक, लिटिल रिंग प्लोवर, ऑस्प्रे, सेंडरलिंग, कॉमन टील,ठोट व्हाईट पेलिकन, गेडवेल, व्हिसकर नॉर्दन शॉवलर , रूडी शेल्डक आदि जलीय पक्षी हजारों की संख्या में आगमन हो चुका है।

प्रोफेसर पहाड़िया के प्रयास से ही पिछले साल से बांध में आठ फिट पानी रिजर्व रखने के आदेश जारी हुए थे। अब ज्यादा पानी इस बांध में रिजर्व रहने के कारण जलीय जीव लंबे समय यहां पर प्रवास कर पाएंगे। इस बांध की समृद्ध जैवविविधता के कारण इसे कंजेर्वेशन रिजर्व घोषित किया जाना चाहिए। वहीं स्थानीय किसानों द्वारा कहा गया कि लंबे समय से यहां मोरेल बंद पर सुरक्षित माहौल के चलते ख्यात नाम प्रवासी पक्षी यहां पहुंचते हैं एवं जिन पर्यटकों को यहां के बारे में पता है वह मोरल बाध पर इन पक्षियों को देखने के लिए आ रहे हैं। किसानों ने कहा कि अगर इस जगह को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाने के साथ लोगों के लिए यह आय रोजगार का जरिया बन सकता है एवं चित्र विकसित होने के साथ पर्यटन की पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है।

# जोधपुर में बन रहे अक्षरधाम मंदिर में स्तम्भ स्थापित

## जोधपुर के कालीबेरी में बन रहा है अक्षरधाम मंदिर

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के कालीबेरी में बन रहे अक्षरधाम मंदिर का 65 फीसदी काम पूरा हो गया है। रविवार को निर्माणाधीन मंदिर के प्रथम तल पर स्तम्भों को स्थापित किया गया। इस दौरान 1500 यजमानों ने एक साथ पूजा की। बड़ी बात यह है कि यह देश का पहला ऐसा अक्षरधाम मंदिर है जिसमें जोधपुरी पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। देशभर में करीब 150 अक्षरधाम मंदिर हैं। सभी मंदिरों में बंशी पहाड़पुर और मकराना के मार्बल का उपयोग हुआ है। जोधपुर के कालीबेरी में पहला ऐसा मंदिर बन रहा है जिसमें केवल जोधपुर का पत्थर ही काम लिया जा रहा है। कार्यक्रम में साधु संतों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

मंदिर में स्तंभ स्थापन समारोह स्वामी नारायण मंदिर की परंपराओं के अनुसार किया गया। रविवार को स्तंभ स्थापना कार्यक्रम में देशभर से मंदिर संस्था से जुड़े श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मंदिर में लगने वाले स्तंभों का

- **पंद्रह सौ यजमानों ने एक साथ किया पूजन, कार्यक्रम में साधु संतों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए**
- **मंदिर में कुल 251 स्तंभ लगने हैं, इनमें 125 स्तंभ प्रथम तल पर लगाए जा चुके हैं**

पूजन स्कूली बच्चों ने किया। पूजन के लिए 500 से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। यहां तिलक करते हुए बच्चों की फोटो भी खींची गई। स्तंभ का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामीनारायण भगवान के जयकारे भी लगाए। मंदिर में कुल 251 स्तंभ लगने हैं। इनमें 125 स्तंभ प्रथम तल पर लगाए जा चुके हैं। द्वितीय तल पर भी इतने ही स्तंभ लगेंगे। मंदिर का निर्माण सनातन शिल्प परंपरा के तहत नागर शैली में किया जा रहा है। इन पिलर को सिरोही घाट शैली में बनाया गया है। स्वामी नारायण संस्था निर्माण कार्य करा रही है। मंदिर के द्वारा आसपास के क्षेत्रों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने, बाल कल्याण आदि के लिए भी जागरूकता शिविर चलाए जाएंगे।

मंदिर के योगी प्रेम स्वामी महाराज ने बताया कि आज के समय में युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आकर भटकाव की राह पर है। उन्हें रोकने के लिए भी मंदिर में समय–समय पर कार्यक्रम होंगे और उन्हें जागरूक किया जाएगा। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सवा साल में की जाएगी। जोधपुरी पत्थर से बन रहे इस मंदिर का 65 प्रतिशत तक बन चुका है। वहीं मंदिर के अतिरिक्त यहां 3 हजार लोगों के बैठने का सभा मंडप, भोजनशाला आदि बनाई गई है। वहीं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी रुकने के लिए आधुनिक सुविधायुक्त कमरे बनाए गए हैं।

# आर्मी डेजर्ट कोर ने इस्लामगढ़ फतेह दिवस मनाया



पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा शाखा), भारत सरकार

कोणार्क 'विजय दिवस' के स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में, इस्लामगढ़ फतेह दिवस एकलिंगगढ़ सैन्य स्टेशन, उदयपुर में 6 से 8 दिसंबर 2023 तक मनाया गया। 1971 में जैसलमेर/रेगिस्तानी क्षेत्र में पाकिस्तान पर विजय के 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ये समारोह हमारे सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने 1971 के युद्ध में इस्लामगढ़ किले पर कब्जे के दौरान अदम्य भावना और बलिदान का प्रदर्शन किया था।

भारतीय सेना ने उदयपुर के एकलिंगगढ़ सैन्य स्टेशन में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। शहीद नायक को श्रद्धांजलि के रूप में उदयपुर के एकलिंगगढ़ मिलिट्री स्टेशन में हवलदार दयानंद राम, वीर चक्र (मरणोपरांत) की प्रतिमा का अनावरण किया गया। आउटरीच कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, भारतीय सेना के जवानों ने वीर नारियों और 1971 के युद्ध के दिग्गजों के साथ भी बातचीत की जिसमें कृतज्ञता के संकेत के रूप में, भारतीय सेना ने वीर नारियों की सराहना की और समारोह के दौरान युद्ध के दिग्गजों को सम्मानित किया।

**–कर्नल अमिताभ शर्मा,**
**जन संपर्क अधिकारी**
**( रक्षा )**
**जयपुर, ( राजस्थान )।**

# दो लाख हेक्टैयर में बिजाई का अनुमान

## जिस तरह से सिंचाई पानी की आपूर्ति हो रही है, उसे देखते हुए 15 दिसम्बर तक बिजाई कार्य जारी रहने की उम्मीद

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में इस समय गेहूं की बिजाई तेजी से चल रही है। अभी तक करीब एक लाख 80 हजार हेक्टैयर में गेहूं की बिजाई पूर्ण होने की बात अधिकारी कह रहे हैं। लेकिन जिस तरह से सिंचाई पानी की आपूर्ति हो रही है, उसे देखते हुए 15 दिसम्बर तक बिजाई कार्य जारी रहने की उम्मीद है। इस तरह करीब दो लाख हेक्टैयर में गेहूं की बिजाई संभावित है।

वहीं सवा दो लाख हेक्टैयर में सरसों की बिजाई हो चुकी है। ऐसे में इन फसलों को सिंचाई पानी देने के लिए जल संसाधन विभाग स्तर पर इंदिरा गांधी नहर के रेग्यूलेशन को रिवाइज करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अब 14 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक नहर को चार में दो समूह में चलाने की बात अधिकारी कह रहे हैं। हालांकि इसकी स्थिति तभी साफ होगी, जब रिवाइज रेग्यूलेशन को सिंचित क्षेत्र आयुक्त कार्यालय बीकानेर से मंजूरी मिल जाएगी।

इस बीच हरिके हैड से राजस्थान के शेयर में हो रही कमी का क्रम अब थमने लगा है। जल संसाधन विभाग हनुमानगढ़ के एक्सईएन सुरेश सुथार ने हरिके हैड पर जाकर पानी की स्थिति को देखा। उन्होंने बताया कि हरिके हैड से राजस्थान के तय शेयर के अनुसार पानी प्रवाहित किया जा रहा है। इसका असर मसीतांवाली हैड पर नजर आने लगा है। अब पानी बढने का क्रम शुरू हो गया है। कृषि अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष नरमा फसल की चुगाई देरी से होने के कारण गेहूं एवं जौ फसल की बिजाई में भी देरी हुई है। फलस्वरूप अच्छा उत्पादन लेने के लिए इन फसलों का विशेष प्रबंध करना आवश्यक है। गेहूं फसल में पीलापन की मुख्य समस्या रहती है।

इसके मुख्य कारण नाइट्रोजन की कमी, सूक्ष्म पोषक तत्व खासतौर पर जिंक की कमी, नेमेटोड की समस्या इत्यादि रहती है। जिले में काफी स्थानों पर गेहूं फसल में बाली निकलते समय मैंगनीज की कमी के लक्षण भी बहुतायत में देखने को मिलते हैं। उपयुक्त समस्याओं को उनके लक्षणों के आधार पर कृषि विभाग के फील्ड स्टाफ से संपर्क कर विभागीय सिफारिश अनुसार समय पर उचित प्रबंधन आवश्यक रूप से करना चाहिए। खड़ी फसलों में डीएपी उर्वरक का उपयोग लाभकारी नहीं है अत: डीएपी उर्वरक के स्थान पर सूक्ष्म पोषक तत्वों एवं नैनो डीएपी का छिडकाव फसल उत्पादन बढ़ाने में अत्यंत कारगर होने के साथ–साथ सस्ता भी रहता है।

पांच–छह दिसम्बर से हरिके हैड से राजस्थान के शेयर में कमी का क्रम शुरू हो गया था। अब राजस्थान के अफसर जगें हैं तो शेयर में सुधार नजर आने लगा है। वर्तमान में हरिके हैड से राजस्थान का कुल शेयर 12000 क्यूसेक पानी निर्धारित है। अब लगातार दबाव बनाने पर हरिके हैड से शेयर के अनुसार पानी प्रवाहित किया गया है। इसका असर नजर आने लगा है। इंदिरागांधी नहर से राजस्थान के करीब बारह जिलों को जलापूर्ति होती है। इसमें हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर सहित अन्य जिले शामिल हैं। करीब दो करोड़ से अधिक आबादी को इस नहर से जलापूर्ति होती है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 11 दिसम्बर, 2023

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र दिन 12:14 तक, सुकर्मा योग रात्रि 8:58 तक, वणिज करण प्रात: 7:11 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–वृश्चिक, बुध–धनु, गुरू–मेष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से दिन 12:14 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:14 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा प्रात: 7:11 से सांय 6:48 तक है। आज चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है। आज मास शिवरात्रि है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** सूर्योदय से 8:22 तक, शुभ 9:45 से 11:02 तक, चर 1:37 से 2:55 तक, लाभ–अमृत 2:55 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:09, सूर्यास्त 5:30

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**वृष**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक समस्या दूर होने लगेंगी।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक प्रयास करना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**धनु**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। परिश्रम का उचित फल मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



आसमान में कबूतरों की उड़ान से रविवार को जेएलएन मार्ग पर ऐसा लगा जैसे वाहन चालकों को छाते तान कर ठंड से बचाव किया हो। फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# जीवन पर्यन्त रहते हैं, बचपन के संस्कार : आचार्य सौरभ सागर



आचार्य सौरभ सागर ने श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में हुई धर्म सभा को संबोधित किया।

**जयपुर।** ज्ञानयोगी आचार्य सौरभसागर ने रविवार को श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में हुई धर्म सभा में संबोधित करते हुए कहा कि बचपन में दिए गए संस्कार शिक्षा पूरे जीवन में काम आती है। आज के परिवेश में सभी माता-पिताओं को सीख देए हुये आचार्यश्री ने कहा कि अपने बच्चों को बचपन से ही धर्म की नैतिकता की शिक्षा देनी चाहिए, क्योंकि छोटा बच्चा कच्ची मिट्टी की भांति होता है उसे अपन जैसा आकार देना चाहे दे सकते है। जैसे गीली मिट्टी को आकार दिया जा सकता है लेकिन सूखने के बाद उसको आकार देना मुश्किल है उसी प्रकार बच्चे के बडे हो जाने के बाद बदलना मुश्किल हो जाता हैं। हमें अपने बच्चों को एक हंस की भांति उज्जवल जीवन वाला बनाना चाहिए ताकि, जैसे हंस दूध व पानी का भेद निकालता है उसी प्रकार एक संस्कार सम्पन्न व्यक्ति संसार में अच्छा बुरा का निर्णय लेने में सक्षम होता है।

बगुला और हंस का उदाहरण देते हुए आचार्यश्री ने कहा कि पानी में बगुला मछली रूपि बुराई को पकडेगा तो हंस पानी में मोती ढूंढेगा। जबकि दोनो का रूप रंग एक सा ही है लेकिन परिणाम स्वभाव में आता है। इसलिये अपने बच्चों का बगुला भक्त मत बनाओं एक ससंकार सम्पन्न व्यक्ति बनाओं। आचार्यश्री ने कहा कि संडे का संतडे या भगवन्त डे बनालो जीवन सुधर जायेगा। हर संडे को संतों के सानिध्य में आओ, संत दूर है तो मन्दिरजी में भगवान के दर्शनों को जावो यह नियम बनालो आपका जीवन सुधर जाएगा। इसीदिन दोपहर में आचार्यश्री सौरभसागरजी महाराज ने त्रिवेणीनगर जैन मन्दिर के लिए विहार किया।

# गोगामड़ी की हत्या के लिए रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण ने दोनों शूटर्स को तैयार किया

## सूत्रों के अनुसार शूटर रोहित की गोगामेड़ी से 7 साल पुरानी रंजिश थी, इसी के चलते वह गोगामेड़ी की हत्या के लिए तैयार हो गया था

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के लिए रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण ने दोनों शूटर्स को तैयार किया था

पुलिस ने बताया कि यह हत्याकांड रोहित गोदारा के इशारे पर हुआ। मास्टरमाइंड वीरेंद्र चारण की प्लानिंग पर दोनों शूटर्स ने गोगामेड़ी को मारा था। इनमें से एक शूटर की गोगामेड़ी से रंजिश थी। पकड़े गए दोनों शूटर्स हरियाणा के महेंद्रगढ़ का नितिन फौजी और राजस्थान में नागौर जिले के रोहित राठौड़ हत्याकांड के बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा के संपर्क में थे। वहीं, इनके हैंडलर वीरेंद्र चारण ने इनको लॉजिस्टिक, हथियार और रुपए तक मुहैया कराए थे। कहां भागना है, कैसे भागना है, इसका पूरा डायरेक्शन रोहित गोदारा से मिल रहा था।

भवानी सिंह उर्फ रोनी पहले से रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण के संपर्क में था। भवानी सिंह उर्फ रोनी ने रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण से नितिन फौजी की मोबाइल पर बात करवाई और उसे जयपुर में एक व्यक्ति को मारने के लिए तैयार किया। भवानी सिंह उर्फ रोनी ने 28 नवंबर को नितिन फौजी को टैक्सी से जयपुर भिजवाया। 5 दिसंबर को नितिन फौजी अजमेर रोड पर रोहित राठौड़ से मिला। इन दोनों को नवीन शेखावत स्कॉर्पियो में बैठाकर यहां से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के मकान पर ले गया। बैठक में बातचीत के दौरान दोनों शूटर्स ने अंधाधुंध फायरिंग कर गोगामेड़ी और नवीन सिंह शेखावत की हत्या कर दी और तीसरे व्यक्ति अजीत सिंह को घायल कर दिया।

जयपुर पुलिस जल्द शूटर नितिन फौजी के साथी गुरुग्राम जेल में बंद भवानी सिंह उर्फ रोनी और राहुल कौथल को जेल से गिरफ्तार कर जयपुर लेकर आने वाली है। सूत्रों के अनुसार 50 हजार रुपए में मर्डर करना तय हुआ था। रोनी के कहने पर ही रामवीर जाट ने नितिन और रोहित राठौड़ के जयपुर में रुकने, हथियार मुहैया कराने और गोगामेड़ी पर फायरिंग की प्लानिंग बनाई थी।

आनंदपाल एनकाउंटर के बाद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने ही पूरे आंदोलन की अगुवाई की थी। लेकिन, इसके बाद से बदली परिस्थितियों में उन पर रुपए लेने के कई आरोप लगे। इसके साथ उसकी लॉरेंस गैंग के साथ अनबन शुरू हो गई थी। इस बात का खुलासा दोनों शूटर्स ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच से किया है। हालांकि अभी पूरा खुलासा जयपुर पुलिस के पूछताछ करने के बाद ही होगा।

सूत्रों के अनुसार एक चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि रोहित राठौड़ की गोगामेड़ी से निजी दुश्मनी थी। इसी के चलते वह गोगामेड़ी के मर्डर के लिए तैयार हो गया था। 7 साल पहले जयपुर के वैशाली नगर थाने में रोहित पर राजपूत समाज की एक नाबालिग लडकी के अपहरण और रेप करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में नाबालिग के पिता की मदद गोगामेड़ी ने ही की थी।

रोहित को इसी मामले में जेल काटनी पड़ी थी। इस केस के सिलसिले में उस पर घरवालों को काफी पैसे खर्च करने पडे थे। साथ ही बहन की शादी के लिए उसका जयपुर स्थित मकान गिरवी तक रखना पड़ा था। इसी कारण से वह गोगामेड़ी को अपना दुश्मन मानता था। जयपुर जेल में रहने के दौरान ही रोहित राठौड़ की जान-पहचान लॉरेंस गैंग के वीरेंद्र चारण से हो गई थी। उसी ने वीरेंद्र को इस हत्याकांड के लिए तैयार किया था। महेंद्रगढ़ हरियाणा से गिरफ्तार हुए रामवीर जाट से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने भी नितिन फौजी के कई ठिकानों के बारे में बताया था। उन पर काम करने से पहले ही दिल्ली पुलिस को जानकारी मिल गई थी।

# बिन्दु, आइना और हर्षिता ने श्रेष्ठ कलाकृतियां बनाकर जीते नकद इनाम

**जयपुर।** जयपुर में बरसों तक म्यूजियम विशेषज्ञ रहे इतिहासकार मोहनलाल गुप्ता विजयवर्गीय की याद में चल रहे पांच दिवसीय चित्रकार शिविर का रविवार को समापन हुआ। जलमहल के पास स्थित पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय स्मृति म्यूजियम में हुए समारोह में पिछले पांच दिनों के दौरान जयपुर और प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए कलाकारों की बनाई कृतियों की इस मौके पर एग्जीबिशन लगाई गई। यहां लगी प्रदर्शनी में जयपुर से ही नहीं अलग-अलग शहरों से भाग लेने आए कलाकारों की कृतियां भी प्रदर्शित की गईं। अजमेर, कोटा, चूरू और भी कई शहरों से आये कलाकारों में काफी उत्साह नजर आ रहा था।

दूरदर्शन के पूर्व निदेशक नंद भारद्वाज ने इन कृतियों को मौके पर देखकर श्रेष्ठ कृतियों का चुनाव किया जबकि जापान के कलाकार मोरायामा ने ऑनलाइन कृतियों को देखकर श्रेष्ठ कृतियों का चुनाव किया। इसके अलावा युवा कलाकारों श्वेता विजयवर्गीय, प्रियंवदा, अनंत और वेदांत ने भी श्रेष्ठ कृतियों के प्रति अपनी राय दी। सबकी मिलीजुली राय के आधार पर बिन्दु कुमारी की कृति को प्रथम पुरस्कार स्वरूप दस हजार रुपए की नकद राशि दी गई। आइना राजपुरोहित की कृति को दूसरे स्थान के रूप में साढ़े सात तथा हर्षिता सेनी की कृति को तीसरे स्थान के रूप में पांच हजार रूपए की नकद राशि प्रदान की गई। जबकि महक भूरिया और प्रतीक्षा जैन को प्रोत्साहन के रूप में एक एक हजार रूपए की नकद राशि प्रदान की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि नंद भारद्वाज, कार्यवाहक मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी फारूख आफरीदी तथा म्यूजियम के फाउंडर कमल विजयवर्गीय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।




सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में भजन लाल शर्मा ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप सर्किल पर स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीजीपी मिश्रा ने गोगामेड़ी हत्याकांड के शूटरों को पकड़ने पर पुलिस टीम को दी बधाई

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने गोगामेडी हत्याकांड के दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लेने पर पुलिस टीम को बधाई दी हैं।

इस मामले के दोनों आरोपियों के चंडीगढ़ से पकड़ लेने पर मिश्रा ने जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ, इस मामले में गठित एसआईटी के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एनएम एवं एसआईटी प्रमुख अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश विश्नोई एवं टीम को बधाई दी हैं। मिश्रा ने इसे इंटर स्टेट पुलिस समन्वय एवं सहयोग का अनुपम उदाहरण बताया है। उन्होंने सहयोग एवं समन्वित प्रयास के लिए दिल्ली पुलिस और सहयोग के लिए हरियाणा पुलिस को भी धन्यवाद दिया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने भी इस मामले में गठित एसआईटी टीम में शामिल अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये लोग आरोपियों को पकड़ने में जी जान लगा दी और पिछले पांच दिनों में पांच-छह घंटे से ज्यादा नहीं सो पाये। आरोपियों को पकड़ने के लिए जयपुर शहर, धारुहेडा, हिसार एवं चंडीगढ़ आदि में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली पुलिस की टीमों द्वारा पांच से सात सौ सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया।

इस पूरी कार्रवाई में मौके से दस्तयाब करने वाली टीम के पुलिस निरीक्षक मनीष कुमार, सीएसटी आयुक्तालय जयपुर के पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह, सुनिल जाँगिड़ व दिल्ली स्पेशल सेल के पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार की अहम भूमिका रही। इसके अलावा एसआईटी टीम से कैलाश चन्द्र बिश्नोई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, योगेश गोयल पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण, करण शर्मा पुलिस अधीक्षक अपराध शाखा जयपुर, राजेश मीणा पुलिस अधीक्षक जयपुर, पारस जैन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण, रामसिंह शेखावत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम, सिद्वान्त शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विद्याप्रकाश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर, पुष्पेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी जयपुर, मनीष शर्मा उपधीक्षक एटीएस जयपुर व शिव कुमार भारद्वाज उप अधीक्षक पुलिस, एसओजी,जयपुर की भी सराहनीय भूमिका रही।

उल्लेखनीय है कि गत पांच दिसंबर को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले पुलिस ने शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से पकड़ लिया जबकि इससे पहले इनकी मदद करने वाले आरोपी रामवीर जाट को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 563 मामलों का निस्तारण

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आई.ए.एस.अश्विनी भगत की अध्यक्षता में राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। रजिस्ट्रार, आरएएस पंकज ओझा ने जानकारी दी की अनंत भंडारी, सदस्य(न्यायिक), एवं चेतन राम देवड़ा, सदस्य द्वारा लोक अदालत में आपसी सहमति से अधिकरण में लंबित 563 प्रकरणों का रिकार्ड निस्तारण किया गया। इस कार्य में अरूण पारीक, रीडर एवं अन्य स्टाफ का योगदान भी सराहनीय रहा।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# जयगढ़ फेस्टिवल में राजस्थानी कवियों ने सुंदर काव्य पाठ से समां बांधा

- जयगढ़ फेस्टिवल का उत्साह और उमंग के साथ समापन
- अंतिम दिन लोक प्रस्तुतियां और ढूंढाड़ी कवि सम्मेलन रहा मुख्य आकर्षण



द जयगढ़ फेस्टिवल का रविवार को उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। इस मौके पर कार्यकारी ट्रस्टी, एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय, रमा दत्त और सिटी पैलेस के राजगुरू, सुबोध चंद्र शर्मा ने राजस्थानी कवियों का सम्मान किया।

**जयपुर।** प्रतिष्ठित जयगढ़ फोर्ट में आयोजित दो दिवसीय द जयगढ़ फेस्टिवल का रविवार को उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। फेस्टिवल के समापन समारोह की शुरूआत ढुंढाड़ी कवि सम्मेलन, लोक नृत्य प्रस्तुतियों और बांसुरी वादन के साथ हुई। इस अवसर पर सभी शिल्पकारों को स्मृति चिन्ह व कार्यशाला के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ढुंढाड़ी भाषा को प्रोत्साहन देने के उदेश्य से आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा काव्य पाठ की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राजस्थान के जाने-माने कवियों ने हिस्सा लिया, इनमें गोपीनाथ गोपेश, कल्याण सिंह शेखावत, प्रह्लाद कुमावत, सुशीला शर्मा, किशोर पारीक, भगवान सहाय पारीक, रितेश शर्मा पथिक, भवानी सिंह राठौड़, अभिलाषा पारीक, आमना राजावत, वेद प्रकाश दाधीच, सुशील गुप्ता ने काव्य पाठ किया। आयोजन का संचालन शोभा चंदर ने किया। इसके साथ ही ढुंढाड़ी भाषा संगोष्ठी में साहित्यकार इतिहासकार श्री जितेन्द्र सिंह ने जयगढ़ निर्माण पर प्रकाश डाला।

फेस्टिवल के दौरान बांसुरी वादन, घूमर सहित अन्य राजस्थानी लोक प्रस्तुतियां भी हुई। गौरतलब है कि पर्यटन स्थल के रूप में जयगढ़ फोर्ट के 40 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाने के लिए पहली बार इस अनूठे फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। अब इस फेस्टिवल का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा।

फेस्टिवल का समापन लोक प्रस्तुतियां, लघु चित्रकला, ब्लॉक प्रिंटिंग आदि विभिन्न कार्यशालाओं के प्रतिभागियों, शिल्पकारों और कवियों के सम्मान के साथ हुआ। कार्यकारी ट्रस्टी, एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय, रमा दत्त और सिटी पैलेस के राजगुरू, सुबोध चंद्र शर्मा ने सभी का सम्मान किया। समारोह का संचालन सिटी पैलेस, ओएसडी, रामू रामदेव ने किया। इसके पश्चात दिन में एक कला प्रदर्शनी और फेस्टिवल बाज़ार का भी आयोजन हुआ। इस दो दिवसीय फेस्टिवल में बड़ी संख्या में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र, शिक्षाविद, कलाकार, कला प्रेमी, संगीत प्रेमी, इतिहास प्रेमी, वास्तुकला प्रेमी, शॉपर्स, संस्कृतिकर्मी और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए।

# सकल राजपूत महासभा का होगा पुनर्गठन

**जयपुर।** जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय एक बैठक में आज ये निर्णय लिया गया कि सकल राजपूत महासभा की सभी ज़िला इकाइयों का पुनर्गठन होगा। हाल ही में समाज की ज्वलंत समस्याओं में जिन ज़िला इकाइयों ने सक्रिय रूप से भागीदारी नहीं निभाई, राजनीतिक दलों का समाज के पद पर रहते हुए समर्थन किया, ऐसे ज़िलाध्यक्षों को पद मुक्त कर संगठन में युवा और अनुभवी लोगों को मौका दिया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि फ़रवरी माह में उदयपुर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन होगा जिसमें समाज के सभी नव निर्वाचित विधायक और मंत्रियों का अभिनंदन किया जाएगा। इस सम्मेलन में राजपूत समाज के प्रतिभाभावान विभूतियों का भी सम्मान किया जाएगा।

सकल राजपूत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर सिंह कृष्णावत ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री उत्तरप्रदेश के राजपूत नेता को बुलाया जाएगा। सकल राजपूत महासभा के इस अधिवेशन में विभिन्न कमेटियों का गठन कर ज़िम्मेदारिया तय की जाएगी, कार्यक्रम स्थल उदयपुर शहर रहेगा और कार्यक्रम की तारीख़ 10 से 14 फ़रवरी के मध्य रखी जाएगी।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : जविप्रा/उपा/जोन-10/2023/डी-3246 दिनांक : 08.12.2023

**विज्ञप्ति**

जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-10 मे स्थित ग्राम विजयपुरा तहसील जयपुर के खसरा नम्बर 554/2 व 555 की 2 बीघा 5 बिस्वा (5691 व.मी.) भूमि के औद्योगिक रूपान्तरण से फार्म हाउस / रिक्रेशनल प्रयोजनार्थ अनुमोदन कर एकल पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदक श्री प्रेम प्रकाश अरोडा पुत्र श्री प्रभूदयाल अरोडा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रकरण मे ग्राम विजयपुरा तहसील जयपुर के खसरा नम्बर 554/2 (पुराना खसरा नम्बर 554) व 555 मे से 2 बीघा 5 बिस्वा (5691 व.मी.) भूमि का राज्य सरकार की स्वीकृति के पश्चात जिलाधीश, जयपुर द्वारा जरिये आदेश क्रमांक R18 B (113) 73/8473 दिनांक 26.08.1974 श्री प्रभूदयाल अरोडा, प्रोपराईटर भारत ब्रिक्स बिल्डर्स के नाम से औद्योगिक रूपान्तरण हेतु आवंटन किया गया है एवं लीजडीड भी श्रीमान् जिलाधीश महोदय द्वारा दिनांक 10.09.1974 को जारी की गई थी।

यदि किसी भी व्यक्ति, संस्थान को उक्त भूमि का रूपान्तरण औद्योगिक से फार्म हाउस /रिक्रेशनल किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे कार्यालय जविप्रा उपायुक्त 10 के कमरा नम्बर JB-SF-205 मे प्रस्तुत करे अन्यथा मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त (जोन-10) जविप्रा, जयपुर

# बैंक के बाहर लगा हुआ ए.टी.एम. उखाड़ ले गये स्कॉर्पियो सवार बदमाश

## बदमाशों ने रस्सी के पट्टे से बांधकर उखाड़ा एटीएम, सीसीटीवी फुटेज सामने आया

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे में शनिवार रात्रि को बेखौफ बदमाशों द्वारा पीएनबी बैंक के बाहर लगे एटीएम को उखाड़ ले जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के कृष्णा टॉकिज के सामने पीएनबी बैंक के बाहर लगे एटीएम को विगत रात्रि अज्ञात बदमाश रस्सी के पट्टे से बांधकर उखाड़ ले गये। एटीएम में लगभग 20 लाख रूपयों की नकदी बताई जा रही है। हालांकि वास्तविक राशि के बारे में बैंक अधिकारियों से आने के बाद ही पता चल पायेगा।

बताया जा रहा है कि आठ दिसम्बर को एटीएम में करीब 25 लाख रूपये डाले गये थे। बैंक के एटीएम को विगत रात्रि को स्कार्पियो सवार बदमाश उखाड़ ले गये। इसी दौरान एटीएम के बाहर बनी सीढ़ीयां भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं बदमाशों को पकड़ने के लिये जिले में नाकाबन्दी भी करवाई गई। लेकिन बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि एटीएम को उखाड़ने का घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बदमाशों ने एटीएम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे कर वारदात को अन्जाम दिया। लेकिन घटनाक्रम अन्य कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार शनिवार-रविवार



कोटपूतली कस्बे में पीएनबी बैंक के बाहर लगे एटीएम को बदमाश उखाड़ ले गये।

- **एटीएम में लगभग 20 लाख रूपयों की नकदी बताई जा रही है, पुलिस ने जांच शुरु की**

मध्य रात्रि करीब दो बजे बदमाश स्कारपियो कार से एटीएम बूथ पर पहुंचे व पहचान छुपाने के लिए बदमाशों ने अपने मूंह पर कपड़ा बांध रखा था।

जहां एक बदमाश हाथ में स्प्रे लेकर एटीएम बूथ में दाखिल हो गया। जहां लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे कर उसे अवरूद्ध कर दिया लेकिन बैंक में लगा दूसरा सीसीटीवी कैमरा उसकी नजर से बच गया, जिसमें पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। बदमाशों ने स्कार्पियो गाड़ी से एक मजबूत बेल्ट निकालकर एटीएम मशीन को बांध दिया व स्कार्पियो से खींचकर उसे बाहर लाकर गाड़ी में डालकर फरार हो गये। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# महिला ने हनीट्रैप में फंसाकर स्कूल संचालक से एक करोड़ रुपये मांगे

## आरोपी महिला सहित एक युवक को हिरासत में लिया, घर में अफीम का दूध भी मिला

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में एक स्कूल संचालक को हनीट्रैप में फंसाकर 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। महिला ने स्कूल संचालक को पहले अपने घर बुलाया और साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसके सारे कपड़े उताकर महिला ने अपने साथ उसके 25 से ज्यादा अश्लील वीडियो बनाए। इतना ही नहीं स्कूल संचालक से आरोपियों ने 1 करोड़ रुपए की फिरौती भी मांगी। घटना 7 दिसंबर महामंदिर थाना क्षेत्र की है। इसके दूसरे दिन पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

मामले की जानकारी डीसीपी अमृता दुहन को मिली तो उन्होंने तुरंत आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम भेजी। आरोपी महिला सहित एक युवक को हिरासत में ले लिया। आरोपी महिला को नारी निकेतन भेजा गया है। आरोपी के घर में अफीम का दूध भी मिला है। महामंदिर थाना में राजीव गांधी नगर निवासी पीड़ित स्कूल संचालक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार को उनका भाई एक शादी समारोह में गया था। जहां शादी थी उसके पास ही एक महिला रहती हैं।

महिला के बच्चे उन्हीं की स्कूल में ही पढ़ते हैं, इसलिए वह स्कूल संचालक को जानती थी। संचालक ने अपनी कार अनीता के घर के पास पार्क की तो उसने उन्हें देख लिया। फिर फोन कर अपने घर बुला लिया। महिला ने फोन पर लोकेशन भी भेजी। एक घंटे शादी समारोह में रहने के बाद वे उसके घर चले गए। महिला ऊपर के कमरे में रहती थी, उसने स्कूल संचालक को बैठाया और चाय बनाने का कहकर अंदर चली गई। तभी कुछ बदमाश आए और स्कूल संचालक को दबोच लिया। उन्होंने उनसे जमकर मारपीट की।

- **महामंदिर थाना में पीड़ित स्कूल संचालक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज करवाई**
- **पीड़ित के भाई ने बताया कि महिला और उसके साथियों ने 50-50 लाख रुपए के रूप में दो बार में रुपए देने की मांग की**

जिससे उनकी पसली की दो हड्डियां टूट गई। बदमाशों ने पीड़ित के चेहरे पर काला कपड़ा डाल दिया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।


नग्न अवस्था में महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाए और वीडियो में जबरन स्वीकार भी करवाया कि वे महिला से प्रेम करते हैं और अपनी मर्जी से ही यहां आए थे। वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल करते हुए कहा कि अगर उन्होंने एक करोड़ रुपए नहीं दिए तो वे वीडियो वायरल कर देंगे और रेप का केस भी दर्ज कराएंगे। इसके बाद महिला के साथ आए बदमाश स्कूल संचालक को अपनी कार में बैठाकर ले गए।

पीड़ित के भाई ने बताया कि महिला और उसके साथियों ने 50-50 लाख रुपए के रूप में दो बार में रुपए देने की मांग की। वे स्कूल संचालक को मंडोर और कायलाना तरफ ले गए। लेकिन सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी नहीं होने के कारण किसी को कुछ पता नहीं चला। फिर सुबह उन्होंने रुपए लाने की बात कहकर स्कूल संचालक को छोड़ दिया। जांच में पता चला है कि स्कूल संचालक को घर में बुलाने के पहले ही महिला ने उसके साथियों को बुला लिया था।

# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती में माया पहलवान ने पदक जीता

**भीलवाड़ा,** (निसं)। चंडीगढ़ के मोहाली में दो दिसंबर से आयोजित हो रही अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की माया पहलवान ने महर्षि दयानंद विवि. अजमेर को कांस्य पदक दिलाया।

भीलवाड़ा केसरी नंदन व्यायाम शाला के अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि माया माली पहलवान ने 65 किलोग्राम वजन वर्ग में भाग लिया और उनका कांस्य पदक के लिए मुकाबला हरियाणा की पहलवान से हुआ। जिसको हराकर माया ने काँस्य पदक अर्जित किया। कुश्ती प्रशिक्षक जाट ने बताया कि वेस्ट साउथ जोन विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में केसरी नंदन व्यायाम शाला की ही मनीषा माली ने 59 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया और साथ ही केसरी नंदन व्यायाम शाला के चार अन्य पहलवानों का भी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए चयन हुआ है जिसमें पवन कुमार, प्रिंस माली, सूरज कुमार है। इस अवसर पर व्यायाम शाला के संरक्षक राधेश्याम बाहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, पार्षद धर्मेंद्र पारीक, अरुण शर्मा, रतन पहलवान रेलवे, महेश पांडे, पुरुषोत्तम पुरी, छोटू लाल माली, विष्णु पहलवान, रतन गुर्जर, भैरू पटेल, हिम्मत सेन, गोपाल गुर्जर, पीयूष शर्मा सभी ने प्रशिक्षक जगदीश जाट व पदक विजेता पहलवानों का स्वागत अभिनंदन किया।


प्रशिक्षक जगदीश जाट व पदक विजेता पहलवानों का स्वागत किया।

# हत्या का प्रयास करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

## मार्बल व्यवसायी व उसके भाई पर जानलेवा हमला का मामला, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**राजसमंद,** (निसं)। जिले की राजनगर थाना पुलिस ने मार्बल व्यवसायी व उसके भाई पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने वारदात में आरोपियों द्वारा प्रयुक्त टवेरा कार भी जब्त कर ली है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि 2 दिसम्बर को प्रार्थी राजवीर सिंह (28) पुत्र शम्भुसिंह राजपूत निवासी देवाणा ने एक रिपोर्ट लिखवाई कि मेरी मार्बल फैक्ट्री रामेश्वरम ग्रेनाईट है। लगभग 15 दिन पहले नारायणलाल सुथार (प्रवीण सुथार) पुत्र लेहरीलाल निवासी देवाणा तथा विष्णु बागोरा निवासी सुन्दरचा मेरी फैक्ट्री पर आए तथा मुझे जान से मारने की धमकी दी। 1 दिसम्बर की रात्रि मुझे फोन पर धमकी दी और कहा कि हम तेरे घर के बाहर खडे हैं तू बाहर आ। उस वक्त मैं घर पर मौजूद नहीं था। थोडी देर बाद लगभग 11:30 से 12 बजे रात्रि को मेरे बडे भाई सुखवंत सिंह पुत्र अर्जुनसिंह निवासी देवाणा हाल निवासी नाथद्वारा के साथ घर जा रहा था।

तब आरोपी बडारडा बस स्टैण्ड पर अचानक से मेरी गाड़ी के सामने आ गए व मेरी गाड़ी की चाबी निकाल दी। फिर अचानक 15 से 2० जनों ने धारदार हथियारों से हम दोनों पर जानलेवा हमला किया जिससे हमारे शरीर व सिर में गंभीर चोट लगी। आरोपियों ने हमारी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त किया। हम किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। इन हमलावरों में से नारायणलाल सुथार उर्फ प्रवीण सुथार, विष्णु बागोरा निवासी सुन्दरचा, लोकेश विजयवर्गीय निवासी रेलमगरा, मिक्का सनाढ्य निवासी कांकरोली को हम पहचानते हैं। उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।


राजसमंद में पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसपी सुधीर जोशी, एएसपी शिवलाल बैरवा, एवं डीएसपी पार्थ शर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर दबिश दे कर मिक्का (23) उर्फ मयंक पुत्र संजय सनाढ्य निवासी नई आबादी कांकरोली व विष्णु बागोरा (24) पुत्र कैलाश पालीवाल को डिटेन कर पूछताछ की तो उन्होंने राजवीरसिंह व सुखवंतसिंह के साथ लकडी के डंडों से मारपीट करना कबूल किया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मिक्का उर्फ मयंक के विरुद्ध मारपीट व एससी/एसटी के तीन प्रकरण पंजीबद्ध हैं। मयंक के विरुद्ध मारपीट व चोरी के तीन प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

# माल खरीदने के बाद बकाया 24 लाख रुपये देने से इंकार

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के बासनी औद्योगिक क्षेत्र थाने में स्टील फैक्ट्री के डायरेक्टर ने माल खरीदकर पैसा नहीं देने को लेकर दो व्यापारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि स्टील के माल का ऑर्डर देकर 24 लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि देने से इनकार कर दिया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

थाने में दी रिपोर्ट में भंवरलाल जैन ने बताया कि मैं चंचल इंडस्ट्रीज

- **दो व्यापारियों के खिलाफ दर्ज कराया केस**

प्राइवेट लिमिटेड बासनी का डायरेक्टर हूं। मुझसे राहुल पुत्र केएस गोयल निवासी वजीरपुर दिल्ली पिछले 7-8 वर्षों से स्टील पाटा ब्रोकर ट्रैडिंग का काम करता है। इसके चलते उस पर विश्वास था।

इसी का फायदा उठाकर कुछ साल पहले राहुल गोयल अपने साथ संजय गर्ग नाम के व्यक्ति को लाया। उसने खुद को शिवम ट्रैडिंग कम्पनी रोहिणी दिल्ली का प्रौपराइटर बताया। 9 दिसम्बर 2021 से 7 मार्च 2022 तक 6 बिलों के माध्यम से 71 लाख 46 हजार 834 रुपए के स्टील पाटे राहुल गोयल व संजय गर्ग के फोन पर मिले ऑर्डर के आधार पर भिजवाए।

उन्होंने 28 लाख 96 हजार 224 रुपए का भुगतान बैंक खाते में कर दिया। बकाया रुपए माल की ट्रैडिंग पूरी हो जाने पर देने की बात कही। उन्होंने बकाया राशि कई दिनों तक नहीं दी तो फोन पर सम्पर्क किया। इस पर उन्होंने 18 लाख रूपए की राशि 2 अप्रैल 2022 से 7 अक्टूबर 2022 की अवधि में बैंक खाते में भिजवाई। बाकी के रुपए 24 लाख 50 हजार 610 रुपए मांगने पर कोई जवाब नहीं दिया। कई दिनों तक सम्पर्क करने के बाद भी उन्होंने बकाया रुपए देने से इनकार कर दिया। इस पर व्यापारी ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# रोडवेज बस खाई में गिरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा जिले के जहाजपुर थाना क्षैत्र के बोरणी गावं के पास बून्दी डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी जिसमें एक महिला यात्री घायल हुई है। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुचे और सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित निकाला। वहीं सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस व 108 एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां महिला उपचार शुरू हुआ। वहीं घटना मे बाकि सभी यात्री सुरक्षित है। मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने बताया कि बूंदी डिपो की रोडवेज बस देवली से जहाजपुर आ रही थी।

# फर्जी आईडी से इंस्टाग्राम चलाने वाला गिरफ्तार

## गैंगस्टर रोहित के नाम से इंस्टाग्राम चलाता था

**बीकानेर,** (निसं)। पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम संचालित करने पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) दीपक शर्मा ने बताया कि खारी चारणान हालपता बंगलानगर निवासी ताराचंद (22) पुत्र नरसीराम कुम्हार को मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त रूप से पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल जब्त किया गया है।

एएसपी शर्मा ने बताया कि आरोपी ताराचंद के मोबाइल की प्रारंभिक जांच करने पर पता चला कि आरोपी ने रोहित गोदारा कपूरीसर नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना रखी है, जिसमें रोहित गोदारा की प्रोफाइल फोटो लगा रखी है। युवक ने 17 पोस्ट डाल रखी हैं, जो सभी गैंगस्टर्स से संबंधित हैं। आरोपी युवक ने रोहित गोदारा, लॉरेंस बिश्नोई की फोटो के साथ-साथ गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने संबंधी पोस्ट डाल रखी है। आरोपी ने एक अन्य आईडी भी बनाई है, जिसमें 27 पोस्ट डाली हैं। इन पोस्टों में पिस्तौल, गन व कारतूस के फोटो व वीडियो हैं।

- **आरोपी से मोबाइल जब्त किया गया है**

एएसपी शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक गैंगस्टर्स के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाल कर आमजन में भय का माहौल बना रहा है। हाल ही में जयपुर में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्याकांड की जिम्मेदारी भी रोहित गोदारा की ओर से ली गई है। पुलिस ने आमजन एवं अभिभावकों से अपील की है कि नौजवान युवकों के सोशल मीडिया के उपयोग पर निगरानी रखें और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। पुलिस गैंगस्टर रोहित गोदारा से जुड़े लोगों पर नजर बनाए हुए है।

# निजी बस ने बाइक को टक्कर मारी, एक घायल

## घायल बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर नीम का थाना रेफर किया

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे के स्टेट हाईवे 13 पर धोबी घाट के पास रविवार को एक प्राईवेट बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान हुए हादसे में घायल बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर उसे नीम का थाना रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बांसियाल निवासी अजय पुत्र मदन लाल योगी बाइक पर सवार होकर अपने गांव से घर के काम के लिए खेतड़ी आ रहा था। जब वह खेतड़ी के धोबी घाट के पास पहुंचा तो खतरनाक मोड़ पर सामने से तेज गति से आ रही बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह घायल होकर सड़क पर ही गिर गया।

हादसे के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। हादसे की सूचना पर पायलट मोहर सिंह व ईएमटी सलमान खान मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायल बाइक सवार को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। इस दौरान घायल अजय के सिर में चोंट लगने के कारण हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे नीम का थाना रेफर कर दिया। घायल अजय ने बताया कि वह घर का सामान लेने के लिए खेतड़ी आया था। इस दौरान में हादसे का शिकार हो गया। हादसे में उसकी बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर परिजन भी राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने बताया कि खेतड़ी क्षेत्र में इन दिनों सड़के क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हादसे की सूचना पर खेतड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई।

सीआई आसाराम गुर्जर ने बताया कि हादसे में घायल अजय की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए नीम का थाना भिजवाया गया है। परिजनों की ओर से बस चालक के खिलाफ दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सादुलपुर से चोरी हुई पिकअप हरियाणा के कनीना थाने से फिर चोरी

**सादुलपुर,** (निसं)। तीन दिन पूर्व छह दिसम्बर की रात्रि को कस्बा सादुलपुर से चोरी हुई पिकअप गाड़ी को अज्ञात चोर फिर से हरियाणा के कनीना पुलिस थाने से चोरी कर ले गए।

वहीं प्रकरण में मोहता आईटीआई के पीछे कस्बा सादुलपुर में निवास करने वाले पीड़ित दिनेश कुमार ने बताया कि पिकअप गाड़ी चोरी होने के बाद अगले ही दिन कनीना से डिस्पोजल का कार्य करने वाले एक व्यक्ति का दिनेश कुमार के पास फोन आया कि मुझे किराए के लिए पिकअप गाड़ी की जरूरत है। तब पीड़ित दिनेश कुमार ने कहा कि उसकी जीप चोरी हो गई है आप कहां से बोल रहे हो। तब उसने कहा की हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिला अंतर्गत कनीना से बोल रहा हूं तथा यह पिकअप गाड़ी कनीना के तहसील कार्यालय के सामने खाली पड़े मैदान में खड़ी है तथा पीकअप गाड़ी की बॉडी पर लिखे मोबाइल नम्बर से आप से सम्पर्क किया है कि उसको किराए पर जीप की जरूरत है। उसे पता नहीं पीकअप गाड़ी चोरी हुई है।

वहीं सूचना मिलते ही पीड़ित स्थानीय पुलिस थाना राजगढ़ में पहुँचकर ए.एस.आई. रामनिवास राव को घटना की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने हरियाणा के कनीना पुलिस थाने से संपर्क कर पिकअप गाड़ी चोरी होने की घटना से अवगत करवाकर खेल मैदान में खडी पिकअप गाड़ी को कनीना पुलिस थाने में खडी करवा दी तथा कहा कि सुबह हम करीना थाने पहुंचकर पीकअप गाड़ी को अपने कब्जे में ले लेंगे,

- **डिस्पोजल का कार्य करने वाले एक व्यक्ति ने पिकअप के कनीना के तहसील कार्यालय के सामने खाली पड़े मैदान में खड़ी होने की जानकारी दी**

लेकिन जैसे ही राजगढ़ थाने के एएसआई रामनिवास राव हरियाणा के कनीना पुलिस थाने पहुंचे तो पता चला कि कनीना पुलिस थाने में खड़ी करवाई गई पिकअप गाड़ी को कोई अज्ञात व्यक्ति फिर चोरी कर ले गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस लगातार हरियाणा पुलिस से संपर्क कर पीकअप गाड़ी को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि इस सम्बंध में पीड़ित दिनेश कुमार उम्र 35 साल निवासी मोहता आईटीआई कॉलेज की पीछे सादुलपुर ने सात दिसम्बर को मामला दर्ज करवाकर बताया कि छह दिसंबर की रात्रि को अज्ञात चोर उसके घर के सामने खडी पिकअप जीप को चोरी कर ले गए। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद है तथा ले जाने वाला व्यक्ति मोहल्ले का ही राजू नाम का व्यक्ति तथा एक अन्य व्यक्ति भी शामिल है। दर्ज मामले में बताया कि गाड़ी में मूल कागजात व गाड़ी का भाडा 14 हजार रुपए नगद भी गाड़ी में थे वो भी चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की थी।

राजगढ़ थाने एएसआई रामनिवास राव का कहना है कि 6 दिसंबर की रात्रि को मोहता आईटीआई के पीछे से पिकअप गाड़ी चोरी हुई थी, जो हरियाणा के कनीना के खेल मैदान में खड़ी होने की जानकारी मिली। जिस पर कनीना पुलिस थाने से संपर्क कर पीकअप गाड़ी को कनीना पुलिस थाने में खड़ा करवा दिया था तथा कनीना थाना अधिकारी से वार्ता कर घटना की जानकारी भी दी थी। लेकिन जब पिकअप गाड़ी को लेने के लिए कनीना पुलिस थाने पहुंचे तो पता चला कि कनीना थाने में खडी पिकअप गाड़ी को फिर से कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया तथा इस संबंध में हरियाणा के पुलिस अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

# नौवीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में फांसी का फंदा लगाकर एक 9वीं क्लास के एक छात्र ने आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मृतक ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखकर अपनी जेब में रखा लिया। इसमें लिखा कि स्कूल की दो महिला अध्यापिका की इच्छा पूरी हो जाएगी। जो टीसी काटने की धमकी देती थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने सुसाइड नोट के आधार पर स्कूल की दो महिला अध्यापिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

■ **मृतक के पिता ने सुसाइड नोट के आधार पर स्कूल की दो अध्यापिकाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।**

पुलिस ने बताया कि सीतापुरा शिवदासपुरा के रहने वाले छोटू कुमार (15) ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। जो राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल विधानी में 9वीं क्लास में पढ़ता था। उसने 9 सितंबर की शाम कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। छोटू कुमार की मां उसे बुलाने गई तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने पर भी जवाब नहीं मिला। इसके बाद शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। गेट तोड़कर अंदर जाने पर वह फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवा दिया गया।

अस्पताल के मुर्दाघर में पोस्टमॉर्टम से पहले डॉक्टरों ने छोटू कुमार के कपड़ों की तलाशी में उसकी पेंट की जेब में एक पेज का सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में लिखा था कि अध्यापिका रजनी कक्कड़ और हनसना की इच्छा पूरी हो जाएगा। दोनों ही अध्यापिका टीसी काटने की धमकी दे रही थी। जब 8वीं क्लास में अध्यापिका रजनी कक्कड़ से झगड़ा हुआ था। डॉक्टरों ने छोटू कुमार के पास से मिले सुसाइड नोट को पिता रविन्द्र शाह को सौंप दिया। स्कूल से टीसी काटने की धमकी चलते छोटू मानसिक अवसाद में था।

मृतक के पिता रविन्द्र शाह ने बताया कि 8वीं क्लास से छोटू उसी स्कूल में पढ़ रहा था। पिछले कई दिनों से दुखी था। दूसरे स्टूडेंट के सामने दोनों टीचर रजनी कक्कड़ और हनसना उसकी लेंग्वेज का मजाक बनाते थे। बात-बात पर उसको स्कूल से टीसी काटने की धमकी भी देते थे। सुसाइड नोट के आधार पर कोर्ट के आदेश करवाकर थाने में दोनों आरोपित अध्यापिकाओं खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हैं।

# चोरी करने आया चोर पुलिस को सोता हुआ मिला

**करौली ।** करौली जिला मुख्यालय पर चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कभी मंदिरों में तो कभी घर और दुकानों में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में भय व्याप्त है शनिवार की रात्रि को एक चोर चोरी करने आया जो पुलिस को मौके पर सोता हुआ मिला जिसे हिरासत में लिया गया है।

करौली जिला मुख्यालय पर इन दिनो कभी घर,दुकान तो कभी मंदिरों में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन कार्रवाई के नाम पर मूक बना हुआ है। आए दिन होने वाली चोरियों से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं स्मैक के नशे में लिफ्त युवा इस प्रकार कि घटनाओं को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। शनिवार रविवार की मध्य रात्रि को करौली शहर कि कायस्थ खिड़कियां स्थित मकान में किराना व्यवसायी राम अवतार गुप्ता का गोदाम बना हुआ ह। जिसमें चोरों ने घात लगाकर छत पर लगे लोहे के जाल को काटकर मकान में अंदर प्रवेश किया और अंदर कमरों के ताले तोड़कर सर्फ के कट्टे,साबुन,नमकीन चिप्स के पाउच आदि को एक स्थान पर एकत्रित कर लिया। इस दौरान बताए गए तीन युवाओं ने मौके पर ही स्मैक का नशा किया जिनमें से दो युवा कुछ सर्फ के कट्टे और सामान को ले गए वहीं एक युवा बगल के कमरे में पड़े रजाई,गद्दों पर सो गया जिसे नषे के हालात में नींद आ गई।

प्रातः जब बंदर मकान में टूटे पड़े तालों के कमरों में घुसे और सामान को लेकर बाहर आ जा रहे थे तो आस पड़ोसियों ने दुकानदार को कमरे के गेट खुले होने कि सूचना दी सूचना मिलने के बाद दुकानदार रामावतार गुप्ता मौके पर पहुंचा तो वहां कमरों के ताले टूटे हुए मिले तो चोरी का अंदेशा हुआ उसने तुरंत कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस मकान के गोदाम में बने कमरों की गहनता से जांच पड़ताल कर रही थी इस दौरान एक कमरे में उन्हें एक चोर बिस्तर पर सोता हुआ मिला जिसे हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## सार-समाचार

### ओपन रोलर स्केटिंग स्टेट टूर्नामेंट आयोजित




**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान राज्य एमेच्योर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा संबद्ध केट्स इंडिया क्लब और ग्रुप की ओर से ओपन रोलर स्केटिंग स्टेट टूर्नामेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। आयोजन कर्ता शाहबाज सिद्दीकी ने आये हुए अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया तथा विजेताओं को मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया। हमारे स्केटर्स, मुख्य अतिथि विधायक रवि नैयर, सीनियर आईएएस अधिकारी पीयूष, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, प्रदेश सदस्य भाजपा विधि प्रकोष्ठ जंग बहादुर अथिति के तौर पर उपस्थित रहे।

### हनुमान शर्मा जेडीए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**जयपुर।** सारस्वत ब्राह्मण समाज जयपुर जिला के अध्यक्ष प. जगन्नाथ शर्मा और महामंत्री सुरेश सारस्वत ने जेडीए बार एसोसिएशन, जयपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष हनुमान शर्मा को बधाई दी है। जेडीए बार एसोसिएशन के चुनाव में हनुमान शर्मा अध्यक्ष, विजय कुमार सोनो वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश विश्नोई उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार शर्मा महासचिव, संजय कुमार बोयला कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार सोनी संयुक्त सचिव, भानु मित्र शर्मा पुस्तकालय सचिव और मंजू लता शर्मा सांस्कृतिक सचिव निर्वाचित घोषित किये गए। सारस्वत ब्राह्मण समाज के महामंत्री सुरेश सारस्वत ने बताया की हनुमान शर्मा समाज के कार्यक्रमों में आगे आकर अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करते हैं। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज ने ख़ुशी व्यक्त की है।



### छह साल के मासूम बच्चे से कुकर्म

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में छह साल के मासूम बच्चे से कुकर्म का मामला सामने आया है। मासूम को घर में अकेला पाकर आरोपित युवक ने उसे पकड़ लिया और हैवानियत कर फरार हो गया। पीड़ित बच्चे के पिता ने आरोपित युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नारायण लाल तिवाड़ी ने बताया कि प्रताप नगर थाने में प्रताप नगर निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार के साथ रहकर मजदूर का काम करता है। आठ दिसंबर को वह अपने काम पर गया हुआ था और वापस लौटने पर पड़ोसी ने बताया कि बिहार का रहने वाला एक लड़का उनके घर में आया था। वह उसके छह साल के बेटे को ऊपर कमरे में लेकर गया था। जहां उसने उसके साथ कुकर्म किया।

# मस्ती से भरपूर रहा ''अभ्युदय: द यूथ राइजेज'' उत्सव

**जयपुर।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर के 17वें संस्करण के राष्ट्रीय अंतर-कॉलेज युवा उत्सव ''अभ्युदय: द यूथ राइजेज'' के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण फैशन शो और डीजे नाइट थे। प्रतिभागियों और दर्शकों को उत्साहित करने के लिए बैटल ऑफ बैंड्स, ग्रुप डांस, अंताक्षरी, फेस पेंटिंग, बार्टर इट अप और अन्य कुछ मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत अंताक्षरी ''सरगम'' से हुई, जिसे जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने जीता। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता ''मेटामोर्फ़सिस'' हैलोवीन थीम पर थी। इसमें कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय ने पहला स्थान हासिल किया। नवीकरणीय ऊर्जा विषय पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट ''क्रिएटोग्राफी'' का पुरस्कार मेजबान जयपुरिया, जयपुर ने जीता। इसके बाद विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने बिजनेस प्लान प्रतियोगिता ''मास्टर प्लान'' में भाग लिया, जिसमें उन्होंने अपने बिजनेस आइडिया पेश किए, जिसे टीम एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर ने जीता। एक कमोडिटी एक्सचेंज प्रतियोगिता ''बार्टर इट अप'' आयोजित की गई, जिसमें पहला स्थान जयपुरिया, जयपुर की साक्षी मालपानी और विशाल भार्गव ने हासिल किया। बिजनेस ट्रेंड के बारे में छात्रों के ज्ञान का परीक्षण करने के लिए बिजनेस क्विज ''बज़ ऑफ बिज़'' आयोजित हुई, जिसमें जयपुरिया, जयपुर जीता। इसके अलावा नृत्य ''स्टेप अप'' का विजेता जेईसीआरसी फाउंडेशन था। बैंड उत्सव ''रिफ़-रफ़'' में एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज की टीम विजेता रही। फैशन शो ''पनाचे'' में पहला स्थान जयपुरिया, जयपुर को मिला। दिन के कार्यक्रमों का समापन डीजे नाइट ''ट्रैपर एक्स'' के साथ हुआ, जो रॉकिंग और मस्ती से भरपूर थी।



# दलाई लामा को विश्व शांति के लिए नोबेल पुरस्कार मिलने का सालाना जलसा मनाया

**जयपुर।** तिब्बती लोगों के धार्मिक और राजनीतिक नेता 14वें दलाई लामा तेनज़िन ग्यात्सो को 10 दिसम्बर 1989 का नोबेल विश्व शांति पुरस्कार दिया गया था। इस विश्व शांति पुरस्कार दिन को पूरे देश में तिब्बती लोग इसे समारोह के रूप मनाते आ रहे है। इस कड़ी में जयपुर के उमराव विहार गोकुलपुरा स्थित तिब्बती मार्केट में रविवार को एक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में तिब्बती लोगों ने एक रंगारंग कार्यक्रम किया जिसमें काफी संख्या में तिब्बती महिला-पुरूषों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



इस कार्यक्रम के चलते रविवार दोपहर दो बजे से तिब्बती मार्केट में खरीददारी बंद रही। तिब्बती मार्केट के प्रधान थुन्डूब ने बताया कि दलाई लामा तेनज़िन ग्यात्सो को नोबेल विश्व शांति पुरस्कार 10 दिसम्बर 1989 दिया गया था। उसी दिन से हर साल इसी तारीख को तिब्बती लोग एक समारोह के रूप में मनाते आ रहे है। रविवार को उमराव विहार गोकुलपुरा स्थित तिब्बती मार्केट में समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

थुन्डूब ने बताया कि तिब्बती महिलाओं ने तिब्बती रिति रिवाज वेशभूषा पहन तिब्बती कल्चर डांस भी किया। साथ ही डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले ग्रुप को पुरस्कार भी दिया गया।

गौरतलब है कि दलाई लामा ने तिब्बत की मुक्ति के लिए अपने संघर्ष में लगातार हिंसा के इस्तेमाल का विरोध किया है। इसके बजाय उन्होंने अपने लोगों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सहिष्णुता और आपसी सम्मान पर आधारित शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है। दलाई लामा ने शांति के अपने दर्शन को सभी जीवित चीजों के प्रति महान श्रद्धा और सभी मानव जाति के साथ-साथ प्रकृति को गले लगाने वाली सार्वभौमिक जिम्मेदारी की अवधारणा से विकसित किया।

# हास्य से ही जीवन और जगत में संतुलन संभव : प्रो.राधावल्लभ त्रिपाठी

**जयपुर।** हास्य के अभाव में जीवन और जगत दोनों ही अपना संतुलन खो बैठते हैं। ईश्वर ने भी हास्य लास्य के साथ ही इस सृष्टि का निर्माण किया है। योगीराज भगवान शंकर की लीलाओं में छह प्रकार के हास्य के स्वरूप दृष्टिगोचर होते हैं। यह बात हास्य कवि संजय झाला लिखित विश्व कीर्तिमान धारक हास्य कृति हास्यम्-लास्यम् विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (ऑनलाइन) में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर राधा वल्लभ त्रिपाठी ने कही। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि त्रिपाठी ने कहा कि संजय झाला ने साक्षी भाव और तटस्थता से एक हास्यकार के रूप में जग की विसंगतियों को देखा है।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रोफेसर अशोक चक्रधर ने कहा कि हिंदी-संस्कृत के संयुक्ताक्षरों के साथ नएभाषायी उच्चारण और शिल्पगत प्रयोग के कारण यह पुस्तक नई पीढ़ी के लिए बहुत उपयोगी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाकवि बलबीर सिंह करुण ने कहा कि संजय ने एक हास्यकार के रूप में शब्दों के साथ पौराणिक कथाओं,



प्रो.राधावल्लभ त्रिपाठी

मुहावरों संस्कृत की उक्तियों को नए स्वरूप में गढ़ा है। नेपाल से भाषाविद् सत्येंद्र दहिया, आयरलैंड से हिंदी के विद्वान अभिषेक त्रिपाठी, इंडोनेशिया से भाषाविद् नी पुटू रतनी, श्रीलंका से सहभागिता करते हुए डॉ अंजली मिश्रा, कनाडा से नवीन कृष्णागिरी और अमरजीत सिंह, व नेपाल की लेखिका और वर्तमान सांसद रेखा यादव, प्रख्यात कवि और पूर्व राज्यसभा सदस्य उदय प्रताप सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में फरुखाबाद से प्रोफेसर शिव ओम अंबर, उज्जैन से वरिष्ठ व्यंग्यकार

■ **हास्य कवि संजय झाला लिखित विश्व कीर्तिमान धारक हास्य कृति हास्यम्-लास्य विषयक ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी**

पिलकेन्द्र अरोड़ा, भारत के वरिष्ठ कवि और छंद शास्त्रीगुरु सक्सेना, वरिष्ठ हास्यकवि मनोहर मनोज कटनी से डॉ.गोपीनाथ चर्चित गंगापुर से और हास्य व्यंग्यकार वेद प्रकाश ने नई दिल्ली से सहभागिता की। संगोष्ठी के प्रारंभ में हास्य कवि और पुस्तक के लेखक संजय झाला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

नेपाल से भाषा विद सत्येंद्र दहिया ने कहा की इस पुस्तक में व्यंग्य हास्य के साथ उद्देश्य सहित यात्रा करता है। आयरलैंड से हिंदी के विद्वान अभिषेक त्रिपाठी ने कहा की पुस्तक में सूक्ष्मता और सक्षमता से युग की विसंगतितों को देखा गया है। इंडोनेशिया से भाषा विद नी पुटू रतनी ने कहा की हास्य के क्षेत्र में यह इंक्रेडिबल एक्सपेरिमेंट है। पुस्तक महान लेखक मेरिडिथ की हास्य व्यंग्य की परिभाषा को नए सिरे से व्याख्या करती है। श्रीलंका से सहभागिता करते हुए डॉ अंजली मिश्रा ने कहा कि संजय झाला ने युग के अनुरूप विकृतियों से हास्य निकाला है। कनाडा से नवीन कृष्णागिरी और अमरजीत सिंह ने उन्हें संगीतमय शुभकामनाएं प्रेषित की। संगोष्ठी में भारत फरुखाबाद से प्रोफेसर शिव ओम अंबर, उज्जैन से वरिष् व्यंग्यकारर पिलकेन्द्र अरोड़ा, भारत के वरिष्ठ कवि और छंद शास्त्री गुरु सक्सेना, वरिष्ठ हास्यकवि मनोहर मनोज कटनी से डॉ गोपीनाथ चर्चित गंगापुर से और हास्य व्यंग्यकार वेद प्रकाश ने नई दिल्ली से सहभागिता की।

संगोष्ठी में नेपाल की लेखिका और वर्तमान सांसद रेखा यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये और भारत से प्रख्यात कवि और पूर्व राज्यसभा सदस्य उदय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी के प्रारंभ में हास्य कवि और पुस्तक के लेखक संजय झाला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में ब्लैकमेल कर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि दोस्ती कर उसकी बातों की मोबाइल पर रिकॉर्डिंग कर ली। रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दो साल तक देहशोषण किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी बीस वर्षीय एक युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि दो साल पहले मोबाइल कॉल पर आरोपी विनोद मीणा से हुई थी। ब्लैकमेल करने के लिए आरोपी ने मोबाइल पर की बातों की रिकॉर्डिंग कर ली। मिलने आने पर मोबाइल रिकॉर्डिंग को वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। ब्लैकमेल कर दो साल तक देहशोषण करता रहा। शादी होने के बाद भी ब्लैकमेल कर देहशोषण से परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# कलाकारों ने कैनवास पर उतारी जे.के.के. की तस्वीर

**जयपुर ।** जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में चल रहे तीन दिवसीय कला उत्सव 'स्प्लेश-2023' का अंतिम दिन अरबन स्कैच कला के नाम रहा। कला के इस उत्सव में शामिल सभी कलाकार जवाहर कला केंद्र की खूबसूरती को अपने अपने अंदाज़ में कैनवास पर उकेरते नजर आए। किसी ने जेकेके के मुख्य द्वार की वास्तुकला को, किसी ने अलंकार दीर्घा तो किसी ने वहां के डोम को अपने सृजन का माध्यम बनाया। एक तरह से आज पूरा जवाहर कला केन्द्र मानों कैनवास पर उतर आया।

■ **तीन दिवसीय कला महोत्सव 'स्प्लेश-2023' का समापन दिवस**

स्केच करते मेल्विन और करण ने आज ही इस एग्जीबिशन में हिस्सा लिया। कॉफी हाउस के बाहर की तरफ बैङ्गे वो उसे ही कैनवास पर आकार देने में लगे थे । उन्होंने बताया स्केच करते हुए हम हमेशा ही ऊर्जावान महसूस करते हैं।जेकेके की दीवारों पर बनी पेंटिंग्स का स्केच बनाने में व्यस्त सूरत से आई ईशा ने कहा बहुत अच्छा लग रहा है इस एग्जीबिशन का हिस्सा होना। उनका यह पहला मौका था जब वह इस तरीके से किसी एग्जीबिशन का हिस्सा बनी। आर्टिस्ट अमृता ने कहा आज जवाहर कला केंद्र कुछ ज्यादा ही हसीन लग रहा है, समझ ही नहीं पा रही हूं किस हिस्से को आकार दूं। साक्षी जैन ने बताया इस उत्सव में बहुत कुछ सीखा। सभी भाग लेने वाले एक से बढ़कर एक कलाकार है।



**जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में चल रहे तीन दिवसीय कला उत्सव 'स्प्लेश-2023' का अंतिम दिन कलाकार जवाहर कला केंद्र की खूबसूरती को अपने अपने अंदाज़ में कैनवास पर उकेरते नजर आए।**

# सांसद रामचरण बोहरा ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय संगठन यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के तत्वावधान में विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने शुभारंभ किया। अध्यक्षता डॉ.तरूण बांकोलिया राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल ने की। अतिथि समाज सेवी अक्षय बोहरा, मदन मोहन मीना,रा.सलाहकार संदीप, प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रराज मीणा, जिलाध्यक्ष मनोज दुब्बी रहे।

यूएचआरसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बांकोलिया व ज़िला अध्यक्ष मनोज दुब्बी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार व संस्था के स्थापना दिवस पर पूरे देश में गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया जावेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद के द्वारा किया गया है। आज देश के 16 राज्य में टीमों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल किया जावेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रियंका शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अवदेश कुमार, महासचिव देवनारायण खोलिया, संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार वर्मा, बन्नी सिंह, प्रेम प्रकाश मीना, जिला उपाध्यक्ष सुनील खजोतिया,समाज सेवी ओमप्रकाश, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।



**अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय संगठन यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

# जेकेके में युवाओं की रचनात्मकता के साथ 12वें जयरंगम की शुरुआत

**जयपुर।** श्री एम डॉट बैंड थिएटर फैमिली सोसाइटी की ओर से कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान और जवाहर कला केन्द्र, जयपुर के सहयोग से आयोजित जयपुर रंग महोत्सव जयरंगम-2023 की रविवार को शुरुआत हुई। पहले दिन युवाओं की रचनात्मकता के रंगों से जयरंगम रंगा दिखाई दिया। पहले दिन तीन नाटकों का मंचन किया गया, दर्शकों की इन्हें खूब सराहना मिली। हिअरिंग फिंगर्स में जहां मनन कथूरिया ने अपने जीवन की घटना को नाट्यय रूपांतरित कर प्रयोगात्मक रूप से मंचित किया वहीं संक्रमण में अरु व्यास के निर्देशन में पिता और पुत्र के बीच रिश्तों को दर्शाया गया। मैं जो करती वो क्यों करती एक म्यूजिकल थिएटर परफॅर्मेंस रही जिसमें महिला लोक कलाकारों की कहानी को मनोरंजक तरीके से दर्शाया गया। 12वां जयरंगम प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर को समर्पित है। सुकृति दीर्घा में चेल्सी पाठक के क्यूरेशन में हबीब तनवीर पर आधारित प्रदर्शनी लगायी गयी है, इसमें तस्वीरों और प्रोप्स के जरिए उनके सफर को दर्शाया गया है।

युवा रंगकर्मियों को पहचान देने के लिए जयरंगम की ओर से स्पॉटलाइट को आकार दिया गया है। इसी के अंतर्गत कृष्णायन में मनन कथूरिया के प्रयोगात्मक नाटक हिअरिंग द फिंगर्स के साथ जयरंगम की शुरुआत हुई। आधुनिक दौर में जहां लोग अपने मन की बात नहीं सुनते वहीं मनन ने एक मूक-बधिर कलाकार जो अंगुलियों के इशारों से बात करता है। उसे समझने के बाद और नाटक के जरिए सभी को सुनाने का प्रयास किया। कृष्णायन में छाए अंधेरे के बीच धीमे-धीमे संगीत की मिठास कानों में घुलती है। लाइट पड़ती है एक चित्रकार पर जो अपने विचारों को कागज़ पर उकेरने में व्यस्त है। इसी बीच दर्शकों के बीच से मनन उठते है और दर्शकों से संवाद करते हुए अपनी फिल्म की कहानी ढूंढने की जद्दोजहद में मशगूल हो जाते है। पेंटिंग्स को देख मनन चित्रकार से बात करने लगता है। चित्रकार उसे इशारों से अपनी बात समझाने लगता है। चित्रकार मनन को अभिनय करने के अपने सपने के बारे में बताता है और कुछ अभिनेताओं की एक्टिंग भी करके दिखाता है। चित्रकार की रचनात्मकता और व्यक्तित्व से प्रभावित होकर मनन उस पर फिल्म बनाने की बात कहता है। इसके बाद मंच पर एक प्रोजेक्टर लगता है जो दिखाता है चित्रकार अमित वर्धन पर फिल्माई एक लघु फिल्म जिसमें उनके संघर्ष को दिखाया गया। यह नाटक कोरोना काल के बाद मनन और अमित वर्धन की मुलाकात का जीवंत नाट्यय रूपांतरण है। अपनी वार्ता के दौरान अमित वर्धन ने मनन के सामने अभिनय की बात कही थी जिस पर पहले मनन ने लघु फिल्म बनायी और इस फिल्म को नाटक का हिस्सा बनाकर प्रयोगात्मक तरीके से मंचित किया। नाटक में समीर ने स्टेज डिजाइन और कुणाल ने प्रकाश संयोजन संभाला। निर्देशक मनन ने और चार साल की उम्र से पेंटिंग्स कर रहे अमित वर्धन ने अपना किरदार खुद निभाया।

■ **अगले छह दिन देखने को मिलेगा रंगमंच, कला-संस्कृति का समागम**

■ **लोक कला की आभा से रोशन हुआ मध्यवर्ती**

नाटक का सेट घर के हॉल में ले जाता है। पारिवारिक जिम्मेदारियों में घिरा रिटायर्ड पिता जो मेहनत से बनाए घर की हर चीज को संजोता रहता है। वह अपने बेटे की नजरअंदाजगी से उक्ता गया है। वृद्ध पिता अपने जीवन संघर्ष और बीती यादों को पत्नी सरला से साझा करता है। दोनों के बीच संवाद दर्शकों को खूब गुदगुदाते हैं। जब बिट्टू मंच पर आता है तो अपने नज़रिये को ठीक ठहराते हुए दलीले देता है कि किस तरह पिता आज के दौर के हिसाब से नहीं जीते है। बिट्टू की बातें भी दर्शकों को हंसाती है। यकायक रंगायन में सन्नाटा छा जाता है जब बाथरूम में टंकी ठीक करते समय गिरने वाले मुखिया की ऑपरेशन के दौरान मृत्यु हो जाती है। डॉक्टर ने कहा उनका दिल कमजोर शायद था, शायद उन्हें महंगाई मार गयी, रिटायरमेंट के बाद जिन्होंने आरामदायक जिंदगी जीने की सोची थी वह अपने खानपान तक में कटौती करने लगे थे। सरला के यह संवाद पिता के हर चीज संभालने की उस आदत के पीछे की वजह बताती है। अंत में बिट्टू भी घर की हर चीज को संभालता दिखाई देता है। पिता की हर बात का उसे मतलब समझ आने लग जाता है।



## International Mountain Day


International Mountain Day has been created so that we can embrace the wonder and magic of mountains around us. There are some truly spectacular mountains all around the world. You may have even had the pleasure of climbing one or several of them. Some of the most famous mountains include Mount Kilimanjaro, Mount Fuji, and Mount Everest. It is also a good day to take some time to reflect on those who have lost their lives while attempting to do dangerous mountain climbs and to pay tribute to them.

#INSIGHT

# Facts About Snowflakes

Snowflakes have always fascinated the math and science world





Snowfall is beautiful and magnificent and snow is formed by amazing snowflakes. Snowflakes have always fascinated the math and science world. They are just such neat little structures with so many varieties. However, some scientists and mathematicians have devoted their lives to studying this natural phenomenon. Learn a few interesting snowflake facts.

### Snowflakes Are Made of Ice Crystals

Snowflakes are made up of ice crystals. They form in the sky around bits of dirt. Depending on where they go in the atmosphere, snowflakes can fall to the ground as single ice crystals or they can be made of 200 or more crystals. The shape they take and how they grow is determined by temperature and humidity. So, when it's really cold, the designs are simple.

### Snowflakes Have Six Points

Typically, snowflakes will have a hexagonal shape and six points. But you can find other varieties of snowflake shapes. There are snowflakes with 12 sides, and even some in the shape of bullets. Irregular crystals of snow can also come in some unique shapes.

### There Are Several Types of Snowflakes

Generally, you will hear about five types of snowflakes: plates, columns, prisms, dendrites, and needles. But it depends on where you look. Not all scientists agree on the types of snowflakes. There is also the *Magono and Lee* classification with 80 different types. So, depending on where you look, you can find different types of snowflakes.

### Most Popular Snowflake Shape: Stellar Dendrite

Most snowflakes are pretty unique. But, when you think of snowflake decorations, you are typically thinking of stellar dendrites. These snowflakes have six points and lots of unique patterns. They are, by far, the most popular snowflake, you'll come across in the winter.

### Snowflakes Can Get Big

Most snowflakes aren't giant. They are typically between .02 and .5 inches wide. However, snowflakes can get pretty big. In fact, the Guinness World Record holder for the largest snowflake was a whopping 15 inches wide. It was measured in January 1887 in Montana. That's bigger than a frisbee!

### Snowflakes Have Symmetry

Mathematicians and scientists alike have always been fascinated with the formation of snowflakes. Mathematicians like snowflakes because they are a wonderful example of symmetry in nature. Due to the way they are structured, you could fold a snowflake in half, and the two sides would nearly match. That's why you always create a paper snowflake by folding the paper first.

### Each Snowflake Is Unique

You might have heard that snowflakes are like fingerprints, and every one of them is unique. Well, it's true. Each snowflake takes a different path from the sky to the ground. So, each one is formed in a unique pattern that makes it one-of-a-kind. However, scientists have been able to make twin snowflakes in controlled conditions, so it is possible.

### Snow and Snowflakes Hold Most of the Fresh Water on Earth


Scientists have found that a lot of the freshwater around the world is in the form of snow. In fact, Antarctica holds about 80 percent of the world's fresh water in the form of ice and snow.



# THE JONGA, THE TANK AND THE TRAIN

Being too intelligent, and wanting to present a clean record to his superiors, he categorized the Jonga as Cat "E" (Beyond Economical Repair) and consigned to salvage. The problem now was – what to do with the Jonga which has surfaced suddenly, after more than a decade! It puzzled all the Commanders and was finally left to our tea Club Major Domo Balbir, who advised that the Jonga be pushed further into the growth. This was done promptly. Out of sight, out of mind. Balbir was awarded a bottle of rum for his brilliant consultancy. Quite possibly, the Jonga is still there, hidden in the thicket of Hasimara, more than half a century later.









Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)
*The author is a retired IAF fighter pilot*


#THE X-FILES

### THE "HOPE YOU DISAPPEAR OUT TO NOWHERE" JONGA

Hasimara is an Air Base in the East of India, almost on the border of Bengal and Assam. Being in the East, it also had the distinction of being a part of the Eastern Air Force, which once upon a time was more of the "rowdy stepson" of its parent, the Indian Air Force. The pilots were a very boisterous lot, who, in the Hunter Aircraft, would deliver their weapons with pin-point accuracy. In the caste system of the Air Force, the ground attack pilots always considered themselves as the "upper caste", since they would be tasked to penetrate deep into enemy territory and deliver weapons. Lower in the caste system were the Air Defense boys, whose main job was to circle the Indian skies and look for enemy aircraft that may or may not appear, earning them the distinction of being "lower caste".

Hasimara, which abutted the Teesta and Torsa rivers, had extremely fertile soil (anything would grow), if someone just had the inclination to scatter a few seeds on the ground. The airfield itself underwent major expansion, prior to the 1971 war, as it was to play a key role in the liberation of Bangladesh. Hasimara Air Base had a large network of loop taxi tracks and blast pens, which extended to a few kilometers, off the main runway. West of the main runway was the Officers' Mess, while to the east was the Married Officers' Accommodation. While attending a party in the Officers' Mess, the Married Officers found it convenient to drive through the loop taxi tracks, which had thick growth on either side. Due to the copious volumes of *Rum-paani* which would flow during such parties, the officers were not permitted to drive back home.

On one such occasion, two officers and their wives were to be dropped back in the Service Vehicle, a Jonga. This was a vehicle designed by Nissan and produced for the Indian Army from 1965 to 1999. *Jonga* was an acronym for Jabalpur Ordnance And Gun Carriage Assembly. Over 20,000 Jongas were in service with the Indian Army, with over 2000 being sold to the Governments of Kerala and Jammu & Kashmir. Also, one Jonga was sold to Mahendra Singh Dhoni. This vehicle, while conveying the officers and wives, broke down on the loop taxi track. The officers trudged back home, as did the driver to his home, in the opposite direction. The next day, when the ATC officer did his inspection to declare the airfield fit for flying, he spotted the Jonga on the taxi track and ordered it 'pushed to the side'. So it was, and the Jonga lay forgotten.

Over a period of time, bushes / foliage / overgrowth covered the Jonga, nobody knew about it, except for the birds and a few animals who made it their home, there. Many years later, an energetic Base Commander from the Indian Air Force arrived and wanted all the growth cleared for 50 yards on either side of the taxi track. It was, at this time, that the Jonga was discovered. An investigation was launched into the mystery *Jonga*. It came to light that the two pilots who had to walk back from the breakdown thought that the driver would report the breakdown. The driver thought the pilots would report it. The Jonga was not a very reliable vehicle, and generally was parked in some obscure corner of the Mechanical Transport Section, where everybody else thought it probably was, until a few years later, where an equally energetic MT officer insisted on an inventory of all vehicles, and found that a Jonga had been missing for several years. Being too intelligent, and wanting to present a clean record to his superiors, he categorized the Jonga as Cat "E" (Beyond Economical Repair) and consigned to salvage. The problem now was what to do with the Jonga which has surfaced suddenly, after more than a decade! It puzzled all the Commanders, and was finally left to our tea Club Major Domo Balbir, who advised that the Jonga be pushed further into the growth. This was done promptly. Out of sight, out of mind. Balbir was awarded a bottle of rum for his brilliant consultancy. Quite possibly, the Jonga is still there, hidden in the thicket of Hasimara, more than half a century later.



Jonga - A Nissan Patrol made for the Indian Army.

### THE GHOST TANK

If the readers think that this story is strange, then they have not heard of the missing tank of the Armoured Corps Centre and School in Ahmednagar. Over the years, the story has changed colours several times, from being a live tank missing, to an unserviceable tank missing, to a display tank from the Cavalry museum missing, to finally, no tank missing, just like the Jonga in Hasimara.

However, this particular tank was eventually "found" and

> This particular tank was eventually "found" and brought back into service. The Armoured Corps Centre has its motto as "*Shaurya Tejo Yuddhe*", taken from the Bhagvad Gita 18.43, translated into "Heroism and Boldness in Battle". It is in this Centre that a young soldier (called *Sowar* by the Tank men) begins his training in the Driving and Maintenance Regiment, where he earns his Driver's License after a series of stringent tests.

brought back into service. The Armoured Corps Centre has its motto as "*Shaurya Tejo Yuddhe*", taken from the Bhagvad Gita 18.43, translated into "Heroism and Boldness in Battle". It is in this Centre that a young soldier (called *Sowar* by the Tank men) begins his training in the Driving and Maintenance Regiment, where he earns his Driver's License after a series of stringent tests. One such young boy, aspiring to be a tankman, cleared all his tests and was awarded the new designation of Sowar. After passing the final test, the Sowar was to drive the tank to the Tank Washing Area to clean it. The washing area was overloaded and the new Sowar was told to come back the next morning and wash/collect the tank.

On return to his barracks, the new Sowar found a telegram waiting for him that his father had expired. His Commandant had already sanctioned his full annual leave and the Sowar left for his village by the night train. The Vijayanta Tank, a 40 ton monster lay forgotten in the Tank Washing Area.

The young soldier returned from his leave. In his absence, his test results had been forwarded up the ladder, and he found that he had been posted to a Premier Combat Armoured Unit. Proud of his achievement, the Sowar hurriedly collected his movement order and moved to his new unit. The Vijayanta lay forgotten.

A new energetic JCO of the Driving Regiment reported to his Adjutant that one of the 300 tanks they had, was missing. The Adjutant, a young officer, was fully aware that in the Indian Army, the penalty for loss of ID card was forfeiture of seniority by 6 months. He was convinced that for loss of a tank, he would lose 20 years of seniority. So, he did nothing and did not report the missing tank. The Annual Inspection team arrived soon to check documents and serviceability of all the tanks. The energetic JCO was a very go-to man, and with the help of a few bottles of rum, got the 'missing 40-ton monster' certified as 'Fully Battle Worthy.'

The tank still lay near the washing area, which was also close to the Cavalry Museum. Another energetic JCO of the Cavalry Museum had seen this tank lying forgotten for several months, and presumed that this tank, lying there unused, forgotten and unclaimed, was one of the museum pieces. A General was visiting the Museum shortly, so this tank was towed into the museum compound and a fresh coat of paint applied to make the monster pleasing to the General's eye.

Several more months passed. One day, before yet another Museum Inspection, a young Sowar was detailed to dust the tanks, in case the General wanted to touch the monsters. During this dusting process, he discovered that the cupola of the tank was locked. He reported this to his JCO, who broke open the lock and went inside to find a fully serviceable and almost new 'Vijayanta Tank' in their Museum.

The tank was then at last, restored to its parent, the Driving and Maintenance Regiment of the Armoured Corps Centre and School, Ahmednagar. They had an authorized strength of 300 tanks and for many months, they operated on 299 tanks plus one ghost tank. Finally, they were restored to full battle-worthy glory - 300.

### THE TRAIN

But no one can beat the Indian Railways who had a complete train missing for nearly 40 years. Just like the wild and interesting bits of aviation that take place only in the Eastern Air Force, this train too vanished from the Eastern Railway. This mystery train was discovered on 18 December 2019, on a small railway siding of a small platform of a small village about 40 kms, short of Tinsukia. Tinsukia is around 450 kms north-east of Guwahati and about 80 kms from the Arunachal border. Sometime in 1976, the train had been placed at one of the disused sidings temporarily, as there was no place available along the platforms at the station, which in any case, was a very small one. Railway Records show that the train had reached there at 11:08 AM on 16 June 1976. The engine was disconnected from the train and brought back to the station to assist in placing of several goods wagons.

Heavy rains and flooding took place from 11:31 AM on the same day. Enquiries ordered by the Railway Board reveal that, at that point of time, the Railway Staff was totally involved in maintaining track continuity, track repairs and tackling the immediate flooding problem, as almost the entire station had been submerged in 5 to 6 feet of water. The passengers had all alighted, and with great difficulty, made their way to their various destinations, with a lot of help from the villagers.

During this period, the Station Master moved out on posting, as also some of the staff. In this period, people forgot all about this train, as it was about 2 kms from the main station, at a limb and in a deserted place. Slowly, vegetation took over the entire area. The remnants of the track leading to the rarely used siding, which had not been washed away in the flood, soon disappeared under bushes, shrubs and weeds. Snakes, birds and wild animals found the train, an ideal home, just like in the Jonga at Air Force Station, Hasimara. Most of the older lot of railway men retired. Some passed away. Daniel Smith, the engine driver, emigrated to Australia in 1976. No one remembered the train.

On 5th December 2019, a satellite picture by one of the NASA satellites, which was mapping forest cover of Asia, captured the somewhat obscure, hidden and not too clear pictures of this train under a thick forest canopy. NASA felt that this was the site of a very well-camouflaged "Rail Mobile" ICBM platform, which nuclear India had developed. This report was forwarded to the Pentagon.

Consequently, an abnormal activity of a number of American satellites over this area was noted by ISRO, NTRO and Indian Intelligence Agencies. In the meanwhile, Russian and Chinese double agents in the Pentagon, informed their handlers in their mother countries about the suspected ICBM train, discovered by NASA in India. In a bizarre sequence of events, RAW got this information from agents on their payroll in Russia and China.

Alarm bells started ringing in the PMO (Prime Minister's Office), DIS (Defense Intelligence Agency), NIA (National Investigation Agency), the MOD (Ministry of Defence) and the CCS (Cabinet Committee on Security). All these functionaries met in a secret conclave. By an internal memo, the IHQ (Integrated HQ of Armed Forces), the Military Space Command and the SFC (Strategic Forces Command), all denied that they had placed any such ICBM loaded train at that location.

The Intelligence Bureau felt that his could be a "Dr. Strangelove Operation." This refers to a 1964 war/comedy movie, directed by Stanley Kubrick, in which a rogue US Air Force General puts the world on the verge of a nuclear catastrophe when he orders an attack on the Soviet Union. This General was Brigadier General Jack D. Ripper, commander of a B-52 Base loaded with Hydrogen bombs, who had lunatic delusions brought about by sexual impotence. Possibly, the Intelligence Bureau checked on the 'sexual mores' of various Air Marshals and Generals, to find a similarity.

Ultimately, a very covert and fully armed patrol of troops from Special Forces, Marine Commandos of the Navy, Garud Commandos of the Air Force and Intelligence Officers of the National Security Agency made their way through the thickset growth and found that this was indeed the missing train from 1976. American Satellite Capacity and indeed Indian Satellite capability has increased many folds since those years. Possibly, they could locate Balbir's Jonga in Hasimara now.

**(Train Story courtesy: CP Narayanan)**


*rajeshsharma1049@gmail.com*




River Teesta, Siliguri, West Bengal.

#J'ADORE

# Elevate Your Cold-Weather Outfits

Boots become essential with the first nip of fall and can transform the gray, blah-tinged winter months into a time of frosted exhilaration and sartorial delight.

Boots are the nuclei of cold-weather outfits. A melding of form and hardcore function, boots become essential with the first nip of fall and can transform the gray, blah-tinged winter months into a time of frosted exhilaration and sartorial delight.

Despite the fact that boots are a constant winter staple, every year we see innovations that keep them feeling fresh, and this year's styles have options to capture any and every eye. If you're on the hunt for some new footwear to get you through the coldest season, you've come to the right place. Read on for the top winter boot trends of 2023-2024, all of which are sure to have you on the right foot through all the cold weather.



### Kitten Heels

Kitten heels are arguably one of the most underrated shoe styles. They're an elegant, slightly playful alternative to flats, and they're much more comfortable than their skyward cousins.

### Square-Toed



It's forever hip to be square, and with other square-toed shoe styles like flats trending these days, it's no wonder that boots are following suit. A strong set of right angles peeking out from underneath a pair of pleated trousers or straight leg jeans, feels modern and cool.

### All About Red



Shades of red — from bright candy apple to carmine and maroon — are everywhere this season, especially when it comes to shoes. No matter the hue you choose, red boots can infuse an outfit with emotion: Deep, cranberry tones are moody, while tomato red brings a shot of playful brightness to the grayest of winter days.

### Riding Boots



A longtime favourite of a slew of celebrities. Tall riding boots are practical, polished, and sleek. They're a reliable go-to because they're comfortable and work with anything from slim-fitting jeans to knee-length dresses.

### Chelsea Boots



Chelsea boots look simultaneously tough and refined. Their superpowers are durability and strength, so they're ideal for stomping through icy streets, snow, and piles of leaves and they're perpetually in style. Wear them with loose-fitting jeans and an oversized button-down.

### Sock Boots




If there was a Rorschach inkblot test of winter boot trends, we imagine this style would be perceived as elf boots or sock boots, depending on the person. Either way, they're graceful and ideal for evening outings. Think of them as the cold-weather equivalent of ballet flats, and wear them with opaque tights and a dress of any length.

### Buckled In




Whether you go for motorcycle, combat, or a different direction entirely, buckled boots can infuse any outfit with a bit of attitude — in a good way.

### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हत्या के मामले में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

## युवक की 22 नवंबर को हुई थी हत्या, डाबियों का खेडा गांव का था मृतक

**भीण्डर, (निसं)।** रूपयों के लेनदेन को लेकर गत 22 नवंबर को हुई युवक की हत्या के मामले में रविवार को मृतक के गांव सहित 12 गांवों के ग्रामीणों ने भीण्डर पुलिस थाने में आकर हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करके सजा दिलाने की मांग की।

भीण्डर पुलिस ने उक्त हत्या के मामले का 24 घंटे में खुलासा करके एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भी भेजा था। ग्रामीणों का आरोप हैं कि हत्या में गिरफ्तार युवक के बडे भाई सहित अन्य आरोपी भी सहयोगी थे, लेकिन पुलिस ने उन लोगों को आरोपी नहीं बनाया है। उल्लेखनीय हैं कि भीण्डर के निकट डाबियों का खेडा गांव निवासी ललितसिंह पिता लक्ष्मणसिंह राजपुत(22) का 22 नवंबर को एक खेत में शव मिला था, जिसकी हत्या करके शव यहां फेंक करके चले गये थे। भीण्डर पुलिस ने 24 घंटे में हत्या का खुलासा करके निकटवर्ती खेडियां गांव के राजबहादुर सिंह उर्फ लक्की पिता ललितसिंह राणावत(19) को गिरफ्तार किया था।



**भीण्डर पुलिस थाने में 12 गांव के ग्रामीणों ने हत्या में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोश जताया।**

इस मामले में रविवार को मृतक के गांव डाबियों का खेडा सहित अन्य 12 गांवों से ग्रामीण एकत्रित होकर भीण्डर पुलिस थाने पहुंचे। यहां पर सहायक उपनिरीक्षक प्रेमशंकर से सभी ने मांग कि हत्या के मामले में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएं। इस दौरान मृतक के पिता लक्ष्मण सिंह बोले कि मेरे बेटे की एक युवक हत्या नहीं कर सकता है। मैंने अपनी आंखों से देखा कि हत्या की सुबह मेरे बेटे के साथ आरोपी राजबहादुर के साथ-साथ उसका बड़ा भाई राजवीरसिंह राणावत भी मौजुद था। इसके अलावा अन्य युवक भी हत्या में शामिल हैं लेकिन पुलिस केवल एक आरोपी से जुर्म कबूल करवा करके अन्य आरोपियों को बचाना चाहती है। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने पुलिस से मांग कि जांच में जिस किसी भी आरोपी का नाम आएं उन सभी को गिरफ्तार किया जाये। 12 गांव के ग्रामीणों के साथ हत्या के आरोपी के गांव खेडिया-उम्मेदपुरा के ग्रामीण भी उपस्थित थे और निष्पक्ष जांच की मांग उठा रहे थे।

- **भीण्डर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भी भेजा था**

# शौकत अली के निधन पर टोंक में शोक की लहर



**अरबी फारसी शोध संस्थान के संस्थापक निदेशक शौकत अली का निधन हो गया।**

**टोंक, (निसं)।** मुख्यालय स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध ऐतिहासिक अरबी फारसी शोध संस्थान के संस्थापक निदेशक कई भाषाओं के ज्ञाता, राष्ट्रपति ऐवारडेड साहिबजादा शौकत अली का निधन हो गया। उनके निधन से टोंक सहित देशभर के लोग सदमे में है। साहिबजादा शौकत अली खान किसी पहचान के मोहताज नहीं, टोंक में उन्होंने टोंक इतिहास सम्बंधित विभिन्न भाषाओं में, विभिन्न लेखकों द्वारा लिखित पुस्तकों, पांडुलिपियों को संग्रहित किया।

राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त कर विश्व स्तरीय शोध कार्य के लियें अरबी फारसी शोध संस्थान के संस्थापक निदेशक बने, 4 दिसम्बर 1978 से लगातार इस संस्थान को विश्व स्तर पर रिसर्च स्कॉलर्स के लियें महत्वपूर्ण साबित किया, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंन्त्री, साहित्यकार, फनकार , फिल्म अभिनेता हर वर्ग से जुड़े लोग यहां आकर शौकत साहब की पीठ थपथपाते रहे हैं, इनके इस कार्य के लिये भारत सरकार, राज्य सरकार सहित सैकड़ों संस्थाओं ने इन्हें राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। इनके पुत्र भी इस इदारे के निदेशक रह चुके हैं, अरबी, फारसी, उर्दू, अंग्रेजी, हिंदी भाषा में साहिबजादा शौकत साहब महारत हॉसिल किये हुए थे, महाज्ञानी थे।

सेवानिवृति के बाद सूफी संत के रूप में अपना जीवन यापन आम जरूरतमंद, प्रताड़ित लोगों के लिये अपने इल्म के जरिए मददगार बने हुए थे। टोंक में उनके रूहानी इलाज से कई मरीजों को शिफा भी मिलती रही है। उनके निधन पर टोंक, राजस्थान पूरा देश स्तब्ध है। टोंक अरबी फारसी शोध संस्थान के निदेशक मुजीब आजाद, रॉयल फेमिली टोंक के चेयरमैन साहिबजादा मोहम्मद अहमद भय्यू भाई, सेवानिवृत रिसर्च ऑफिसर अनवारुन्निसा नादिरा, ह्यूमन रिलीफ सोसायटी, तहरीक ऐ उर्दू राहस्थान के प्रदेश महासचिव एडवोकेट अख्तर खान अकेला, क्रिकेट कोच इम्तियाज अली नीलू सहित टोंक, राजस्थान के सभी लोगों ने उनके निधन पर शोक जताते हुए इसे अरबी फारसी शोध संस्थान, टोंक निवासियों खासकर टोंक रॉयल फेमिली के लिये अपूरणीय क्षति बताया है।

# सीजेरियन डिलेवरी के बाद महिला की मौत

## पीहर और ससुराल के लोगों ने किया हंगामा, छह लाख रुपए मुआवजे पर बनी बात

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन सिटी के एक नर्सिंग होम में शनिवार शाम को सीजेरियन डिलेवरी के बाद महिला की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोगों ने हॉस्पिटल में हंगामा कर दिया। तीन घंटे की समझाइश के बाद शनिवार रात 11 बजे मामला शांत हुआ। छह लाख रुपए मुआवजा देने की बात पर सहमति बनने के बाद परिजनों को शव सौंपा गया।

हैड कांस्टेबल राहुल कुमार ने बताया हिण्डौन के नीम का बाजार निवासी मृतका रुचि गुप्ता (28) पत्नी सचिन गुप्ता है। पुलिस के अनुसार करीब तीन घण्टे हंगामे के बाद परिजनों व अस्पताल प्रबंधन से बातचीत में आर्थिक मदद पर समझाईश हो गई। अस्पताल प्रशासन मृतक महिला के परिवार को 6 लाख रुपए देगा। रात करीब 11 बजे मृतका का शव परिजन घर ले गए। मृतका के पति सचिन व मृतका के पिता दुब्बे पाडा निवासी विष्णु गुप्ता ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक नर्सिंग होम में प्रसव के लिए भर्ती कराया। जिसमें दोपहर 2.15 बजे उसे ऑपरेशन के लिए ओटी में लेकर गए। जिसके बाद 2.50 लड़की का जन्म हुआ।

ओटी से शाम 4 बजे जच्चा-बच्चा को बाहर निकाला। जिसमें प्रसूता रुचि गुप्ता की तबीयत खराब मिली। लगातार तबीयत बिगड़ने के बाद रात 8.15 बजे महिला की मौत हो गई थी।अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए महिला के ससुराल और पीहर पक्ष के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। करीब 3 घण्टे तक हंगामा व समझाइश का दौर चलता रहा। इस बीच मृतका के पति को आर्थिक मदद देने की बात पर सहमति बन गई और परिजनों ने शव लेकर घर चले गए। जानकारी के अनुसार दुब्बे पाडा निवासी रुचि गुप्ता की शादी 2023 में 6 फरवरी को हिण्डौन के नीम का बाजार निवासी सचिन गुप्ता से हुई थी।

# मांगों को लेकर एक माह से 600 ट्रक ड्राइवर दे रहे धरना

## मांग सुनने वाला कोई भी नहीं है, ऐसे में ट्रक चालकों के परिवार पर संकट के बादल मंडराने लगे

**पाटन, (निसं)।** संत मीठाराम मजदूर ड्राइवर यूनियन डोकण के बैनर तले लगभग 600 ट्रक ड्राइवर अपनी मांगों को लेकर विगत 13 नवंबर से धरने पर बैठे हुए हैं, परंतु उनकी मांग सुनने वाला कोई भी नहीं है, ऐसे में 600 ट्रक चालकों के परिवार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

संत मीठा राम मजदूर ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज में जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के लगभग 600 ट्रक ड्राइवर अपनी मांगों को लेकर 13 नवंबर से धरना दे रहे हैं परंतु अभी तक ड्राइवरों की मांगों पर किसी का ध्यान नहीं गया है। यूनियन के अंतर्गत सभी ट्रक चालकों ने निर्णय लिया है कि हमारा मासिक वेतन पच्चीस हजार रुपया होना चाहिए, ड्राइवरों के साथ यदि कोई दुर्घटना होती है या ट्रैकों में मशीनरी नुकसान होता है तो उसकी संपूर्ण मेडिकल एवं रिपेयरिंग की जिम्मेदारी मालिक की होनी चाहिए, मालिकों द्वारा ड्राइवर की मासिक राशि में से कोई कटौती नहीं होनी चाहिए, मालिकों द्वारा ड्राइवरों की मासिक राशि का भुगतान हर महीने की एक से दस तारीख के मध्य होना चाहिए, ड्राइवरों की मासिक राशि में पीएफ व ईएसआई की कटौती करना सुनिश्चित किया जाए जिससे उसका लाभ उनके परिजनों को भविष्य में मिल सके, खान मालिक या क्रेशर मालिक क्षेत्र के बदमाशों एवं माफियाओं से मिलकर यदि यूनियन से जुड़े ड्राइवरों के साथ किसी भी प्रकार की आपराधिक धमकी देता है या करवाता है तो प्रशासन द्वारा उन पर कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। इन मांगों को लेकर ड्राइवरों द्वारा धरना दिया जा रहा है, परन्तु अभी तक किसी भी क्रेशर मालिक एवं खदान मालिकों ने ट्रक चालकों की मांगों को स्वीकार नहीं किया है।

- **'17 दिसंबर तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तो 18 दिसंबर से समस्त ड्राइवर चक्का जाम हड़ताल पर रहेंगे'**

यूनियन के पदाधिकारियों ने यह भी बताया अगर 17 दिसंबर तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो 18 दिसंबर से समस्त ड्राइवर चक्का जाम हड़ताल पर रहेंगे, साथ ही जिन क्रेशर प्लांटों पर एवं खदानों पर बाहर के चालक लगे हुए हैं अगर उन चालकों ने यूनियन से समझौता नहीं किया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ड्राइवरों द्वारा बनाई गई यूनियन को लेकर जगदंबा माइंस द्वारा यूनियन के ड्राइवरों को अपने कामों पर न लगाकर दूसरी जगह से चालकों को बुलाकर अपना काम करवा रहे हैं। इसकी जानकारी यूनियन को मिलने पर जब यूनियन ने विरोध किया तो जगदंबा माइंस के मालिक मनोज घुमरिया जिनकी राजनीतिक पकड़ मजबूत है एवं उनके भाई राजस्थान पुलिस में बड़े पद पर कार्यरत है द्वारा ड्राइवरों को धमकी देते हुए कहा है कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमे दर्ज करवा कर तुम्हें फंसा दिया जाएगा। तुम्हारी यूनियन हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती। यूनियन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर नीमकाथाना एवं पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना को ज्ञापन देकर मांग कर चुकी है की संत मीठा मजदूर ड्राइवर यूनियन के समस्त चालकों की मांगे पूरी करवाई जाए, जिससे ड्राइवरों के परिजनों को संकट के दौर से नहीं गुजरना पड़े।

# शराब बेच रहे दो तस्कर गिरफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग जगह कार्रवाई की है। सैंपऊ और मनियां थाना पुलिस ने अवैध शराब को जब्त करने के साथ ही शराब बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब को लेकर की गई पहली कार्रवाई को लेकर सैंपऊ थाना प्रभारी हरभान सिंह ने बताया कि गोपालपुरा रोड से पुलिस ने शराब बेचते हुए भोला (35) पुत्र भूप सिंह नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 60 शराब के क्वार्टर बरामद किए हैं। जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई करते हुए मनियां थाना प्रभारी अनिल जसौरिया ने बताया कि मुखबिर से विनतीपुरा गांव के लाठ वाली माता के मंदिर के पास अवैध शराब बेचने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की, जहां से पुलिस ने 13 बीयर की बोतल के साथ अवैध शराब के 50 क्वार्टर बरामद कर लिए। पुलिस ने मौके से शराब बेचने के आरोप में कैलाशी (55) पुत्र जनक ठाकुर को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

# मृतक का शव गांव में छोड़कर ठेकेदार फरार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** कुएं में खुदाई के दौरान पत्थर गिरने से मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के बेजापुर में कुएं की खुदाई के दौरान मादेड़ा के श्रमिक ग्यारसी लाल भील की पत्थर गिरने से मौत हो गई, जिस पर उसके शव का पोस्टमार्टम करवा कर ठेकेदार ने रातों-रात मादेड़ा गांव पहुंचकर छोड़ दिया व वहां से फरार हो गया। जिस पर आक्रोशित मादेड़ा के ग्रामीण व परिजन शव लेकर गुलाबपुरा थाने में पहुंचे, जहां पर ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करवा कर आर्थिक मदद की मांग करने लगे। पुलिस ने ठेकेदार को गुलाबपुरा बुलाया है।

# चोरी की वारदात विफल

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे में बुधवार को भीड़भाड़ वाले व्यस्तम बाजार में दिनदहाडे स्वर्ण आभूषण की दुकान पर सोने की लूट का खुलासा हुआ ही नहीं कि शनिवार की रात्रि में फिर कस्बे के वार्ड 6 में अज्ञात चोर चोरी का अंजाम देने के लिये घर में घुसे लेकिन घर वालों की जाग हो जाने से अज्ञात चोर मौके से भाग गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 6 के भीवराज सारस्वत के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिये अज्ञात चोर छत से रस्सी के सहारे निचे उतरे तथा चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिये कमरो में सो रहे परिवारजनों के दरवाजों पर बाहर से कुंडा लगा दिया। रात्रि में भीवराज की माता की जाग हो जाने से चोर पीछे का दरवाजा खोल कर भाग गये।

- **वारदात को अंजाम देने के लिये अज्ञात चोर छत से रस्सी के सहारे नीचे उतरे थे**

घर में घुसे अज्ञात चोर की घटना सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई है। घटना का पता चलने पर सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो में फुटेज देखे तथा मौहल्ले में लोगो से पूछताछ की। अज्ञात चोर जिस रस्सी की सहारे से छत से निचे उतरे थे वो रस्सी घर में जाग हो जाने से वहीं छोड़ गये। मौहल्लेवासीयो ने बताया कि इस मौहल्ले मे लगातार चोरियॉ हो रही है जिससे मौहल्ले में भय का वातावरण बना हुआ है। लेकिन पुलिस आज तक एक भी चोरी का खुलासा नही कर पाई है।

# पुलिस ने जेल की तलाशी ली

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में भारी पुलिस जाब्ते ने जेल के बैरिकों का चप्पा- चप्पा छान मारा लेकिन वहां कुछ संदिग्ध नहीं मिला। जेल में दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक पुलिस का सर्च अभियान चला। पुलिस ने बताया कि जिला कलेक्टर अंशदीप, पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तथा भारी पुलिस जाब्ते के साथ जेल में पहुंचे। जहां पुलिस की ओर से जेल के सभी वार्डों में प्रत्येक बैरिक, बंदियों के बैग, कपड़ों, बिस्तरों आदि की सघन जांच- पड़ताल की गई। पुलिस की पांच टीमों की ओर से यहां सर्च अभियान चलाया गया।

# विवाहिता ने खुदकुशी की

**कपासन, (निसं)।** कपासन में विवाहिता ने ससुराल में ससुर और देवर की प्रताड़ना से परेशान होकर जहर खाकर सुसाइड कर लिया। जहर खाने के बाद महिला को कपासन अस्पताल में भर्ती कराया गया गंभीर हालत में चित्तौड़गढ़ अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां रविवार को दूसरे दिन महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतका के भाई ने बहन के ससुर और देवर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। एएसआई सुभाष यादव ने बताया कि कस्बे कि उप बस्ती बुद्धा खेड़ा निवासी विमला (32) पत्नी सुनील सेन ने शनिवार को दोपहर बाद अपने घर पर ही जहर खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर बेटे ने पास में दुकान पर जाकर पिता को सूचना दी। इस पर परिजन महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चित्तौड़गढ़ हॉस्पिटल में रविवार को मौत के बाद महिला के शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के भाई आकोला निवासी शोभाग पुत्र चांदमल नाई ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि बहन की 15 साल पहले बुद्धा खेड़ा निवासी सुनील के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद ससुर ससुर राधेश्याम और देवर राजू उर्फ संजय सेन दोनों दहेज के लिए परेशान करते थे। मकान में केवल एक कमरा और दुकान दे रखी थी। जिस पर भी कब्जा करने का प्रयास कर मानसिक रूप से परेशान करते थे। विमला पीहर आकोला में आकर कई बार आपबीती बताई थी। पुलिस इस मामले में जांच में जुटी।

# पुस्तक "आपणो पर्यावरण" का विमोचन किया



**राजस्थानी भाषा में निबंधात्मक आलेख आलेख की पुस्तक आपणो पर्यावरण का विमोचन किया।**

**बीकानेर, (निसं)।** राजस्थानी भाषा में निबंधात्मक आलेख आलेख की पुस्तक आपणो पर्यावरण का विमोचन रविवार को किया गया।

हिंदी राजस्थानी के साहित्यकार ओपी शर्मा द्वारा लिखित राजस्थानी भाषा में 17 निबंधआत्मक आलेखों में लेखक ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए जल और पेड़ पौधों के संरक्षण और महत्व को रेखांकित करते हुए बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों, पर्यटन, मानव अधिकार, युवाओं की राष्ट्रीय सोच, और मरुधरा पर प्रभावों की सरल और सरस भाषा में प्रस्तुत किया गया है। रोटरी के पूर्व प्रांत पाल अरुण प्रकाश गुप्ता, राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व सचिव पृथ्वीराज रतनू, व्यापार एवं उद्योग मंडल के अध्यक्ष मनमोहन कल्याणी ने राजस्थानी भाषा में लिखित पुस्तक को अत्यंत उपयोगी और पठनीय बताया। प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर मदन सैनी ने प्राकथन लिखा है।विमोचन समारोह में डॉक्टर नंदलाल वर्मा, सुनील बाठिया, पार्षद सुधा आचार्य, डॉक्टर एम एल जांगिड़ और दिनेश सक्सेना मौजूद रहे। ओपी शर्मा द्वारा लिखित हिंदी और राजस्थानी में यह 12 वां प्रकाशन है।

**राजसमंद में डॉ. इंद्रा जैन की पुस्तक का विमोचन :-** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल केलवा में कार्यरत डॉ. इंद्रा जैन लिखित पुस्तक 'शांति शिक्षा जैन दर्शन के संदर्भ में' का विमोचन लोहारिया (बांसवाडा) विकाम्याश्री माता के सानिध्य में हुआ। डॉ. इंद्रा जैन ने बताया कि पुस्तक का प्रमुख उद्देश्य जैन दर्शन में शांति, शिक्षा संबंधी जीवन मूल्यों का विश्लेषण कर हमारे शिक्षण संस्थानों में तैयार होने वाली भावी पीढी में इन मूल्यों की समझ पैदा हो सके रहा है।

# पांच वर्ष से मुख्य सड़क प्रशासन की अनदेखी की शिकार

**चूरू, (कासं)।** जयपुर रोड स्थित जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की मुख्य सड़क पिछले पांच वर्ष से प्रशासन की अनदेखी की शिकार हो रही है। इस सड़क पर दो-दो फीट तक बालू मिट्टी जमा हो गई है। इस कार्यालय में प्रतिदिन 400 से 500 लोगों का आवागमन होता है। इस कार्यालय में चूरू, तारानगर, सरदारशहर, राजगढ़ सहित पूरे जिले के लोगों का आवागमन रहता है।

यहां प्रतिदिन लाइसेंस व वाहनों की आरसी सहित अन्य कार्य के लिए आने वाले लोगों को सड़क के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मिट्टी जमा होने पर कई बार वाहन चालकों की गाड़ियां फंस जाती है, जिससे आसपास के दुकानदारों की मदद से निकालना पड़ता है। दूसरी ओर कई बाइक चालक इस मिट्टी में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

जिला परिवहन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद् प्रशासन व जिला



**जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की मुख्य सड़क पर दो-दो फीट तक बालू मिट्टी जमा हो गई है।**

कलेक्टर को अवगत करवाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे व्यापारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस मार्ग में होमगार्ड कार्यालय, डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान, राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय सहित महावीर नगर का आम रास्ता होने के कारण यहां के निवासियों व विद्यार्थियों का गुजरना दुभर हो रहा है।

जिला परिवहन अधिकारी ओमसिंह शेखावत ने बताया कि प्रशासन को कई बार लिखित में पत्र दिये जा चुके हैं, फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस सड़क की अनुमानित लंबाई 500 मीटर और चौड़ाई 40 फिट है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि नई सरकार से हमें इस सड़क के निर्माण की उम्मीद है।

- **डीटीओ को पत्र लिखने के बाद भी सड़क नहीं बनी**
- **इस सड़क पर दो-दो फीट तक बालू मिट्टी जमा हो गई है**
- **मिट्टी जमा होने से चालकों की गाड़ियां फंस जाती है**

## संक्षिप्त

### गोगामेड़ी को दी श्रद्धांजलि

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को रविवार को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह भौनावास ने गोगामेड़ी द्वारा बताई गई सामाजिक बातों को युवाओं को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। अजय सिंह व वीरेंद्र सिंह ने सुखदेव सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान पवन सिंह कुजोता, नरेंद्र सिंह कुजोता, पवन सिंह पवाना, धर्म सिंह भैंसलाना, वीरेंद्र सिंह शेखावत, आकाश पारीक, दिनेश सिंह, दलीप सिंह तंवर, अजीत सिंह, साहिल सिंह, मनोज सिंह, संजय सिंह, देवेंद्र सिंह, कमल सिंह, हरेंद्र सिंह, सन्नी चौहान, देशराज सिंह, गजेंद्र सिंह, मदन सिंह, संदीप सिंह, नवीन सिंह, विजय सिंह, राजु सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### खटीक समाज का परिचय सम्मेलन

**अलवर ।** श्री दुर्बल नाथ जयंती एवं सामूहिक विवाह समारोह समिति अलवर के श्री खटीक छात्रावास परिसर में आगामी विवाह सम्मेलन हेतु सभा का आयोजन किया गया। समिति के प्रचार मंत्री अविनाश मलावलिया ने बताया कि सम्मेलन में करीब 13 जोड़ो का रजिस्ट्रेशन किया गया व आगे के लिए विचार विमर्श भी किया गया। आगे शादी सम्मेलन हेतु जोड़ो की जानकारी के लिए समिति के पदाधिकारीयो से सम्पर्क करें। विवाह समारोह 12 मार्च 2023 फुलेरा दूज को निश्चित की गई है । सभा में समाज के मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारीयो की सहमति से आगामी बैठक रविवार 17 दिसंबर खटीक छात्रावास में सुनिश्चित की गई है ।

### यादव का वेस्ट जॉन वॉलीबॉल में चयन

**कोटपूतली।** कस्बे के ग्राम कांसली निवासी अक्षित पुत्र महेश कुमार यादव का राजस्थान यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वेस्ट जॉन वॉलीबॉल में चयन हुआ है। अक्षित 14 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक नांदेड़ महाराष्ट्र में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पूर्व मंत्री जूली का चान्दौली में ग्रामीणों ने स्वागत किया

**अलवर।** ग्रामीण विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव चान्दौली में ग्रामीणों की ओर से स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पूरी गर्म जोशी के साथ विधानसभा चुनाव में

- 'अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता को एक नेता नहीं बल्कि एक बेटा मिला है'

ऐतिहासिक जीत हासिल करने पर जहां जूली का माला व साफा पहनकर स्वागत किया वहीं उन्होंने ग्रामीणों का इस भव्य आयोजन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह जीत टीकाराम जूली की नहीं बल्कि ग्रामीण की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन ने कंधे से कंधा मिलाकर मेरे संघर्ष को आसान जीत में बदलकर मुझे नायाब तोहफा दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता को एक नेता नहीं बल्कि एक बेटा मिला है जो अपना पूरा जीवन इस क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित कर रहा है। इस अवसर पर रामगढ़ विधायक जुबेर खान, राजगढ़ विधायक मांगीलाल, सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, रियासत खान,हाजी इसराइल खान,फारुक,जुबेर, जफरु खान,अजीत गुर्जर,संजीव बारेठ,अजीत यादव,गफूर खान, पुष्पेंद्र धाबाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का स्वागत किया।

### मानवाधिकार दिवस पर कंबल वितरित

**शाहपुरा ।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय संगठन-यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के तत्वाधान में विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद माननीय रामचरण बोहरा ने शुभारंभ किया।

अध्यक्षता डॉ.तरूण बांकोलिया राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल ने की। अतिथि समाज सेवी अक्षय बोहरा, मदन मोहन मीना,रा.सलाहकार संदीप, प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रराज मीणा, जिलाध्यक्ष मनोज दुब्बी रहे। यूएचआरसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बांकोलिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार व संस्था के स्थापना दिवस पर पूरे देश पर में गरीब, असहाय व जरूरत मंद लोगों को कम्बल वितरण किया जावेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद के कर कमल द्वारा किया गया है रविवार को देश के 16 राज्य में टीमों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रियंका शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अवदेश कुमार, महासचिव देवनारायण खोलिया, संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार वर्मा, बन्नी सिंह, प्रेम प्रकाश मीना, जिला उपाध्यक्ष सुनील खजोतिया, समाज सेवी ओमप्रकाश, सुरेन्द्र मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 80 गरीब बच्चों को जाकेट बांटी



**मनोहरपुर ।** निकटवर्ती ग्राम बिशनगढ के निवासी व विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता श्री रणवीर सिंह यादव और स्कूल लेक्चरर उनकी पत्नी श्रीमती पूजा देवी यादव ने टोंक जिले की उनियारा तहसील के ग्राम झुंडवा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपनी 1 वर्षीय सुपुत्री चारूल का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया । यादव ने विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक के 80 गरीब बच्चों को शानदार जैकेट वितरण की ! जैकेट प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे । यादव ने बताया कि भीषण कड़ाके की सर्दी में ये गरीब बच्चे ठिठुरते रहते थे जिनको देखकर लेक्चरर पूजा देवी यादव को बहुत दया आ जाती थी । जिसके बाद हमारी बेटी के पहले जन्मदिन पर यह नेक काम करने की ठानी । और दोनो पति पत्नी ने मिलकर यह नेक कार्य करने का बीड़ा उठाया । यादव ने गणवेश को अनुशासन का पर्याय बताते हुए कहा कि विद्यालय में गणवेश से अनुशासन के साथ-साथ समानता का भाव उत्पन्न होता है । यादव ने कहा कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने व उन्हें फिट रखने के लिए खेलों के आयोजन भी जरूरी है उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने बच्ची को आशीर्वाद दिया।

### सड़क पर गड्ढ़ों की भरमार

**सांभरझील,** (निसं)। यहां तेली दरवाजा रोड से नकाशा चौक तक व सिंधी बाजार से गोला बाजार तक सड़कों पर अनगिनत छोटे-बड़े गुड्ढो को भरवाने लिए पिछले करीब 2 साल से कोई प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं प्रयास होते तो छोटे गड्डे, बड़े गड्डों में तब्दील नहीं हो पाते। आमजन नगर समस्याओं को दूर करवाने के लिए प्रतिनिधि के रूप में पार्षदों को चुनकर भेजते हैं ताकि उन्हें सुख सुविधा का सुख प्राप्त हो सके, लेकिन पार्षद अपनी भूमिका भूल जाए तो ऐसे में अब सवाल यह है कि आमजन किससे गुहार लगाए, क्योंकि नगरपालिका में साधारण लोगों की सुनवाई होती नहीं है। ऐसे में विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर इन सड़कों के हालात सुधारने के लिए पालिका प्रशासन आखिर किसके आदेश के इंतजार में बैठा है। तेली दरवाजा रोड से होते हुए एक रास्ता सिंधी बाजार की ओर भी जाता है। यहां से गोला बाजार के नजदीक पुरानी धान मंडी पर अधिक धार्मिक स्थल है और व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है यानी बाहर से जो लोग धार्मिक तीर्थ स्थलों पर आते हैं वहां तक पहुंचने के लिए यह दोनों मार्ग प्रमुखता से काम में आते हैं, इससे सहजता से यह अनुमान लगाना आसान है कि सुबह से देर रात तक यहां से कितने लोग आते जाते हैं। तेरी दरवाजा रोड पर ही नेहरू पार्क के सामने जलदाय विभाग की ओर से पानी की सप्लाई किए जाने के लिए चार जगहों पर वाल्व लगे हुए हैं, इनकी वजह से भी ये गड्ढे और बड़े हो गए हैं तथा पानी सप्लाई के दौरान यहां पर प्रतिदिन हजारो लीटर पानी भी बह रहा है। दुखी होकर कई लोगों का कहना है कि यहां पर जिस प्रकार से पालिका अपनी कार्य शैली को प्रदर्शित कर रही है उस हिसाब से इस डिपार्टमेंट को ही यहां से खत्म कर देना चाहिये, क्योंकि न तो पालिका उनके हाल सुन रही है और न ही पार्षद उन्हें निहाल कर रहे हैं।

### कारों में आग लगाई

**बौंली, बामनवास ।** क्षेत्र के मलारना डूंगर कस्बे के मलारना स्टेशन रोड पर दो लग्जरी कारों में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी जिससे दोनों कारें जल गई। जानकारी के अनुसार मलारना डूंगर कस्बे में मोहम्मद अकरम खान व उनका पुत्र मोहम्मद अमान खान निवासी संजय नगर कोटा अपने परिवार के साथ शादी समारोह में आए हुए थे उन्होंने अपनी दोनों लग्जरी ब्रिजा व क्रेटा को अपने घर के बाहर मलारना स्टेशन रोड पर खड़ी करके रात्रि को आराम कर रहे थे इसी दौरान करीब 3:00 बजे अचानक कारों में से आग की लपटे उठने लगी जिसे देखकर आसपास हड़कंप मच गया एवं दोनों पिता, पुत्र मौके पर पहुंचे व मोटर चलाकर आग पर काबू पाया लेकिन दोनों कारें जल गई। सूचना पाकर मलारना डूंगर सर्किल इंस्पेक्टर लखन सिंह खटाणा मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे एवं सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय से एसएफएल टीम को मौके पर बुलाकर सीसीटीवी कैमरे आदि से साक्ष जुटाकर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया।

### नाजिम खान जिला मंत्री नियुक्त

**कोटपूतली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के निर्देशानुसार व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हामीद खान मेवाती, जिला जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा एवं भाजपा जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला की सहमति से अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार खान ने कस्बे के गंगा कॉलोनी निवासी नाजिम खान लुहार को अल्पसंख्यक मोर्चे के जयपुर देहात उत्तर का जिला मंत्री नियुक्त किया है।

### बालक को बाल मजदूरी से कराया मुक्त

**करौली।** प्रयत्न संस्था, श्रम विभाग ठामीण विकास एवं प्रशिक्षण संस्था,पुलिस थाना कोतवाली के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को करौली कोतवाली थाना अंतर्गत ट्रक यूनियन के पास रवि आयरन वर्क्स से एक नाबालिक बच्चे को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। मौके पर दुकान मालिक चेतन अठावाल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। नियोक्ता के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज करवा कर चाइल्डलाइन के माध्यम से बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

### छात्र पर हमला

**बौंली, बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय की मधुबन कॉलोनी खेरदा में एक छात्र को अध्ययन में आ रहे व्यवधान के कारण युवकों को शोर मचाने से रोकना भारी पड़ गया । क्रोधित दोनों युवकों छात्र पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया । छात्र के सिर में पांच टांके आए हैं। जानकारी के अनुसार सवाई माधोपुर कोतवाली थाने में छात्र लल्लू लाल मीणा उम्र 28 वर्ष ने मामला दर्ज कर बताया कि वह मधुबन कॉलोनी रेलवे फाटक के पास किराए का कमरा लेकर रेलवे परीक्षा की तैयारी कर रहा है इसी दौरान मेरे पास वाले कमरे में रह रहे दो लड़के जिसमें से एक का नाम मनीष मीणा निवासी जटावती है व एक अन्य शोर मचाकर पढ़ाई में व्यवधान डाल रहे थे उन्हें जब मना किया तो वह नाराज होकर गली देने लगे एवं मेरे कमरे पर आकर मुझे गिरा दिया व लोहे की रॉड से मेरा सर फोड़ दिया ज्यादा खून बहाने से मैं बेहोश हो गया।

# केंद्रीय मंत्री गोयल ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए

**दौसा।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार शाम को सपत्नीक परिवार के साथ मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन किए।

- 'हमारी दस साल की यात्रा श्रीराम के चरणों में समर्पित'
- 22 जनवरी को अयोध्या में मंदिर की होगी प्राण प्रतिष्ठा

जयपुर से श्री महावीर जी जाने के दौरान केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल रविवार शाम को सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे। जहां उन्होंने पत्नी परिवार के साथ बालाजी दरबार के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर के पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजा अर्चना करवाई, साथ ही पीयूष गोयल ने मंदिर परिसर में बैठकर सुंदरकांड के पाठ भी किए।इस दौरान उन्होंने कहा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। 10 साल की हमारी जो यात्रा रही, इसे मैं प्रभु श्रीराम और बालाजी के चरणों में समर्पित करता हूं और मेरी कामना है कि हमारा देश नई ऊंचाइयों को छुए। मैंने बालाजी से कामना की है देश से गरीबी दूर हो और देश की 140 करोड़ की आबादी सुख-शांति व समृद्धि से जिए, साथ ही भारत एक विकसित देश बने। केंद्रीय मंत्री गोयल बालाजी मंदिर की व्यवस्थाओं का कायाकल्प देखकर अभिभूत हुए। उन्होंने कहा 2014 में प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी और उसका असर मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में भी दिखाई दे रहा है। जहां व्यवस्थाएं पूरी तरह स्वच्छ और स्वस्थ दिखाई दे रही हैं। जिसके चलते यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुकून व राहत मिल रही है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा मुंबई से जयपुर होते हुए मेरा कार्यक्रम श्रीमहावीरजी जाने का था, लेकिन जैसे ही मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के समीप पहुंचा तो मन हुआ कि बालाजी के भी दर्शन करने चाहिए और मैं पत्नी के साथ बालाजी मंदिर आ गया। दर्शन करने के बाद मुझे बेहद अच्छा लगा की वे उन्होंने कहा बालाजी मेरे आराध्य हैं और वे अक्सर यहां आता रहते है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मिले वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय मंत्री कोयल का स्वागत भी किया गया।

# चौमूं सरकारी अस्पताल के बाहर धरना समाप्त

**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )** चौमूं उपखण्ड क्षेत्र के गोविन्दगढ थाना इलाके के निवाणा गांव में एक युवक का शव मिलने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चौमूं सरकारी अस्पताल के बाहर ग्रामीणों व परिजनों के द्वारा चल रहे धरने को पुलिस प्रशासन व चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के समझाइश इसके बाद रविवार शाम करीब 5:00 बजे धरना समाप्त किया ।

- पुलिस प्रशासन व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की समझाईश के बाद मृतक के परिजनों ने धरना समाप्त किया

ग्रामीण सुबह से आरोपियों की गिरफ्तारी और आर्थिक मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। धरने की सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी सुरेश कुमार, गोविन्दगढ सीओ बलराम चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों से काफी समझाइश के बाद इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने के मामले में अमरसर पुलिस थाने के एएसआई ओंकार मल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ। धरना स्थल पर चौमूं विधायिका डॉ शिखा मील बराला जी, शाहपुरा से बीजेपी के प्रत्याशी रहे उपेन यादव, आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव भी पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया। अमरसर पुलिस थाने के ए एस आई ओंकार मल सिंह को लाइन हाजिर करने के बाद धरना समाप्त हुआ।

### लैब-डे का हुआ आयोजन

**निवाई ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतुर्भुजपुरा में राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार लैब डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ विनोदकुमार तिवारी एवं ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के ओमप्रकाश गौतम द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रभारी शिक्षक धर्मपाल यादव और रामकेश मीणा द्वारा लैब में संबंधित उपकरणों को विषय वार प्रदर्शित कर उनका प्रयोग बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। इसमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान से संबंधित विभिन्न उपकरणों के साथ-साथ गणित एवं कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान स्थानीय विद्यार्थियों द्वारा निरीक्षणकर्ता अधिकारी को विभिन्न उपकरणों के बारे में जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में डॉ. विनोदकुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

# संकल्प यात्रा अभियान के लिए समिति गठित

**अलवर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय व आवासन एवं शहरी मंत्रालय द्वारा आयोजित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के तृतीय चरण के तहत अलवर जिले में यात्रा के सफल आयोजन, क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

जिला कलक्टर अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के सम्पूर्ण अभियान हेतु नोडल अधिकारी नगर निगम आयुक्त अलवर होंगे। इसी प्रकार जिला उद्योग केन्द्र अलवर के महाप्रबंधक, जिला रसद अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक पीएमबी मनुमार्ग, रीको अलवर के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, सीएमएचओ, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अलवर आगार के मुख्य प्रबंधक, नगर विकास न्यास अलवर के सचिव, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियन्ता, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक, जिला खेल अधिकारी, युवा समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र एवं रेलवे जंक्शन अलवर के स्टेशन अधीक्षक सदस्य होंगे। उन्होंने गठित समिति को निर्देशित किया है कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" अभियान के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु जारी दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने विभाग से संबंधित भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक आमजन तक पहुंचाते हुए अभियान को सफल बनाया जाना सुनिश्चित करें।

### भंवर जितेंद्र सिंह बहरोड पहुंचे

**बहरोड़/ नीमराना।** हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद स्थानीय प्रतिनिधि संजय यादव कांठोस पार्टी के उम्मीदवार की हार की चुनावी समीक्षा के बहाने कांग्रेस के दिग्गज नेता भंवर जितेंद्र सिंह लोकसभा चुनाव का लाभ लेने के लिए मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के शाहजहांपुर और बहरोड़ पहुंचे।

बहरोड़ कस्बे के एक निजी मैरिज गार्डन में हुई बैठक के दौरान क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सहित बाहर के कार्यकर्ताओं ने भी इस बैठक में भाग लिया। जिसमें एक तरफ जहां जिला पार्षद से विधायक का चुनाव लड़े संजय यादव के कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार के रूप में उम्मीद से अधिक वोट मिलने से उन्होंने बहरोड़ पहुंचकर लोकसभा चुनाव के मददेनजर बैठक ली। व कार्यकताओं को आगामी चुनाव में जुटने का आव्हान किया।

# सामूहिक विवाह समिति भंदे बालाजी की बैठक हुई

**फुलेरा**(निस)। कस्बे के निकटवर्ती क्षेत्र श्री भंदे के बालाजी पर श्रीब्रह्म प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति समाज विकास एवम विवाह समिति की बैठक अध्यक्ष हुकमाराम दंबीवाल के नेतृत्व में आयोजित हुई।

बैठक में प्रजापति समाज का आने वाली 14 फरवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया साथ ही सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओ को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई। अध्यक्ष हुकमाराम

- पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई

दंबीवाल ने बताया की श्री भंदे के बालाजी प्रजापति समाज का यह दशम विवाह सम्मेलन है जिसमे आसपास के क्षेत्र से विवाह योग्य जोड़ों का रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है जिसमे समाज के परबुधजनों ने सम्मेलन के प्रचार प्रसार को लेकर भी विचार विमर्श किए गए है और समिति के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इस मौके पर कन्हैयालाल प्रजापति ,गोरधन टटवाडिया,किशनलाल प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति,लालचंद छापोला, सुरेंद्र प्रजापति,सुभाष प्रजापति, कानाराम प्रजापति, रामेश्वरलाल गोयल,बाबूलाल होदकस्या, कैलाश प्रजापति,रामस्वरूप सिंगवाल, बनवारी लाल प्रजापति, भोरेलाल प्रजापति, आशीष कुमार, विनोद प्रजापति आदि मौजूद थे।



श्री भंदे के बालाजी पर श्रीब्रह्म प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति समाज विकास की बैठक आयोजित हुई।

### 72678 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दो दिवसीय उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ रविवार को किया गया। सीएमएचओ डॉ. निर्मल कुमार जैन ने बताया कि अभियान के तहत प्रथम दिवस रविवार को प्रातः 08 से सायं 05 बजे तक सभी पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि जिले में पोलियो अभियान के तहत 1453 पोलियो बुथ, 89 मोबाईल टीम, 26 ट्रांजिट टीम बनाई गई है। जिसके तहत 172 सुपरवाईजर मॉनिटरिंग हेतु लगाये गये है। वहीं जिले में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 155988 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की मॉनीटरिंग के लिए सीएमएचओ के निर्देशन में जिला स्तर से टीम का गठन भी किया गया है। रविवार को प्रथम दिवस कोटपूतली-बहरोड़ जिले के 1453 पोलियो बुथों पर कुल 72678 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। कोटपूतली-बहरोड़ आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत द्वितीय दिवस सोमवार को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। रविवार को डॉ. अरविंद अग्रवाल, डॉ, जय भगवान यादव, डॉ. प्रमोद भदौरिया, रविकांत जांगिड़ द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अभियान की मॉनीटरिंग की गई।

# महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान एवं माली समाज की मीटिंग आयोजित



महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान एवं माली समाज की मीटिंग आयोजित।

**चाकसू**(निस)। कस्बे के मनोहर तालाब की पाल पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान प्रांगण में रविवार को सेवा संस्थान के पदाधिकारियों,सदस्यो एवं माली समाज बंधुओ की मीटिंग राधेश्याम मौर्य जादम की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मीटिंग में सर्व सहमति से आगामी 12 मार्च 2024 फुलेरा दोज को आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सम्मेलन व्यवस्था हेतु 17 दिसंबर 23, रविवार को प्रातः 11 बजे संस्था प्रांगण में ही चाकसू की कार्यकारिणी और चाकसू चारों पलसा की मीटिंग का आयोजन

- आगामी फुलेरा दोज को सामूहिक विवाह सम्मेलन का निर्णय लिया

किया जाने का निर्णय लिया गया।

मीटिंग में श्रवण धासला, सुरेश चंद जादम कोटखावदा, संस्थान के संरक्षक रूपनारायण सरसवाल छांदेल, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जमालदिया कोटखावदा, कोषाध्यक्ष ग्यारसीलाल बरखेड़ा, सचिव सत्यनारायण तंवर, सदस्य सुरेश चंद सरसवाल,ओम प्रकाश सरसवाल, हरिनारायण भीटरवाल केशवपुरा, शंकर लाल हलसोरा चंदलाई, भैरूराम तीतरिया, मुकेश अजमेरा शिवदासपुरा, सुरेश चंद सवाई माधोसिंह पूरा, भंवर लाल सरसवाल, छीतर मल सरसवाल, जगदीश जादम, शंकर लाल, राकेश टांक, विनोद हलसोरा, बोदू टांक, सुरेश चंद मली का मावर, विनोद मली का मावर, रामकिशोर पोस्टमैन, रामगोपाल गढ़राल्या , छोटूराम अजमेरा, पीतांबर मोड़ा, सोहन लाल दरीबा, हनुमान सिंह राज कच्छावा, प्रीतम जादम, विजेंद्र टांक, मुकेश पटवारी, रामस्वरूप सहित चाकसू एवम् आस पास के गांवों से कई समाज बंधु उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त

### नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

**शाहपुरा ।** उपखंड शाहपुरा के गांव बिदारा में रविवार को राउमावि बिदारा के परिसर में राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। इस दौरान एएनएम संतोष वर्मा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोशनी वर्मा,सहयोगिनी मीरा शर्मा,सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर आदि ने नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाई गई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर,दिनेश कुमार ब्रजवाल ने बताया कि डब्ल्यूएचओ ने भारत को 2014 में पोलियो मुक्त घोषित कर दिया था। गांव के 0 से 5 वर्ष तक के बालकों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।पोलियो की दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को डोर टू डोर, कच्ची बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा भी पिलाई गई।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 12 दिसंबर मंगलवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन,एवम् रहने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

### थानाधिकारी का सम्मान

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बा खाटू श्याम जी के पुलिस थाना इंचार्ज सुभाष यादव के सीआई पद पर प्रमोशन होने पर सम्मान किया गया। रविवार को श्रीमाधोपुर पुलिस थाना सीएलजी सदस्य राजू बागवान, लालचंद सैनी, दिलीप सिंह शेखावत, मुकेश सैनी, सौरभ महला, राजेंद्र बाजिया ने खाटूश्यामजी पुलिस थाना पहुंचकर सीआई सुभाष यादव को पुष्प माला, साफा, गुलदस्ता व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। श्रीमाधोपुर सीएलजी सदस्यों ने पूर्व में श्रीमाधोपुर चौकी इंचार्ज रहे सुभाष यादव के कार्यों की सराहना की।

# विधायक भाटी ने मालपुरा में युवाओं से किया संवाद


शिव विधानसभा विधायक रविन्द्र सिंह भाटी का मालपुरा में रघुवीर सिंह सहित समर्थकों ने किया स्वागत

**मालपुरा** (निस) विधानसभा चुनाव 2023 मे भाजपा टिकट से वंचित हो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनावी मैदान मे ताल ठोंक जनसमर्थन से विधायक बने रविन्द्र सिंह भाटी शनिवार की देर शाम को मालपुरा पहुंचे।

भाटी के मालपुरा पहुंचने पर व्यास सर्किल पर जुटे सैंकडो युवाओ ने भाटी को फुल मालाओं से लाद जोरदार स्वागत किया। पूर्व बार अध्यक्ष व राजपूत समाज के कदावर नेता स्व. रणधीर सिंह ठाकुर के पुत्र रघुवीर सिंह

- शिव से निर्दलीय विधायक बने है रविन्द्र सिंह भाटी

व पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड की अगुवाही मे सैंकडो की संख्या मे जुटी भीड ने भाटी का गर्मजोशी से स्वागत कर 11 राजस्थानी पगडियां पहना विधायक बनने पर बधाई दी। विधायक भाटी ने युवाओं के बीच अपने ही अंदाज मे युवाओं से संवाद करते हुए दिये उदबोधन मे कहा कि किसी भी मंजिल को पाने के लिए मन मे दृढ ईच्छा शक्ति व लक्ष्य बैहद जरूरी है। बिना ईच्छा शक्ति के कोई भी कार्य पूरा नही होता । विधायक भाटी ने बताया कि विधार्थी जीवन व कॉलेज लाईफ मे उन्होने विधार्थी परिषद से टिकट मांगा लेकिन नही मिला। समर्थक व साथी विधार्थियो की मांग व जोश के आधार पर निर्दलीय चुनाव लड प्रसिडेंट बना। इस बार शिव विधानसभा से भाजपा का टिकट मांगा लेकिन सफलता नही मिली। समर्थको व विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांग पर निर्दलीय चुनावी मैदान मे उतर भाजपा कांग्रेस प्रत्याशियो को पछाड निर्दलीय विधायक की जंग जीती। महज 26 साल की उम्र मे विधायक बन विधानसभा पहुंचने का श्रेय विधायक भाटी ने शिव विधानसभा के मतदाताओं व मालपुरा पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड को देते हुए राठोड का आर्शीवाद लिया। डीवाईएसपी राठोड ने राजपूती शान की पगडी पहना विधायक भाटी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मालपुरा बार अध्यक्ष रवि कुमार जैन,रघुवीर सिंह आखतडी, ओमप्रकाश सोनी, शेरसिंह राजावत,डॉ. नासीर हुसैन, सुर्यप्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, पार्षद डॉ. अंकित कुमार जैन,भाजपा जिला आईटी सेल से सुरेश शर्मा जानकीपुरा, एडवोकेट विनय कुमार जैन, सहित बडी संख्या मे युवा टीम मौजूद रही।

## दिव्यांगों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : गुप्ता

**टोंक।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एवं दिशा कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता ने निवाई में योगेश शैक्षिक पुर्नवास एवं शोध संस्थान में लायन्स क्लब निवाई के सौजन्य से आयोजित दिव्यांगों की सहायतार्थ आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगों तथा बेसहारा बच्चों के पुनर्वास, सेवा, सुरक्षा से बढकर कोई धर्म हो नहीं सकता। कार्यक्रम में लायन्स क्लब के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सर्राफ ईटावा वाले के शादी की 30 वीं सालगिरह पर उनकी ओर से 130 दिव्यांग बच्चों को गर्म जर्सियां वितरित की गई, तथा उन सहित करीब 300 लोगों को भोजन कराया, अशोक अग्रवाल ने सभी अतिथियों का साफा व माल पहनाकर सम्मान किया तथा अशोक का पौधारोपण भी किया। गुप्ता ने कहा कि देश में 300 करोड़ रूपये से अधिक की नगद राशि बरामद होने की घटनायें सामने आ रही है, लेकिन ऐसे लोग दिव्यांगों एवं बे-सहारा बच्चों की दुआऐं प्राप्त करते तो शायद इन घटनाओं से बचा जा सकता था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लॉयंस क्लब के रीजनल चौयरपर्सन विकास खटोड, विशिष्ठ अतिथि जोन पर्सनल श्रीमती संध्या टंडन, समाजसेवी हुक्मचंद जैन प्रेस वाले रहे।

## सार-समाचार

### डॉ. किरोडी ने की पूजा



**राजगढ़ ।** राजस्थान के सवाई माधोपुर से नवनिर्वाचित विधायक डॉ किरोडी लाल मीणा ने रविवार को कुलदेवी मनसा माता की पूजा अर्चना कर मनौती मांगी एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की। मीणा ने रविवार को मेहंदीपुर बालाजी स्थित मंदिर में भी पूजा की। राजगढ़ जामडोली मार्ग पर ठेक डीन के समीप पहाड़ी क्षेत्र में माता मंदिर पर हवन कर पूजा की। । इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शुभचिंतक एवं सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

### महिला का शव बरामद

**मालपुरा** (निस) सुप्रिसद्ध तीर्थ स्थल व डिग्गी कल्याण महाराज की धर्मनगरी डिग्गी कस्बे की एक होटल के स्टाफ क्वाटर मे शनिवार की देर रात्री को संदिग्ध परिस्थितियो मे महिला का शव मिलने से फैली सनसनी। मिली जानकारी मे सामने आया कि धर्म नगरी डिग्गी व नुक्कड चौराहे के बीच संचालित एक होटल मे काम करने वाली एक महिला का शव स्टाफ क्वाटर मे संदिग्ध परिस्थितियो मे मिलने की मिली सुचना पर पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड डिग्गी थाना पुलिस जाप्ते के साथ होटल पर पहुंचे। स्टाफ क्वाटर मे मिले महिला के शव को पुलिस सुरक्षा मे ले डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया। राठोड ने बताया कि महिला की पहचान मध्यप्रदेश के बाधा खेडा जिला बैतुल की सोभापुर कॉलोनी निवासी सुनिता पत्नि दीपक उम्र 3० वर्ष के रूप मे की गई। दस्तावेजो मे मिले मोबाईल नम्बर पर परिजनो को घटना से अवगत करवाया गया। रविवार की शाम को समाचार लिखे जाने तक महिला का शव अस्पताल की मोर्चरी मे पुलिस सुरक्षा मे रहा। परिजनो के आने के बाद शव का होगा पोस्टमार्टम। होटल संचालक से मिली जानकारी मे सामने आया कि मृतक महिला सुनिता अपने पति के साथ शनिवार की शाम जयपुर से डिग्गी पहुंची थी। पारिवारिक मामले को लेकर दोनो के बीच मामुली कहासुनी के बाद दीपक होटल पर खाना लेने चला गया। वापस आया तो सुनिता मृत मिली। दोनो पति-पत्नि लम्बे समय से होटल मे काम करते थे। फिलहाल महिला की हत्या व आत्महत्या के कारणो की जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### टीकाकरण अभियान का शुभारंम्भ

**टोंक।** बच्चो को पोलियो बीमारी से मुक्त रखने के लिए रविवार से 3 दिवसीय उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान का सासंद व जिला प्रमुख सरोज बंसल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र पर दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर नरेश बंसल, सीएमएचओ डॉ श्याम सुंदर अग्रवाल, पीएमओ डॉ बी एल मीणा, डॉ विनोद परवेरिया, डिप्टी कंट्रोलर डॉ चेतन जैन, सिंहराम गुर्जर व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक व नर्सिंग कर्मी उपस्थित रहे। इस मौके पर सासंद श्रीमान सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि पोलियो के खिलाफ बच्चो के सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये।

### रसोईये की मौत

**मालपुरा** (निस) शनिवार की देर रात्री को शहर के सार्वजनिक विश्राम गृह के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मालपुरा एसडीएम के रसोईये की हुई मौत। थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि शनिवार की रात को बीच सडक पर एक बाईक सवार के अचेतावस्था मे पडे होने की मिली सुचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को मालपुरा अस्पताल मे भर्ति करवाया। चिकित्सको ने स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मालपुरा एसडीएम आवास पर लम्बे समय से खाना बनाने का कार्य कर रहै लालाराम प्रजापत निवासी चोगाई तहसील पीपलू के रूप मे की गई। सुचना पर पहुंचे परिजनो को शव को सुपुर्द किया ।

### मानवाधिकार दिवस मनाया

**टोंक।** कांग्रेस कमेठी के मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरजमल मीणा की अध्यक्षता में स्थानीय डाक बंगले में मानव अधिकार दिवस आयोजित किया गया, जिसमें सेवादल के जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिद खान ने मुख्य अतिथि पर से सम्बोधन में मानव अधिकारो के हित व प्रकृति के संरक्षण के सम्बन्ध में व्यक्तव्य दिया। उक्त आयोजन में अजीम खान, अजीमूद्दीन, अनीस मास्टर, देवेन्द्र वर्मा, प्रहलाद बैरवा, रामदयाल बगडी, इरशाद खान, शहर अध्यक्ष सेवादल इस्माईल खान, शोयब खान व अयुब खान सहित इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कैलाश गौरा सम्मानित

**श्रीमाधोपुर ।** चौमू शहर के कचौलिया रोड़ पर स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक डॉ.शिखा मील बराला के सानिध्य में दी बार एसोसिएशन चौमूं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश गौरा, उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, महासचिव महेश देव सैनी, कोषाध्यक्ष प्रदोष मान व अन्य सदस्यों का माला व साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर मय ट्रोली जप्त

**टोंक।** निवाई क्षेत्र के वृताधिकारी इन्दु लोदी व बरोनी थाना अधिकारी ओमप्रकाश द्वारा मय जाप्ता के ग्राम करिरीया में गस्त के दौरान एक बिना नम्बरी ट्रेक्टर मय ट्रोली अवैध बजरी परिवहन करते जप्त किया गया। जिसको मौके से जप्त कर चालक व मालिक के विरूद्ध अभियोग दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है।

## सहस्त्र कूट जिनालय का हुआ शुभारंभ

**निवाई ।** सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ कमेटी के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में चातुर्मास निष्ठापन एवं पिच्छिका परिवर्तन समारोह में 108 फीट उत्तुंग कलशाकार सहस्त्रकूट जिनालय का शुभारम्भ हुआ। जिसमें मंगल कलश स्थापना करने का सोभाग्य सतीश जैन, नीलू जैन काला मालवीय नगर व कार्यक्रम का ध्वजारोहण करने का सौभाग्य जितेन्द्र कुमार, मेना देवी जैन जयपुर व महावीर प्रसाद छाबडा को मिला।

मंगलाचरण में भजन गायक अनिल शर्मा एवं कोमल जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी एवं जिन श्री महिला मण्डल एवं महिला मण्डल सवाईमाधोपुर ने सामूहिक नृत्य के साथ मंगलाचरण किया। समारोह में ताराचंद जैन ने दीप प्रज्वलन किया एवं चित्र अनावरण सतीश जैन, नीलू जैन ने किया। स्वर्ण शिला कमला देवी कोटा व रजत शिला रखने का सौभाग्य साधना जैन, कैलाश जैन, अनिल जैन, बसन्त कुमार जैन, अतुल काला, पवन कुमार, नरेन्द्र कुमार कासलीवाल को मिला।

इसी प्रकार कलश शिला रखने का सौभाग्य रमेश जैन, रोनक जैन सराफ, मंजू देवी जैन निवाई को मिला। गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी को पिच्छीका भेंट करने का सौभाग्य विजेंदर कुमार लालकोठी वाले को एवं विक्षाश्री माताजी को पिच्छीका भेंट करने का सौभाग्य राधा निकुंज प्रमिला विपुल पाटनी एवं कमंडल भेंट करने का सौभाग्य कंवर पाल नेहरू नगर जयपुर को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य जगदीश नारायण, कौशल जैन, वस्त्र भेंट करने का सुलोचना देवी नला एवं देवली के नरेश कुमार, बबीता जैन को मिला। पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य विवेक विहार जैन समाज को मिला। समारोह में पण्डित विमल बनेठा एवं पण्डित अजीत शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्रकूट जिनालय की स्थापना करवाई गई।

## भामाशाह ने असहाय एवं गरीबों को कंबल बांटे


समाजसेवी भामाशाह की ओर से असहाय एवं गरीबों को कंबल बांटे

**चाकसू।** (निस.) कस्बे में रविवार को जयपुर के एक प्रमुख समाजसेवी भामाशाह की ओर से एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत ने महाराणा प्रताप कॉलोनी व उप जिला अस्पताल में गरीब व असहाय लोगों को कंबल, मौजे व टोपे वितरित किए।

एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत ने बताया कि समाजसेवी के द्वारा प्रतिवर्ष सर्दी के दिनों में गरीब एवं असहाय लोगों की गुप्त तरीके से सेवा के लिए लगातार सेवा किया किया जाता है। इस बारे में समाजसेवी ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए उनके द्वारा यह प्रयास किया गया है। क्योंकि हमने देखा है कि पैसे वाले तो सर्दी से बचाव के लिए अपने लिए गर्म कपड़े, रजाई आदि खरीद लेते हैं मगर गरीब एवं असहाय लोग पैसे के अभाव में अपने लिए ये सब नहीं खरीद सकते हैं इसको ध्यान में रखते हुए हम सभी को यह प्रयास जरूर करने चाहिए जिससे किसी भी असहाय व्यक्ति को सर्दियों में कोई परेशानी न उठानी पड़े। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया संयोजक जिला विधि प्रकोष्ठ जयपुर देहात दक्षिण, उपजिला अस्पताल पीएमओ डॉ रितुराज मीणा, डॉ रामकुमार सिंह, डॉ राजेंद्र कुड़ी, सुरेंद्र यादव, राठौड़,राधेश्याम चंदलाई, बाबू भाई नेपाली आदि मौजूद रहे।

## 'सत्ता का सुख नहीं आम जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य'

**पावटा।** सत्ता का सुख नही आम जनता की सेवा ही मेरे जीवन का लक्ष्य है। इसके लिए चाहे मुझे कितनी ही बाधाओ व चुनौतियों का सामना क्यो ना करना पडे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने मे क्षेत्र की जनता का सहयोग व आशीर्वाद मिला है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे एक लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिये, सही लक्ष्य का चयन स्वयं के साथ साथ समाज को भी बेहतर दिशा प्रदान करता है। विराटनगर क्षेत्र संस्कृति का ऐतिहासिक धरोहर है यहाँ के लोगों को आपसी सद्भावना व भाईचारा विरासत से प्राप्त है। विराटनगर क्षेत्र मे खेल, संगीत, साहित्य, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्य की अपार संभावनाए है। जिन्हे और बेहतर करने की आवश्यकता है। मेरे जीवन का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग समुदाय के सामाजिक और आर्थिक स्तर मे सुधार हो। लोग आत्मनिर्भरता व स्कारात्मक व्यवस्था के साथ अपना जीवन निर्वहन करे। समाज के हर वर्ग व तबके के आखरी पायदान पर खडे अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकार की तमाम योजनाओ का लाभ पहुँचे। कोई भी व्यक्ति सरकार की और से दिये जाने वाली सुख सुविधाओं व अपने अधिकारों से वंचित ना रहे। एक बेहतर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की परिकल्पना सार्थक होगी। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों की गलियों से शहर की सडको तक गुणवत्ता पूर्वक सडको का निर्माण हो, स्वच्छता पर गतिशील कार्य हो, निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा जन जन तक पहुँचे, महिलाए आत्मनिर्भर व सशक्त हो, युवाओ को रोजगार के अवसर मिले, महिलाओ का समान हो, किसानो को बिजली, खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो जिससे क्षेत्र का किसान स्मृद्ध व मजबूत हो, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र मे बिजली, पानी, सडक की व्यवस्था सुदृढ व सुगम हो, क्षेत्र की व्यवस्था संपूर्ण रूप से स्वच्छ, स्वस्थ और भ्रष्टाचार मुक्त हो। और मुझे यह भी पता है कि यह काम इतना आसान नही है। आप सभी के साथ, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को नया विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की परिकल्पना आप सभी युवा साथी, माता बहनो, बुजुर्गों के आशीर्वाद व दृढ संकल्प से यह कार्य सार्थक होगा। केवल राजनीति नही आम जनता की सच्चे हृदय से सेवा करना ही मेरा मकसद है। मुझे पूरी उमीद व विश्वास है कि आप सभी दलगत राजनीति से उपर उठकर नया विराटनगर विधानसभा क्षेत्र निर्माण मे मेरा सहयोग व साथ अवश्य देंगे।

## विजेताओं को पुरस्कृत किया

**पावटा।** विराटनगर नगरपालिका क्षेत्र के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भागता भारत साप्ताहिक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पूर्व सैनिक जयसिंह धानका ने बताया प्रतियोगिता का उद्घाटन विनोद कुमार गुर्जर एडवोकेट ने किया। मयंक सैनी 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान गोल्ड मेडल विजेता उमेश सैनी, 200 मी. दौड़ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान गोल्ड मेडल हेमंत दोहरिया विजेता रहे। तथा दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं को संस्था की तरफ से शील्ड में मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का नेतृत्व टीम लीडर प्रशांत सैनी ने किया। दिनेश शेखावत पीटीआई सेवा कॉलेज, शीशराम गुर्जर एयू बैंक, सुरेंद्र वाल्मीकि चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा टीम सदस्य गौरव धानका, आलोक वर्मा, शुभम वर्मा, सोनू सैनी इत्यादि रहे। विशेष मार्गदर्शन राम करण कुमावत गुरुजी का रहा।

## निवाई में राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**निवाई ।** भारतीय पुनर्वास परिषद व योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सिरतार इंस्टीट्यूट रोहतक हरियाणा के प्राचार्य डॉ. ए. डी. पासवान सानिध्य में संपन्न हुआ।

संस्थान द्वारा आयोजित सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का विषय विशिष्ट अधिगम अक्षमता का निधान एवं प्रबन्ध रहा। संस्था सचिव डॉ. सीताराम स्वामी ने बताया कि यह कार्यक्रम पुनर्वास के क्षेत्र में विशेषज्ञ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जिसके माध्यम से दिव्यागता के पुनर्वास के क्षेत्र में काम करने वाले पैशेवरों के ज्ञान और कौशल को अपडेट और उन्नत करता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. ए. डी. पासवान ने कहा कि पुनर्वास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य किसी बीमार व्यक्ति को उसके सामान्य जीवन में फिर से शामिल करना है पुनर्वास प्रक्रिया के दौरान शारीरिक, मानसिक, भावात्मक, सामाजिक, व्यवसायिक जैसे क्षेत्रों पर विचार करना महत्वपूर्ण है कार्यक्रम के निर्देशक सीआरसी अहमदाबाद दक्ष विशेषज्ञ डॉ. अजीत कुमार, दिशा संस्थान के सहायक प्रोफेसर सुनीलकुमार अठाहरी, राकेश स्वामी, अरविंद कुमार टेलर ने भी अपनी प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व तहसीलदार ज्ञानचंद जैन ने भी आशिष वचनों से लाभान्वित किया। कार्यक्रम में संपूर्ण राज्य से 75 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपना ज्ञान और कौशल को अपडेट और उन्नत किया। संस्था सचिव डॉ. सीताराम स्वामी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं निदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपाईयों ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पूतला फूंका


कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों पर मिले करोड़ों रु. के विरोध में भाजपा ने पुतला दहन किया।

**पावटा।** देश भर में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों एवं कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में मिले काले धन की 300 करोड रूपयों से अधिक की नकदी बरामद होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध व्यक्त करते हुए विराटनगर कस्बे के मुय बस स्टैंड चौराहे पर सांसद साहू का पूतला फूंका।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपना

- कांग्रेस राज्यसभा सांसद से तीन सौ करोड़ रुपये बरामद

आक्रोश व्यक्त करते हुए भारी नारेबाजी भी की। साथ ही सांसद के विरूद्ध कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान इस दौरान मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी, घनश्याम सैनी, पार्षद बाबूलाल मीणा, विकास शर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रतन सैनी, विक्की हल्कारा ,छात्र नेता सोनू सैनी, विवेक यादव, सुरेश सैनी, रामेश्वर मीणा, मीडिया प्रभारी दीपेश चौबे, जितेंद्र चंदेल, राहुल सैनी, दिनेश सैनी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी

**निवाई।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की योजना अनुसार 22 जनवरी को नवीन मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चनानी मंडल की बैठक आयोजित की हुई।

मंडल संयोजक राजेश कनेसर ने बताया कि श्री सत्यनाथ जी मंदिर सजिया मे मंडल के सभी प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। जिला पाथेय कण प्रमुख प्रेमप्रकाश शर्मा व प्रचारक प्रवीण कुमार ने बताया कि 1 से 15 जनवरी तक प्रत्येक घर में अयोध्या से प्राप्त अभिमंत्रित पीले चावल देकर रामलला के दर्शन करने का निमंत्रण दिया जाएगा और 22 जनवरी को दीपावली जैसा भव्य उत्सव, कीर्तन, सजावट, दीपमालिका व रंगोली सहित हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए ग्राम समितियां का गठन भी किया गया। इस दौरान नंदकिशोर सेन, सुरेश जैन, रामेश्वर चौधरी, नानकराम मीणा, विनोद बैरवा, मीठालाल चौधरी, आसाराम चौधरी, मुकेश गुर्जर व हनुमान टेलर सहित गांव चनानी, बृजलालपुरा, गोपालपुरा, मजूकडा व काचरिया सहित कई गावों के लोग मौजूद थे।

# अलवर में सैनी सामूहिक विवाह समारोह 12 मार्च को


सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति बैठक का आयोजन किया।

**अलवर।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति (रजि.) अलवर के तत्वाधान में रविवार को सैनी विवाह योग्य युवक युवती परिचय एवं पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन काशीराम का चौराहे के पास स्थिति सैनी समाज सभा भवन परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई) ने की।

समिति महामंत्री पदम चन्द सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पांजति व माल्यापर्ण कर की गई। इस अवसर पर 13 युवकों एवे 4 युवतियों ने फार्म भर कर अपना पंजीयन कराया साथ ही आज सामुहिक विवाह के लिये 6 जोडों का पंजीयन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहां कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज वर्तमान समय की आवश्यकता है समाज में व्याप्त कुरूतियों को समाप्त करने हेतु उचित माध्यम है। जिसके लिये सभी के सहयोग की आवश्यकता होती है। शिक्षा के बीना समाज का विकास सम्भव नही है इसलिये बेटियों को उच्च शिक्षा के साथ ही परिवार की बहुओं को भी उच्च शिक्षा के लिये भी जोर देने की बात की गई। समिति द्वारा 27वाँ अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह आगामी 12 मार्च 2023 फुलेरादोज को आयोजित किया जावेगा। आगामी रविवार को प्रचार-प्रसार, जनसम्पर्क सहित विभिन्न कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौपी जायेगी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी, समिति संरक्षक इंजि. निरजन लाल सैनी, सैनी महासभा अध्यक्ष पूरण मल सैनी, समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी, भण्डारण मंत्री रामजीलाल खुराडिया, समिति उपाध्यक्ष रतनलाल सैनी, प्रचार मंत्री कमल सैनी, प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया आदि सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मैं बजरंग बली का भक्त हूं, मैं उनके गाने सुनता रहता हूं, इससे मुझे ताकत मिलती है।

- रिंकू सिंह

भारत के नए क्रिकेटर, एक साक्षात्कार के दौरान बातचीत करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ सूर्य कुमार यादव



**भारतीय** कप्तान सूर्य कुमार यादव ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार से शुरु हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में उनकी टीम बेहतरीन प्रदर्शन के लिये तैयार हैं। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होने कहा कि युवा टीम जोश से लबरेज हैं और मौका मिलने पर टीम का हर सदस्य बेहतरीन प्रदर्शन को लालयित दिख रहा है। उन्होने कहा कि टीम के पास सात गेंदबाजों के विकल्प है हालांकि मौका मिलने पर उनका इस्तेमाल किया जायेगा। धाकड रिंकू सिंह और जितेश शर्मा से कहा गया है कि वह टीम की जरुरत को ध्यान में रखकर अपना प्रदर्शन जारी रख सकते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## एक राज्य में खेला जाएगा डब्ल्यूपीएल : जय शाह

मुंबई, 10 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शनिवार को घोषणा की कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 तार्किक कारणों से केवल एक राज्य में खेली जाएगी और यह फरवरी से शुरू होगी। शाह ने पत्रकारों से कहा, टूर्नामेंट फरवरी में शुरू होगा और हम इसे एक राज्य में आयोजित करेंगे। हमारे लिए, इस बार लॉजिस्टिक्स बहुत महत्वपूर्ण है। शाह ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की कि डब्ल्यूपीएल मुंबई और बेंगलुरु में आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि डब्ल्यूपीएल किस राज्य में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारे पास बेंगलुरु और उत्तर प्रदेश समेत ऐसे कई स्थान हैं जहां हम मैचों की मेजबानी कर सकते हैं। कुछ साल बाद हम इसे गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट और वडोदरा में भी कर सकते हैं। इस बारे में फ्रेंचाइजी मालिकों से चर्चा के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। यह मूल रूप से फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई के बीच एक संयुक्त कॉल है। हम एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। शाह ने उम्मीद जतायी कि डब्ल्यूपीएल का अगला संस्करण और भी अधिक सफल होगा। फ्रेंचाइजी द्वारा अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर बड़ी रकम खर्च करना उन पर उनके विश्वास को दर्शाता है। बीसीसीआई सचिव ने यह भी खुलासा किया कि आईपीएल मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होगा और मई के अंत में खत्म हो जाएगा।

## घुटने की चोट के कारण अबरार पहले टेस्ट में हुए बाहर

पर्थ, 10 दिसंबर। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। रविवार को पीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि अबरार टीम के साथ रहेंगे और पर्थ में इलाज कराएंगे। इसके बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले बाकी दौरे पर उनकी उपलब्धता को लेकर फैसला किया जाएगा। पीसीबी ने अभी तक उन्हें मेलबर्न या सिडनी में होने वाले टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना इंकार नहीं किया है, लेकिन स्पिन पैनल को मजबूत करने के लिए साजिद खान को टीम शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के तीसरे दिन अबरार 27 ओवर फेंकने के बाद दाहिने पैर के घुटने तेज दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। पीसीबी मेडिकल टीम ने प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद उन्हें एमआरआई स्कैन के लिए भेजा तब जाकर चोट की वास्तविक स्थिति का पता चला।

## अमेरिका को हराकर भारत जूनियर विश्वकप में 9वें स्थान पर

सैंटियागो, 10 दिसंबर। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के एक रोमांचक मैच में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हरा कर टूर्नामेंट में नौवां स्थान हासिल किया। निर्धारित समय तक दोनो टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में भारत ने मुकाबला 3-2 से अपने पक्ष में कर लिया। निर्धारित 60 मिनट के दौरान, भारत की मंजू चोरसिया (11) और सुनेलिता टोप्पो (57) ने एक-एक गोल किया, जबकि कीर्स्टन थॉमासी (27, 53) ने यूएसए के लिए दो गोल किए। मैच अंततः 2-2 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ, इस प्रकार पेनल्टी शूटआउट में प्रवेश हुआ, जिसमें दोनों टीमें दो-दो शॉट को गोल में बदलने में कामयाब रहीं, बाद में भारत की गोलकीपर माधुरी किंडो ने शानदार बचाव किया, वहीं पिसल ने शांतिपूर्वक अपने शॉट को गोल में बदलकर भारत को 3-2 से मैच जीतने में मदद की।

## भारत ने पाकिस्तान को दिया 260 रन का लक्ष्य

दुबई, 10 दिसंबर। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (62) और कप्तान उदय सहारन (60) के बीच तीसरे विकेट के लिये 93 रन की साझीदारी की मदद से भारत ने अंडर 19 एशिया कप के ग्रुप ए के मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 259 रन बनाये। आईसीसी अकादमी स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब उनके दो बल्लेबाज मात्र 46 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में आदर्श और सहारन ने संयम से खेलते हुये टीम को मुकाबले में वापस पहुंचाया। आदर्श पारी के 32वें ओवर में विकेट के पीछे लपके गये जबकि सहारन को उबेद शाह ने अपना शिकार बनाया। बाद के ओवरों में सचिन दास (58) ने दो चौके और तीन छक्कों की मदद से स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया जिसके चलते भारत 250 रन के आंकड़े के पार पहुंच सका। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद जीशान ने 46 रन देकर भारत के चार बल्लेबाजों को आउट किया वहीं आमिर हसन और उबेद शाह को दो दो विकेट मिले।

## आईबीए ने चार नए महासंघों को मंजूरी दी

दुबई, 10 दिसंबर। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने शनिवार को यहां कांग्रेस में चार महासंघों की सदस्यता को मंजूरी देने और तीन को समाप्त करने के लिए मतदान किया। स्वीकृत महासंघों में यूएस बॉक्सिंग फेडरेशन भी शामिल है, जो रॉय जोन्स जूनियर के नेतृत्व में एक नया संगठन है और इसका गठन यूएसए बॉक्सिंग की असंबद्धता के बाद हुआ है। इसके अलावा स्विस बॉक्सिंग,नॉरफ़ॉक आइलैंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और तुवालु एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन को स्वीकार किया गया है।



# भारत-दक्षिण अफ्रीका पहला टी-20 बारिश के कारण रद्द

## सीरीज का दूसरा मुकाबला कल पोर्ट एलिजाबेथ में होगा

डरबन, 10 दिसंबर। भारत के साउथ अफ्रीका टूर की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। डरबन में मुकाबले से पहले ही बारिश होने लगी और टॉस तक नहीं हो सका। आखिरकार मैच रद्द करना पड़ा। 3 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला 12 दिसंबर को पोर्ट एजिजाबेथ में खेला जाएगा। भारत ने 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास में अब तक 121 मुकाबले अलग-अलग कारणों से रद्द हुए हैं। सबसे ज्यादा वेस्टइंडीज के 10 मुकाबले नो रिजल्ट रहे हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 24 टी-20 मैच खेले गए। दोनों के बीच दूसरा टी-20 नो रिजल्ट रहा है। 13 में भारत और 10 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट की वजह से टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को इसकी जानकारी दी थी। एनगिडी की जगह तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंड्रिक्स को स्क्वॉड में शामिल किया गया।

## बजरंगबली की आराधना से मिलती है ताकत : रिंकू

डरबन, 10 दिसंबर। लंबे-लंबे छक्के मारने के लिए मशहूर भारत के नए क्रिकेट सुपरस्टार रिंकू सिंह का कहना है कि वह बजरंगबली के भक्त हैं और छक्के चौके मारने की ताकत स्वाभाविक रूप से उनके मजबूत शरीर से आती है। बीसीसीआई.टीवी के साथ शनिवार को एक विशेष साक्षात्कार में अलीगढ़ के रिंकू ने कहा, मैं बजरंग बली का भक्त हूं, मैं उनके गाने सुनता रहता हूं, इससे मुझे ताकत मिलती है। रिंकू ने पहले भी बजरंग बली समेत भगवान में आस्था होने के कई सबूत दिए हैं। अक्टूबर में उन्होंने 2023 एशियाई खेलों के दौरान एक मंदिर के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का दान दिया था। बड़े दिल वाला और जरूरतमंदों की मदद का चरित्र दर्शाते हुये रिंकू गरीब और बेसहारा खिलाड़ियों के लिए एक क्रिकेट अकादमी और छात्रावास बनाने के लिए 50 लाख रुपये का दान दे चुके हैं। एक साधारण परिवार से निकल कर क्रिकेट की दुनिया की सनसनी बन चुके रिंकू फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। उन्होंने टी20 श्रृंखला में अपनी बल्लेबाजी स्थिति का खुलासा किया और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बारे में बात की। उन्होने कहा हमने अच्छा नेट सत्र बिताया। मैं अपने खेल के बारे में राहुल सर के साथ अच्छा समय बिता रहा हूं। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम जिस तरह से खेल रहे हो, वैसे ही खेलते रहो। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे खुद पर विश्वास रखना है। उन्होंने कहा कि मुझे बल्लेबाजी करनी होगी। भारत के लिए टी-20 में नंबर पांच पर वहां खेलना कठिन है, लेकिन खुद पर भरोसा रखें। रिंकू ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक अलग-अलग टीमों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की है। उन्होंने कहा, मैंने अपना घरेलू करियर उत्तर प्रदेश से शुरू किया था और 2013 से इस अलग भूमिका को निभा रहा हूं। रिंकू ने कहा नंबर पांच पर बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है क्योंकि अगर तीन से पांच विकेट जल्दी गिर जाते हैं तो पारी को स्थिर करना और तेजी से रन बनाना उनके लिए कठिन काम होगा। उन्होंने कहा, मेरा स्वभाव शांत है। इससे मुझे टी20 में कठिन परिस्थितियों में अच्छी बल्लेबाजी करने में मदद मिलती है। रिंकू ने कहा कि उन्हें मौजूदा सेटअप में कुलदीप यादव, आवेश खान, रवि बिश्नोई के साथ समय बिताना पसंद है। अलीगढ़ में जन्मे क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर पांच मैचों की टी20 सीरीज में कुछ अच्छी पारियां खेली थीं, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीकी परिस्थितियों में एक बड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत ने टी20 श्रृंखला के लिए 17 खिलाड़ियों को चुना है, जिनमें से केवल तीन श्रेयस अय्यर, मुकेश कुमार और ईशान किशन वनडे विश्व कप का हिस्सा हैं।

## डब्ल्यूपीएल नीलामी में नहीं मिले सितारों के खरीददार

मुंबई, 10 दिसंबर। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की शनिवार को हुयी नीलामी में कवीश गौतम और एनाबेल सदरलैंड की बोली में फ्रेंचाइजी ने करोड़ों लुटाये वहीं चमारी अथापथु और डींड्रा डॉटिन जैसे बड़ें सितारों को कोई खरीददार नहीं मिला। फ्रेंचाइजी ने 30 अलग-अलग खिलाड़ियों पर 12.75 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन बड़े खिलाड़ियों पर खर्च करने से हाथ खींच लिया। डॉटिन का बहिष्कार पिछले साल गुजरात जायंट्स के साथ उनके 60 लाख रुपये के अनुबंध को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर हुआ है। उस समय बहस छिड़ गई थी जब वह डब्ल्यूपीएल नीलामी से अनुपस्थित थीं, जहां उनका आधार मूल्य 50 लाख रुपये था। डॉटिन क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी में उत्कृष्टता के साथ साथ शक्तिशाली हिटिंग के लिए जानी जाती है। उन्होने अपने टी20 करियर में दो हजार 629 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 62 अंतरराष्ट्रीय विकेट शामिल हैं। श्रीलंका की कप्तान अथापथु 50 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ मैदान में उतरी थी मगर उन्हे लेने में किसी ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी।

यहां दिलचस्प है कि अथापथु ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) सीज़न में नौ विकेट लेने के अलावा, 14 पारियों में 552 रन बनाये थे। आयरलैंड में जन्मी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर किम गर्थ भी 50 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ अनसोल्ड रहीं। उन्होंने आयरलैंड के लिए 41 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें से सात ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले। गार्थ ने भी कुल 55 टी20 मैच खेले हैं। देविका वैद्य को भी आज की नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी द्वारा नहीं चुना गया। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपये था।वैद्य ने इस साल की सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खेलते हुये छह मैचों में 11 विकेट और इंटर-जोनल टी20 ट्रॉफी में नौ विकेट लिए हैं। यूएसए के तेज गेंदबाज तारा नॉरिस नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिलीज़ की गयी एकमात्र विदेशी क्रिकेटर थी। उनका बेस प्राइस 10 लाख रुपये था लेकिन उन्हे भी कोई खरीददार नहीं मिला। पिछला साल नॉरिस का पदार्पण सत्र था, उन्होंने पांच मैचों में सात विकेट झटके थे, जिसमें पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल था।

## वृंदा विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन से करोड़पति बनी

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। कर्नाटक से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने वाली 20 साल की वृंदा दिनेश विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन से करोड़पति बन गईं। उन्हें यूपी वॉरियर्ज ने 1.30 करोड़ रुपए में खरीदा। वह इतिहास में एक करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने वाली पहली अनकैप्ड प्लेयर भी बनीं। काशवी गौतम उनके बाद करोड़पति बनीं। वृंदा ने शनिवार को क्रिकइंफो से बातचीत में अपने ऑक्शन का एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने बताया, शनिवार दोपहर (जब ऑक्शन चल रहा था) कर्नाटक की अंडर-23 टीम का रायपुर में नेट सेशन चल रहा था। तभी मेरे सोल्ड होने की खबर मिली तो यहां का माहौल जश्न में बदल गया।

वृंदा ने बताया कि 2017 में हरमनप्रीत कौर की वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरी (171 रन) ने उन्हें क्रिकेट कंटीन्यू करने के लिए इंस्पायर किया। हरमन मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं, इसलिए वृंदा अब उनके सामने यूपी वॉरियर्ज से खेलते नजर आएंगी।



वृंदा जब बिकीं तब वह नेट्स में बॉलिंग कर रही थीं, तब साथी प्लेयर शिशिरा गौडा टीम एनालिस्ट माला रंगास्वामी के कान में कुछ बोलते नजर आईं। वृंदा को लगा कि कुछ बड़ा हुआ है। इसके बाद पूरी कर्नाटक टीम उन्हें बधाई देने के लिए पहुंच गईं।

वृंदा ने बताया, हम ट्रेनिंग कर रहे थे, मैं बॉलिंग कर रही थी। मैंने मेरी टीम-मेट को दूसरी साथी से बात करते सुना, उन्होंने 1.30 में ले लिया है मैं बीच में आई और पूछा क्या, क्या! 1.3 लाख? तो उन्होंने जवाब दिया नहीं। मैं भी जानती थी कि 1.3 लाख तो नामुमकिन है। फिर मैंने पूछा क्या? 1.3 करोड़ तब उसने कहा, हां। तब अचानक से सभी बल्लेबाज, विकेटकीपर मेरे पास आए और मुझे गले लगा लिया। हर कोई सच में बहुत खुश था।

वृंदा के माता-पिता बेंगलुरु स्थित घर में टीवी देख रहे थे। वृंदा की छोटी बहन भरतनाट्यम की डांसर हैं, उन्होंने अपने पिता से कहा था कि उन्हें जल्दी लेने आ जाएं ताकि वह परिवार के साथ ऑक्शन देख सकें।

वृंदा ने कहा, मेरी चाची, चचेरे भाई-बहन, दादा-दादी सभी एक साथ टीवी देख रहे थे। मैंने सोचा था कि मैं होटल जाकर अपना फोन देखूंगी लेकिन यह लगातार बजे जा रहा था। मैंने अपने माता-पिता को कॉल किया तो वे बहुत खुश थे, उनकी आंखों में खुशी के आंसू भी थे। इस बात से मैं बहुत खुश हुई कि वे खुश हैं। मेरी टीम ने मुझसे बड़ी पार्टी मांगी है, मैंने भी उन्हें पार्टी देने का वादा किया है।

## सात गेंदबाजों का विकल्प है भारतीय टीम के पास : यादव

डरबन, 10 दिसंबर। भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार से शुरु हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में उनकी टीम बेहतरीन प्रदर्शन के लिये तैयार हैं। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होने कहा कि युवा टीम जोश से लबरेज हैं और मौका मिलने पर टीम का हर सदस्य बेहतरीन प्रदर्शन को लालयित दिख रहा है। उन्होने कहा कि टीम के पास सात गेंदबाजों के विकल्प है हालांकि मौका मिलने पर उनका इस्तेमाल किया जायेगा। धाकड़ रिंकू सिंह और जितेश शर्मा से कहा गया है कि वह टीम की जरुरत को ध्यान में रखकर अपना प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। उन्हे भी कप्तान के तौर पर विदेश में खेली जा रही श्रृखंला के शुरु होने का बेसब्री से इंतजार है और वह रोमांचित हैं। अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारियों के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि कहने को तो भारतीय टीम के पास अभ्यास के लिये गिनती के ही अंतरराष्ट्रीय मुकाबले है।

## हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर अकादमी का खिताब पंजाब के नाम

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के अंतिम दिन रविवार को जोन ए में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने जूनियर और सब जूनियर दोनों श्रेणियों में जीत हासिल की। सब जूनियर वर्ग के फाइनल में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 6-1 से हराया वहीं सब जूनियर वर्ग के तीसरे/चौथे स्थान के मैच में एचएआर हॉकी अकादमी ने राजा करन हॉकी अकादमी को 5-2 से हराया। जूनियर वर्ग के फाइनल में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने नामधारी इलेवन को 3-1 से हराया। कप्तान नवराज सिंह (14) ने पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर नामधारी इलेवन को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला गया, इस बार राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के जपनीत सिंह (25, 34, 50) ने बराबरी कर ली। इसके बाद उन्होंने राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को तीसरे क्वार्टर में एक फील्ड गोल के साथ बढ़त लेने में मदद की और चौथे क्वार्टर में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया उनकी हैट्रिक ने राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को पूरे टूर्नामेंट में विरोधियों पर हावी होने के बाद स्वर्ण पदक जीतने में सक्षम बनाया।

# वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज हारा इंग्लैंड

### होम टीम ने 4 विकेट से जीता तीसरा मैच




नई दिल्ली, 10 दिसंबर। वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड को अब वेस्टइंडीज ने 2-1 से वनडे सीरीज हरा दी है। वेस्टइंडीज ने तीसरा वनडे मेथड के तहत 4 विकेट से जीता। शनिवार को ब्रिजटाउन में इंग्लैंड ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 206 रन बनाए। बारिश के कारण ओवर कम किए गए और वेस्टइंडीज को 34 ओवर में 188 रन का टारगेट मिला।

वेस्टइंडीज ने 31.4 ओवर में 6 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। 3 विकेट लेने के साथ 13 रन बनाने वाले मैथ्यू फोर्ड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं 3 वनडे में 192 रन बनाने वाले कैरेबियाई कप्तान शाई होप प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। वेस्टइंडीज ने 15 साल बाद इंग्लैंड को वनडे सीरीज हराई, इससे पहले 2007 में टीम ने 3 ही मैचों की सीरीज 2-1 से जीती थी। टीम ने अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड को 25 साल बाद वनडे सीरीज हराई। इससे पहले 1998 में टीम ने 5 वनडे की सीरीज 4-1 से जीती थी।

वेस्टइंडीज को की फुल मेंबर टीम के खिलाफ भी 33 महीने बाद जीत मिली है। इससे पहले टीम ने श्रीलंका को मार्च 2021 में 3-0 से हराया था। इस बीच टीम को फुल मेंबर देशों के खिलाफ 9 सीरीज में हार मिली। फुल मेंबर देश यानी जिन्हें टेस्ट खेलने का स्टेटस है। ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 49 रन पर ही 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान जोस बटलर और जैक क्रॉले खाता भी नहीं खोल सके। वहीं फिल सॉल्ट 4 और हैरी ब्रूक एक ही रन बना सके। डेब्यू करने वाले 21 साल के मैथ्यू फोर्ड ने 10 ही ओवर में 3 विकेट झटक लिए।

## आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी-20 टीम में वापसी

बारबाडोस, 10 दिसंबर। इंग्लैंड के खिलाफ पांच घरेलू टी-20 मैचों की सीरीज से पहले वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी हुयी है। रसेल आखिरी बार 2021 में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम के साथ दिखे थे। टी20 के धाकड़ बल्लेबाज ने अपने करियर में 167 के स्ट्राइक रेट से करीब 8000 रन बनाए हैं। नई टीम में उनके साथ मैथ्यू फोर्ड भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में प्रभावित किया था और हाल के घरेलू टी20 सीज़न में सफलता के शीर्ष पर रहे थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चोट से उबरने के बाद शेरफेन रदरफोर्ड और स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसके कारण उन्हें भारत सीरीज से बाहर होना पड़ा। शाई होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी-20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जिससे उनकी वेस्टइंडीज वनडे टीम के कप्तान की भूमिका भी जुड़ जाएगी। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि यह श्रृंखला टी20 विश्व कप से पहले देखने का सही मौका है, जिसकी वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह-मेजबानी करेंगे। हेन्स ने कहा, हमने एक ऐसी टीम चुनी है जो हमें लगता है कि हमें उस टूर्नामेंट में सफलता का सबसे अच्छा मौका देगी। हम प्रतियोगिता से पहले आकलन करना जारी रखेंगे। वेस्टइंडीज टीम: रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप (उप-कप्तान), रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे, शिम्रोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल , शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# एसबीएन कॉलेज की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

श्रीमाधोपुर, 10 दिसंबर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबला सरदार पटेल पीजी कॉलेज लोसल के साथ खेला गया। टीम मैनेजर प्रवीण शर्मा और धर्मेंद्र जीतरवाल ने बताया कि कनोडिया कॉलेज के खेल मैदान पर सरदार पटेल कॉलेज पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवर में मात्र 77 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए अंकित गुर्जर ने तीन, वसीम खान और शुभम दोनों ने दो-दो विकेट चटकाए और निर्धारित 15 ओवरों में लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से 11 वे ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें शुभम 47 रन बनाकर नॉट आउट रहे तथा 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज कर



एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां टीम का मुकाबला मेजबान कनोडिया पीजी कॉलेज मुकुंदगढ़ के साथ आज सोमवार को होगा। अंकित गुर्जर को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टीम के जीतने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसके जाट, निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल व सचिव इंजी प्रदीप धायल ने खिलाड़ियों व् कोच, मैनेजर को बधाई दी एवम महाविद्यालय के खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने टीम को फोन पर जीत की बधाई दी तथा व जीत का सिलसिला लगातार इसी तरह जारी रखने की शुभकामनाएं दीं,जो इस समय शेखावाटी विश्वविद्यालय की कुश्ती टीम के साथ ऑल इंडिया कुश्ती चैंपियनशिप में चंड़ीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में मौजूद हैं।

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के दोनों हत्यारे नेपाल भागने की फिराक में थे

## जयपुर पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई कर दोनों शूटर्स, नितिन फौजी व रोहित राठौड़ को चंडीगढ़ में सैक्टर 22 ए स्थित होटल कमल पैलेस से दबोच लिया

जयपुर, 10 दिसम्बर। राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर्स को जयपुर पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। नितिन फौजी को पुलिस सुबह 9 बजे जयपुर लेकर पहुंची। दूसरे शूटर रोहित राठौड़ को दोपहर ढाई बजे जयपुर लेकर आई। दोनों को कड़ी सुरक्षा में सोडाला थाने में रखा गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के साथ उनकी मदद कर रहे एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिछले दिनों में इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को कमिश्नरेट में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ व नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ में सेक्टर 22 स्थित होटल कमल पैलेस से गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों आरोपियों को जयपुर लाया गया है जहां इनसे पूछताछ की जा रही है।

जोसेफ ने बताया कि गत पांच दिसंबर को गोगामेड़ी की हत्या के बाद ये दोनों शूटर जयपुर शहर से फरार होने में सफल हो गए थे। इसके बाद आरोपियों की पहचान कर दस्तयाब करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। पुलिस को कुछ तकनीकी इनपुट मिले और उसकी मदद से उनका सुराग ढूंढ़ते हुए पीछा किया। सात दिसंबर तक पुलिस टीम दोनों आरोपियों से छह या आठ घंटे पीछे थी। इस बीच एसआईटी के पास अहम सूचना मिली कि आरोपियों को डीडवाना में देखा गया है। इससे पहले इन आरोपियों को जयपुर शहर में अन्य लोगों द्वारा क्या सुविधाएं दी गई, ये कहां गए, रुके और खाना खाया तथा किस वाहन का उपयोग किया, इन की जांच की।

उन्होंने बताया कि दोनों शूटर्स डीडवाना से एक टैक्सी लेकर सुजानगढ़ पहुंचे, वहां से दिल्ली जाने वाली वाल्वो बस में सवार हो गए। बाद में धारुहेड़ा उतरकर ऑटो से रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचे और शाम करीब 4.40 बजे ट्रेन से रवाना होकर हिसार पहुंच गए। यहां उदम सिंह निवासी हिसार के साथ टैक्सी लेकर मनाली चले गए। वहां दो दिन होटल में रुके और शनिवार शाम करीब पांच-छह बजे चंडीगढ़ आ गए। यहां सैक्टर 22-ए में होटल कमल पैलेस में रूके। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ और एडीजी क्राइम ने

- पुलिस ने उनकी मदद करने वाले हिसार निवासी उदम सिंह को भी गिरफ्तार किया है।
- नितिन फौजी को पुलिस सुबह 9 बजे और रोहित राठौड़ को दोपहर ढाई बजे जयपुर लेकर आई।
- जयपुर पुलिस ने आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में सोडाला थाने में रखा है।

अपनी टीम के 7 अफसरों और पुलिसकर्मियों को इस ऑपरेशन में भेजा था। पुलिस को डर था की दोनों बदमाशों के पास हथियार हो सकते हैं। अगर पुलिस ने दोपहर या शाम को रेड की और दोनों बदमाशों ने फायरिंग शुरू की तो कई लोगों की जान भी जा सकती हैं। पुलिस ने आधी रात का इंतजार किया, जिससे किसी को नुकसान न हो और शूटर जब तक कुछ करने का प्लान बनाए उससे पहले पुलिस उन्हें पकड़ ले। इस दौरान रात करीब आठ बजे जयपुर और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीमों ने तीनों को दबोच लिया।

जोसेफ ने बताया कि पुलिस का मकसद अब इस हत्याकांड के पीछे जिस किसी का हाथ है उन तक पहुंचना है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की सभी कड़ियों को जोड़ने का काम कर रही है। मामले को एनआईए को सौंपने से पहले यह सारा काम कर लिया जायेगा। अब तक पुलिस के गैंगस्टर रोहित गोदारा तक नहीं पहुंच पाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सही है कि पुलिस अब तक रोहित गोदारा तक नहीं पहुंच पाई लेकिन अब पहुंचने वाली है।

उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड मामले में पांच से अधिक आरोपी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर घटनाक्रम में उपयोग लिए गए हथियार बरामद किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस मामले में जयपुर शहर में आरोपियों की मदद करने के आरोप में हरियाणा के महेन्द्रगढ़ निवासी रामवीर जाट को शनिवार को गिरफ्तार किया जा चुका है। रविवार को उसे जयपुर में अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए आठ दिन की रिमांड पर लिया गया है।



*जयपुर पुलिस ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के साथ कार्रवाई करते हुए गोगामेड़ी हत्याकाण्ड के दोनों शूटर्स सहित तीन जनों को चंडीगण्ढ से गिरफ्तार किया है।*

उन्होंने मामले में गठित एसआईटी टीम में शामिल अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन लोगों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जी जान लगा दी। पिछले पांच दिनों में पांच-छह घंटे से ज्यादा नहीं सो पाये। उन्होंने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए जयपुर शहर, धारुहेड़ा, हिसार और चंडीगढ़ आदि में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली पुलिस की टीमों द्वारा पांच से सात सौ सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया।

एसआईटी के प्रभारी एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एम एन ने बताया कि शूटर नितिन फौजी हरियाणा में भी वांछित था। वहां भी इसकी तलाश की जा रही थी। जब ये दोनों शूटर डीडवाना से सुजानगढ़ पहुंचे और वहां नोखा से दिल्ली जा रही बस से धारुहेड़ा उतर गए तब उनका लोकेशन दिल्ली का आने का मिला। इस पर दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया और तब सीसीटीवी कैमरों से पता चला कि आरोपी हिसार गए है। इसके बाद दोनों हिमाचल से मंडी गए फिर चंडीगढ़ पहुंचे।

जोसेफ ने बताया कि शूटर नितिन फौजी (23) दोगड़ा जाट गांव थाना कनीना, महेन्द्रगढ्ढ. हरियाणा हाल लेसनायक 19 जाट रेजिमेन्ट अलवर का और रोहित सिंह राठौड़ निवासी जुसरी, थाना मकराना, नागौर हाल सुन्दर नगर झोटवाड़ा जयपुर का रहने वाला है। वहीं इनका साथी उदम सिंह निवासी वार्ड नम्बर सात रोदकला हिसार, हरियाणा तथा रामवीर जाट महेन्द्रगढ़ हरियाणा का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि भवानी सिंह उर्फ रोनी निवासी पहाड़वास जिला महेन्द्रगढ़, राहुल कोथल निवासी कोथल खुर्द जिला महेन्द्रगढ़ एवं नितिन फौजी निवासी गांव दोगड़ाजाट जिला महेन्द्रगढ़ आपस में दोस्त है। गत सात नवंबर को नितिन फौजी दो दिन की छुट्टी पर गाँव आया था। ये तीनों एक विवाद को सुलझाने के लिए खुडाणा गांव गए थे, लेकिन वहां झगड़ा हो जाने के कारण पुलिस आ गई। इस पर भवानी सिंह ने अपने साथियों के साथ वहाँ से भागते समय पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। इस संबंध में थाना सदर महेन्द्रगढ़ पर मुकदमा दर्ज हो गया था। इस मुकदमें मे गिरफ्तारी से बचने के लिए नितिन फौजी, राहुल कौथल दस नवंबर को हिसार चले गए और पांच-छह दिन बाद में भवानी सिंह भी इनके पास हिसार आ गया। इनके रूकने की व्यवस्था उदम नाई ने की।

उन्होंने बताया कि भवानी सिंह पहले से ही रोहित गोदारा और विरेन्द्र चारण के सम्पर्क में था। भवानी सिंह उर्फ रोनी ने रोहित गोदारा और विरेन्द्र चारण से नितिन फौजी की मोबाईल पर बात करवाई। इस दौरान उसे जयपुर में एक व्यक्ति को मारने के लिए तैयार किया गया। भवानी सिंह ने 28 नवंबर को नितिन फौजी को टैक्सी से जयपुर भिजवाया। नितिन फौजी को रूकने के स्थान, हथियार एवं वाहन उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को दो दिन पूर्व ही चिह्नित कर लिया गया।

जोसेफ ने बताया कि पांच दिसंबर को नितिन फौजी अजमेर रोड़ पर रोहित राठौड़ से मिला। इन दोनों को नवीन शेखावत स्कॉर्पियों में बैठाकर यहां से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के मकान पर ले गया। बैठक में बातचीत के दौरान दोनों शूटर्स ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गोगामेड़ी और नवीन शेखावत की हत्या कर दी। वहीं तीसरे व्यक्ति अजीत सिंह को भी घायल कर दिया। फरार होते समय एक स्कूटी सवार को भी गोली मारकर घायल कर दिया।

उन्होंने बताया कि नितिन फौजी के पास एक जिगाना पिस्टल और एक मैग्जीन थी, इसमें 20 राउण्ड थे। इसके अलावा दूसरी पिस्टल 30 व 15 राउण्ड से भरी मैग्जीन थी। शूटर रोहित राठौड़ के पास एक पिस्टल एवं उसकी एक मैग्जीन जिसमें 13 राउण्ड थे। पुलिस कमिश्नर जोसफ ने बताया कि नवीन शेखावत भी हत्याकांड में मिला हुआ था। उसे पता था कि रोहित राठौड़ और नितिन फौजी गोगामेड़ी की हत्या के लिए आए हैं। नितिन आर्मी से छुट्टी मिलने पर अपने गांव आया था।

# लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिर सकती है- कुमार स्वामी

## कुमार स्वामी ने दावा किया, एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता 6 माह में 50-60 विधायकों के साथ भाजपा में आयेगा

हासन, 10 दिसंबर। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (सैक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को संकेत दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिर सकती है तथा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पहले ही इस संबंध में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कर चुके हैं। .

कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि, एक शीर्ष कांग्रेसी नेता ने केंद्र के नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने छह महीने की राहत मांगी है जिससे वह 50 से 60 विधायकों को अपने साथ ला सकें। कुमार स्वामी ने हालांकि नेता के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा

- जद के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो महाराष्ट्र में हुआ वह कर्नाटक में भी हो सकता हैं।

कि कुछ भी हो सकता है, जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में जो हुआ वह कर्नाटक में भी हो सकता है। कोई भी पार्टी के प्रति ईमानदार या प्रतिबद्ध नहीं है। सब अपना व्यक्तिगत लाभ देखते हैं। राजनीति में हमेशा ऐसा होता रहा है।

कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच टकराव की ओर इशारा करते हुए कहा कि, वैसे तो कांग्रेस 135 सीटें होने का दावा कर सकती है, लेकिन लोग कर्नाटक कांग्रेस की स्थिति को जानते हैं।

सिद्दारमैया पर हमला जारी रखते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि, मुख्यमंत्री जाति सर्वेक्षण की आड़ में जाति के आधार पर समाज में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपये करने के सिद्दारमैया के इरादे पर जेडीएस नेता ने कहा कि, वे अल्पसंख्यकों को धन दिए जाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने पूछा कि क्या यह हिंदुओं को भी नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से अधिकांश दलित और गरीब हैं।

# 'एक्स.एल.आर.आई. ने ऐसे बिज़नैस लीडर तैयार किये जो दयालु इंसान भी हैं'

## देश के पहले बिज़नैस स्कूल के प्लैटिनम जुबली समारोह में उपराष्ट्रपति ने भाग लिया

रांची, 10 दिसंबर। झारखंड के एक्स. एल. आर. आई. जमशेदपुर के टाटा ऑडिटोरियम में प्लैटिनम जुबली समारोह का आज आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मौजूद थे। उन्होंने टाटा स्टील के ग्लोबल सी.ई.ओ. सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्स. एल. आर. आई. के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, किसी भी संस्थान के लिए सफलता पूर्वक 75 साल पूरे करना बड़ी बात होती है। लेकिन किसी संस्थान के 75 साल होने के बाद भी जब उसके प्रति लोगों में सम्मान का

- उन्होंने कहा, एक्स. एल. आर.आई. से निकले बिज़नैस लीडर्स ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और समाज के नैतिक मूल्यों का पोषण किया।

भाव रहे तो यह वाकई में गौरवान्वित करने वाली बात होती है। उन्होंने एक्स. एल. आर. आई. को उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के 75 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, एक्स. एल. आर. आई. अकादमिक उत्कृष्टता, नैतिक नेतृत्व, व्यापक भलाई के प्रति प्रतिबद्धता की गहरी भावना पैदा करने के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह संस्थान प्रबंधन शिक्षा में हमारे देश के पहले बिजनेस स्कूल के रूप में गौरवपूर्ण स्थान रखता है। पिछले 75 वर्षों में इसने ऐसे बिजज़ेस लीडर तैयार किए जो न केवल सफल लीडर हैं बल्कि दयालु इंसान भी हैं, जो नि:स्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने के लिए तैयार हैं।

एक्स. एल. आर. आई. ने ऐसे बिजनेस लीडर्स को तैयार करके भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो न केवल आर्थिक प्रगति करने में सक्षम हैं, बल्कि हमारे समाज के नैतिक मूल्यों और इसकी जरूरतों का पोषण करने में भी सक्षम हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, लेकिन इस दशक के अंत तक, यानी 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनेगा। उन्होंने कहा कि, विश्व बैंक ने भी यह माना है कि, डिजिटल समावेशन के लिए भारत ने 6 वर्षों में जो हासिल किया है, उसे करने में दुनिया को आमतौर पर 47 साल लग जाते हैं।यह संभव हो पाया है जवाबदेह व पारदर्शी गवर्नैन्स मॉडल के कारण।

# दहमी बालाजी व नरसिंहपुर फ्लाई ओवर पर यातायात जनवरी में शुरु होगा

## सांसद बोहरा को समीक्षा बैठक में एन.एच.ए.आई. अधिकारियों ने आश्वस्त किया

जयपुर, 10 दिसम्बर। रविवार को जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने सांसद कार्यलय पर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सांसद बोहरा ने जयपुर में चल रहे एनएचएआई के विभिन्न प्रोजेक्ट की विस्तृत समीक्षा की।

ज्ञातव्य है कि, जयपुर किशनगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉट के सुधार हेतु भांकरोटा, कमला नेहरू नगर, नरसिंहपुर एवं दहमी बालाजी पर चार फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। सांसद बोहरा ने अधिकारियों को इन फ्लाईओवर के निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। अधिकारियों ने बताया कि दहमी बालाजी एवं नरसिंहपुरा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जनवरी 2024 तक पूर्ण

- भांकरोटा फ्लाई ओवर 6 माह में पूरा होगा, कमला नेहरु नगर फ्लाई ओवर का निर्माण 20 दिसम्बर को शुरु होगा।
- जयपुर-सीकर राजमार्ग पर ट्रैफिक जाम से निज़ात दिलाने के लिये जंक्शन सुधारा जायेगा।

कर यातायात प्रारंभ कर दिया जाएगा। भांकरोटा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य भी 6 महीने में पूर्ण हो जाएगा। कमला नेहरू नगर फ्लाईओवर का कार्य 20 दिसंबर के बाद शुरू हो जाएगा।

सांसद बोहरा ने अधिकारियों को भांकरोटा पर सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे आमजन को सुविधा मिल सके। साथ ही सांसद ने सर्विस रोड पर बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने के निर्देश भी दिए और अधिकारियों से खुली नालियों को बंद करने एवं ड्रेनेज की उचित व्यवस्था करने के लिए कहा।

बैठक में बताया गया कि, जयपुर सीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 14 नंबर पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जंक्शन सुधार किया जायेगा। साथ ही निंदड़ मोड तक सीमेंट कंक्रीट की पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। बड़ के बालाजी, निंदड़ मोड एवं हरमाड़ा पर भी जंक्शन इंप्रूवमेंट का कार्य किया जाएगा जिससे आमजन को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके।

सांसद बोहरा ने बागराना बांदीकुई लिंक के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की, साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि, राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्रेनेज की उचित व्यवस्था की जाए।

## अलवर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संभल जाओ, पीएफआई। सदर थाना अधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि, परिवादी सोहनलाल जाटव की ओर से एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें पीएफआई की ओर से धमकी भरा पत्र मिलने की बात कही है। पत्र में 31 दिसंबर तक दुकान को खाली करने की बात कही गई है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## "लीडरशिप", ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस कमाई में सहयोग किया, तो उसने भी अपनी हिस्सेदारी रखी।

इन निर्णयों की प्रशासनिक जांच शायद कभी किसी स्तर पर होगी। पर, हाईकमान के समक्ष राजनीतिक समीक्षा होनी थी। जिसमें, अशोक भाई के शासन के राजनीतिक निर्णयों को भी लाभ-हानि की दृष्टि से तोला जाना था। पर, इस विश्लेषण-मंथन को टाल कर, पार्टी ने एक सुअवसर गंवा दिया और आशा की जा रही है कि, जैसे-जैसे समय बीतेगा, यह भ्रष्टाचार, यह राजनीतिक चतुराई के निर्णय की बात, रोज़मर्रा के जीवन में जनता भूल जायेगी। उदाहरण के लिये, राजनीतिक चतुराई से प्रेरित होकर, अशोक भाई ने चुनाव का ठेका, डिज़ाइन बॉक्स को दे दिया। करोड़ों-अरबों रूपये का भुगतान दिया गया डिज़ाइन बॉक्स को। क्या यह जानना आवश्यक नहीं था कि, चुनाव का प्रबंध ठेके पर देने की प्रथा से क्या फायदा/नुकसान हुआ। नहीं तो, यह प्रक्रिया बार-बार दोहरायी जायेगी। प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश के लोकसभा व अन्य चुनावों में।

# मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार को

भोपाल, 10 दिसंबर। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को यहां होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा। भाजपा की प्रदेश इकाई के अनुसार दिन में चार बजे प्रारंभ होने वाली बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव सुआशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक में मौजूदा मुख्यमंत्री एवं बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन के जिम्मेदार नेता भी मौजूद होंगे।

चर्चाओं में नए मुख्यमंत्री के रूप में

- केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में 163 विधायक नेता चुनेंगे।
- नेता पद के लिये नरेन्द्र सिंह तोमर तथा प्रहलाद पटेल का नाम चर्चा में।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना जिले के दिमनी से नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी लिया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं "इंदौर वन" विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कैलाश विजयर्गीय को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने की संभावना है। नरसिंहपुर विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की दावेदारी भी सामने आयी है।

## टैंकर से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ओर जा रही कार का टायर फट गया जिससे कार डिवाइडर फांदकर दूसरी ओर से आ रहे डंपर में जा घुसी। धमाके के साथ दोनों वाहनों में आग लगने से कार सवार सभी आठ लोग जिंदा जलकर मर गए। फायर टीम ने बमुश्किल आग बुझाकर वाहनों को सड़क से हटाया।

बताते हैं कि, बहेड़ी के नरायण नगला निवासी फुरकान ने बरात में बरेली जाने आने के लिए कार बुक कराई गई थी। बरात से ये लोग देर रात वापस बहेड़ी लौट रहे थे, उस दौरान भोजीपुरा थाने से आगे बहेड़ी दिशा मे दभौरा गांव के पास अचानक कार का टायर फट गया। जिससे कार असंतुलित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी दिशा में चली गई और सामने से आ रहे डंपर में जाकर टकरा गई। कार को डंपर करीब 25 मीटर घसीटता हुआ ले गया। इससे डंपर के अगले हिस्से में भी आग लग गई। डंपर ड्राइवर और हेल्पर कूदकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। मुश्किल से आग पर काबू किया गया। सभी कार सवारों के जल जाने की स्थिति में लोगों की संख्या और पहचान नहीं हो पा रही थी। बाद में पता चला कि भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। रविवार भोर तक उनकी पहचान होती रही। हादसे में इरफान पुत्र भूरे निवासी मितापुर,आरिफ (24) पुत्र मन्नी,शादाब (10) पुत्र अब्दुल माजिद,आसिफ (22) पुत्र शमीम आलिम (22) पुत्र जाहिद अली, अय्यूब (36) पुत्र यूनिस, मुन्ने (60) पुत्र इस्माइल और आसिफ (28) पुत्र यूसुफ की मौत हो गयी।

## जहरीली गैस से पांच श्रमिकों की मौत

तेहरान, 10 दिसंबर। पश्चिमी ईरान में कच्चे तेल के भंडार में फंसे पांच श्रमिकों की जहरीली गैस के रिसाव से मौत हो गई है। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रविवार को दी।

ईरानी तेल पाइपलाइन और दूरसंचार कंपनी के जनसंपर्क निदेशक, एज़ातुल्ला मीर-होसैनी ने आईआरएनए से कहा कि, श्रमिक ईरानी प्रांत लोरेस्तान के कुहदाश्त काउंटी के एक तेल हस्तांतरण केंद्र में 20 मीटर कच्चे भंडार में फंस गए थे।

कुहदाश्त काउंटी मोहम्मद मोरादी ने कहा कि, तेल भंडार में पांच शव देखे गए हैं लेकिन जहरीली गैस के कारण बचावकर्मी उन्हें निकालने के लिए तत्काल अंदर नहीं जा सके।

# आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे

## रविवार को विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुने गये विष्णुदेव आर.एस.एस. आर रमन सिंह की पसंद बताये जाते हैं

रायपुर, 10 दिसम्बर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक दल की रविवार को यहां हुई बैठक में नेता चुन लिए गए। साय राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

साय को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की, पार्टी पर्यवेक्षकों केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सर्वानंद सोनोवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं सह प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया।

राज्य में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 54 सीटों पर जीत हासिल कर पांच वर्ष बाद सत्ता में वापसी की है। नवम्बर 2000 में मध्यप्रदेश को विभाजित कर आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ में साय भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। साय जशपुर जिले की कुनकुरी सीट से विधायक हैं। वे 2014 में मोदी सरकार में राज्यमंत्री भी रहे हैं। राज्य गठन के बाद पहली बार 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में

- विष्णुदेव पूर्व में तीन बार सांसद, एक बाद विधायक और दो बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

आई थी।इसके बाद लगातार 2008 एवं 2013 में भी भाजपा ने चुनाव जीता और डा.रमन सिंह लगातार तीनों बार मुख्यमंत्री रहे।

तीन बार सांसद रहे साय 1990 से अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए तपकरा सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे।साय का जन्म 21 फरवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था।उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। उन्हें स्वयं सेवक संघ के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की भी पसन्द बताया जाता है।

पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था। वर्तमान में साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के पद की जल्द शपथ लेने वाले आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने कहा हैं कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटी को शत प्रतिशत पूरा करने का प्रयास करेंगे।

साय ने भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पहली बार पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,राज्य के प्रभारी ओम माथुर,सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं नितिन नबीन के प्रति एक छोटे से कार्यकर्ता पर विश्वास जताने के लिए आभार जताया।

उन्होंने कहा कि, सरकार गठन के बाद उनका पहला काम गरीबों को 18 लाख आवास की मंजूरी देना होगा।

## कश्मीर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि गुलमर्ग में रविवार को लगातार दूसरे दिन तापमान शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम है। कुपवाड़ा में पिछली रात शून्य से कम 3.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो यह सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908